CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 06°C

नई दिल्ली, गुरुवार 5 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 305 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई ने मचाया हड़कंप
पेज 2


इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच जरूर होना चाहिए: ब्रेट ली
खेल टाइम्स


क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु
सम्पादकीय


अमेरिका ने अरब सागर में ईरानी ड्रोन को मार गिराया
पेज 12

# सुप्रीम कोर्ट एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में अकारण देरी को लेकर ईडी को कड़ी फटकार लगाई है।

इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल एक ही एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भी आलोचना की है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि वर्ष 2025 में एसबीआईकी शिकायत पर दर्ज एकमात्र एफआईआर के दायरे को अन्य बैंकों की बाद की शिकायतों तक बढ़ाना प्रक्रियात्मक कानून के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग बैंकों की शिकायतें अलग लेन-देन से जुड़ी हैं और इसलिए प्रत्येक के लिए अलग



■ ईडी और सीबीआई को सुप्रीम फटकार

एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। पीठ ने सीबीआई को इस पहलू की समीक्षा करने और कथित धोखाधड़ी में बैंक अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि ईडी और सीबीआई दोनों पहले ही समय ले चुके हैं, इसलिए हम अपेक्षा करते हैं कि दोनों एजेंसियां अब त्वरित कार्रवाई करें। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि ईडी वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर कानूनी दायरे में रहते हुए जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए।

# विपक्षी सांसदों का हंगामा, पीएम मोदी की स्पीच टली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 5 बजे सदन को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

हंगामे के कारण पीएम नरेंद्र मोदी का बुधवार शाम 5 बजे होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन भी टल गया। संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई है। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। सुबह सदन सिर्फ 5 मिनट चला और 12 बजे तक स्थगित हुआ। इसके बाद 12 बजे हंगामा होने पर दोपहर 2 बजे तक और 2 बजे दोबारा शुरू होकर 8 मिनट में ही रुक गया। शाम 5 बजे फिर शुरू होने के बाद भी हंगामे के चलते लोकसभा को बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने चेयर की तरफ बुधवार को भी पेपर उछाले। मंगलवार को इसी हरकत पर 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने 'एलओपी (राहुल गांधी) को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए।



■ लोकसभा आज तक स्थगित
■ शाम पांच बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने वाले थे प्रधानमंत्री

## पीएम मोदी डरे हुए हैं, इसीलिए संसद नहीं आए: राहुल

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण नहीं हो सका। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सच्चाई का सामना करने से डर रहे हैं, इसलिए सदन में नहीं आए। राहुल गांधी ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और बयान भी साझा किया। इस वीडियो में वो पहले ही ये बात कह चुके थे। राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम मोदी लोकसभा नहीं आएंगे। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते।

# ईसी बंगाल को निशाना बना रहा: ममता बनर्जी

**एसआईआर मुद्दा** कहा: नाम मिसमैच पर दिए नोटिस वापस लिए जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) मामले पर सुनवाई की। जहां राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वकीलों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग के निशाने पर है। जो काम 2 साल में होना था, उसे 3 महीने में करवाया जा रहा है।

सुनवाई के बाद सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिए। ममता की याचिका पर बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी से 9 फरवरी तक जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर मुख्यमंत्रियों के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं। ममता ने कहा कि चुनाव से पहले 2 महीने में ऐसा कुछ करने की कोशिश की जा रही है, जो 2 साल में होना था। खेतीबाड़ी के मौसम में लोगों को परेशान किया जा रहा है। 24 साल बाद इसे 3 महीने -**शेष पृष्ठ दो पर**



पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील | CJI की बेंच ने कहा: असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिएं | चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी तलब

## वांगचुक की जमानत पर विचार करे केंद्र: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है? जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट अच्छी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से इस मामले में निर्देश लेने को कहा। कोर्ट ने कहा कि दलीलों और कानून के बिंदुओं के अलावा, कोर्ट के अधिकारी के तौर पर इस पर थोड़ा सोचिए।

# राहुल गांधी के जवाब में भाजपा भी लाई किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में किताब के हवाले से बयान देने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़ा राजनीतिक टकराव बन गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा एक कथित अप्रकाशित सैन्य पुस्तक का जिक्र करने के बाद अब भाजपा ने भी पलटवार किया है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे कई प्रकाशित और प्रतिबंधित किताबों के कवर लेकर सदन पहुंचे और कांग्रेस पर इतिहास छिपाने का आरोप लगाया। इसी मुद्दे पर सदन में हंगामा बढ़ा और कार्यवाही रोकनी पड़ी। हालांकि इसके बाद उन्होंने सभी किताबों को लेकर मीडिया से बात की। निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत में कई किताबों के नाम गिनाए। इनमें नेहरू और गांधी परिवार से जुड़ी किताबें, इमरजेंसी पर लिखी किताबें और मित्रोखिन आर्काइव का जिक्र शामिल रहा। उन्होंने दावा किया कि इन पुस्तकों में कांग्रेस शासन, आपातकाल और कथित विदेशी प्रभाव से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। उनका कहना था कि

■ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बोले: नेहरू-गांधी का भी इतिहास सामने आना चाहिए

कई किताबों पर कांग्रेस सरकार के समय प्रतिबंध लगाया गया था और अब उन पर खुली चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मेरा स्पीकर साहब से यह भी अनुरोध है कि आप जो छपी हुई किताब है। उस पर ही चर्चा करा लीजिए। संसद में चर्चा हो जाएगी, तो गांधी नेहरू परिवार की जो मक्कारी है, वो सबके सामने आ जाएगी। 50 के दशक में चीन हमसे पीछे हुआ करता था, लेकिन वो कैसे आगे निकल गया। उसके पूरे इतिहास पर चर्चा होनी चाहिए। विवाद की शुरुआत तब हुई जब राहुल गांधी ने संसद में पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित किताब का हवाला दिया। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई कि बिना प्रकाशित और बिना आधिकारिक अनुमति वाली सामग्री का जिक्र नियमों के खिलाफ है।

## नीट-पीजी कटऑफ कम करने के फैसले पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2025-26 की कट-ऑफ घटाने के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनबीईएमएस से जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026 को होगी। योग्यता कट-ऑफ प्रतिशत घटाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी।

यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, न्यूरोसर्जन सौरव कुमार, यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट के अध्यक्ष डा. लक्ष्य मित्तल और वर्ल्ड मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डा. आकाश सोनी द्वारा दायर की गई। याचिका में कहा गया था कि विवादित नोटिस के माध्यम से कट-ऑफ को असामान्य रूप से बेहद कम, यहां तक कि शून्य और नकारात्मक स्तर तक घटा दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए योग्यता मानकों में कमी मनमानी है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है।

## एक लाख का इनामी शूटर बनारसी यादव मुठभेड़ में ढेर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी सुपारी किलर बनारसी यादव को मार गिराया। बनारसी पर सारनाथ थाना क्षेत्र में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या का मुख्य आरोप था। मुठभेड़ चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारियासनपुर रिंग रोड पर हुई। बनारसी यादव की सूचना मिलने पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने संबंधित थानों की मदद से घेराबंदी की। बनारसी यादव खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। बनारसी यादव पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 21 अगस्त 2025 को करोड़ों की जमीन के विवाद में बनारसी यादव ने गाजीपुर के शूटरों को सुपारी देकर कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या कराई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य शूटर अरविंद फौजी सहित चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था।



नई दिल्ली: संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित 'संस्मरण' की एक प्रति दिखाते हुए।

## उधमपुर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैश का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था।

# गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद स्थित टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भारत सिटी अपार्टमेंट में गत रात एक हृदय विदारक घटना सामने आई है।

भारत सिटी के बी वन टॉवर के फ्लैट नंबर 907 में रहने वाली तीन सगी बहनों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार तड़के करीब दो बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों बच्चियों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार सुबह बच्चियों के आत्महत्या की जानकारी देते हुए कहा कि मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की आदी थीं और वे कोरियाई ऑनलाइन गेम खेलती थीं। सुसाइड नोट में बच्चियों ने माता-पिता से खेद व्यक्त किया है। मृतक बहनों की पहचान निशिका (16 वर्ष), प्राची (14 वर्ष) और पाखी (12 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बहनों ने अपार्टमेंट के नौ मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

■ तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की थीं शिकार

# राहुल ने नरवणे की किताब दिखाई, कहा: पीएम को दूंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है। राहुल गांधी बुधवार को वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित समझो वह करो!।

राहुल ने कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है। देखिए यह रही किताब। राहुल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री आज लोकसभा में आने की हिम्मत करेंगे। अगर प्रधानमंत्री आते हैं, तो मैं खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपूंगा, ताकि वे इसे पढ़ सकें और देश को इसके बारे में पता चल सके। राहुल गांधी, पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक लेकर पहुंचे। लोकसभा में दो दिन से पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक पर हंगामा हो रहा है। इसके चलते कई बार सदन स्थगित हो चुका है। राहुल इस किताब के अंश लोकसभा में पढ़ना चाहते हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इधर, कांग्रेस के कुछ सांसदों ने बजट सत्र के छठे दिन संसद के मकर द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी ने रवनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि देखो एक गद्दार आ रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा -**शेष पृष्ठ दो पर**

## जनता का निरादर कर रहे हैं पीएम मोदी: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस सांसदों के प्रदर्शन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मनमर्जी से काम कर रही है। उनका कहना था कि जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है।

■ कांग्रेस सांसद ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह को गद्दार बताया, मंत्री ने पलटकर कहा: राहुल देश के दुश्मन

# युमनाम खेमचंद सिंह बने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को लोकभवन में खेमचंद को गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मैतेई समुदाय से आने वाले खेमचंद पूर्व सीएम बीरेन सिंह के करीबी माने जाते हैं। नगा समुदाय से आने वाले लोसी दिखो को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई गई है। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। उनके अलावा



कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन ने भी डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है। उन्होंने दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शपथ ली। वे राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी के प्रयास से मूकबधिर खुशी के जीवन में लौटी 'खुशी'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की मूकबधिर बच्ची खुशी को उसकी खोई हुई आवाज मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशील हस्तक्षेप और त्वरित निर्देशों के चलते खुशी का सफल इलाज संभव हो सका, जिससे उसके जीवन में एक नई शुरुआत हुई है। 26 नवम्बर को खुशी ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बेहतर इलाज के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद खुशी को उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप उसका इलाज सफल रहा। इलाज के बाद खुशी न सिर्फ सुनने और बोलने में सक्षम हुई, बल्कि उसके चेहरे पर भी खोई हुई मुस्कान लौट आई। मासूम खुशी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि थैंक्यू योगी जी।

### बराड़ के दो गुर्गे गिरफ्तार, वारदात में कार बरामद

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर 23 जनवरी को हुए सनसनी खेज गुरविदर सिंह हत्याकांड में एस-ए-एस- नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी. हरमनदीप सिंह हंस ने बुधवार को कहा कि इस हत्याकांड की साजिश विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर सतिदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिए हैं। 23 जनवरी को गुरविदर सिंह अपनी पत्नी अमरदीप कौर के साथ मोहाली कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे।

# यूपी के अनुदेशकों ने जीती लड़ाई, अब खत्म नहीं होगी नौकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सुप्रीम कोर्ट ने 17000 रुपये मानदेय देने का दिया आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकारी स्कूल में कार्यरत अनुदेशकों की नौकरी संविदा की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी नहीं जाएगी। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को अनुदेशकों का मानदेय 17000 रुपये करने का निर्देश दिया है।

उत्तर प्रदेश के सरकारी जूनियर स्कूलों में पढ़ा रहे अनुदेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविदा की जो निर्धारित अवधि है, वह खत्म होने के बाद भी अनुदेशकों की नौकरी नहीं जाएगी। 10 साल तक काम करने के चलते यह पद ऑटोमैटिक तरीके से सृजित हो चुका है। साथ ही कोर्ट ने यूपी सरकार ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये देने का मानदेय देने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि अनुदेशक साल 2013 से ही मानदेय बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे थे, लेकिन सरकार ऐसा करने को तैयार नहीं थी। फिर अनुदेशकों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार को मानदेय बढ़ाने का आदेश दिया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई।

कोर्ट ने अनुदेशकों को मिलने वाले 7000 रुपये के मानदेय पर भी सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक बिना किसी संशोधन के मानदेय तय रखना अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में आता है, जो अंशकालिक शिक्षक लगातार सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 2017-18 से अंशकालिक शिक्षकों का मानदेय 17,000 प्रतिमाह माना जाएगा। यह अगले संशोधन तक प्रभावी रहेगा। साथ ही इस नए मानदेय का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को 2017 से अब तक नए मानदेय के तहत बकाया श्रेणी में आने वाली राशि का भुगतान 6 महीने के अंदर करने को कहा है। बता दें कि यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय साल 2017 में बढ़ाने का निर्णय हुआ था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस फैसले को लागू नहीं किया गया। इसके बाद अनुदेशक सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने अनुदेशकों के पक्ष में फैसला दिया था, तो सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी।

### कैंसर के खिलाफ अभियान चलाए सरकार: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में पुरुषों में होने वाले लगभग 54 प्रतिशत कैंसर का कारण नशा है, तो हर नशे के खिलाफ सरकार को अभियान चलाना चाहिए। ऐसे अभियानों की अगुवाई उन भरोसेमंद लोगों से कराई जानी चाहिए, जो निजी जीवन में भी किसी भी तरह के नशे से दूर रहकर ईमानदारी से सफल हुए हों और जिनके परिवार खुशहाल हों। ऐसे वास्तविक उदाहरण समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे और युवा पीढ़ी नशे से दूर रहने का संकल्प लेगी। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में अखिलेश ने जोर देते हुए कहा कि कैंसर से लड़ने से बेहतर है उससे बचाव किया जाए।

# वैदेही आर्ट गैलरी सीता के जीवन से कराएगी परिचित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम में माता सीता के जीवन चरित्र पर आधारित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह गैलरी अयोध्या में वशिष्ठ भवन परिसर में विकसित की जाएगी।

बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की अनुपम प्रेरणा हैं। उनके दिव्य और तेजस्वी चरित्र से नई पीढ़ी को गहराई से परिचित कराना आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने 'वैदेही आर्ट गैलरी' की अवधारणा साझा करते हुए कहा कि यह केवल एक कला संग्रहालय नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव स्थल होना चाहिए। आधुनिक तकनीक के माध्यम से माता सीता के जीवन, त्याग, करुणा, गरिमा, धैर्य और शक्ति का आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुतीकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गैलरी की संकल्पना, कथा-वस्तु, डिजाइन, दृश्य भाषा, कला और तकनीक-सभी आयाम इस भाव को प्रतिबिंबित करें कि एक दिव्य विरासत को नई पीढ़ी के समक्ष प्रेरणास्रोत के रूप में पुनर्प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई पर मचा हड़कंप

**लखनऊ/बांदा, वार्ता**

■ अधीक्षक-जेलर समेत अज्ञात पर केस, एसआईटी जांच में जुटी

उत्तर प्रदेश के बांदा जिला जेल से कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की संदिग्ध रिहाई ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया है। मामले में जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर कोतवाली नगर थाने में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 260सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह धारा आरोपी की हिरासत में जानबूझकर की गई लापरवाही से संबंधित है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है।

मंगलवार को टीम ने बांदा मंडल जेल में करीब 5-6 घंटे तक दस्तावेज, रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की गहन पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, रवि काना कई गंभीर मामलों में वांछित है, जिनमें नोएडा के सेक्टर-63 थाने में दर्ज उगाही का केस भी शामिल है। वह वर्ष 2024 से अन्य मामलों में बांदा मंडल जेल में बंद था। उगाही प्रकरण में बी-वारंट के जरिए उसे कोर्ट में तलब किया गया था। जांच अधिकारी की रिमांड अर्जी पर 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से पेशी हुई, लेकिन उसी शाम उसकी रिहाई हो गई, यही बिंदु अब जांच का केंद्र बना हुआ है। घटना के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महानिदेशक कारागार और जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद डीजी (कारागार) पीसी मीणा ने जांच प्रयागराज रेंज के डीआईजी राजेश श्रीवास्तव को सौंपी है। इसी क्रम में बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया।

## अमेरिकी ट्रेड डील पर संसद में पीयूष गोयल का बयान

# देश व किसानों के हितों की रक्षा का रखा ध्यान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से बाहर रखा गया, भारतीय पक्ष अहम् क्षेत्रों की रक्षा करने में सफल रहा

भारत और अमेरिका के बीच हुए ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भारी शोर-शराबे के बीच लोकसभा में कहा कि दोनों देशों के बीच डील को लेकर बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे। भारतीय पक्ष डील करने के दौरान अपने अहम क्षेत्रों खासकर कृषि और किसानों के हितों की रक्षा करने में सफल रहा।

सांसदों के हंगामे के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की अमेरिका यात्रा के बाद से भारत और अमेरिका के बीच संतुलित, पारस्परिक रूप से, लाभकारी और द्विपक्षीय ट्रेड डील करने को लेकर लगातार और नियमित चर्चा करते रहे हैं। पिछले साल, दोनों पक्षों के बातचीत करने वालों ने अलग-अलग लेवल पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के जरूरी हितों को ध्यान में रखते हुए यह स्वाभाविक है कि दोनों पक्ष अपने-अपने जरूरी और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करना चाहेंगे और सबसे अच्छे नतीजे भी सुनिश्चित करना चाहेंगे। आपसी बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष अपने संवेदनशील क्षेत्रों खासकर कृषि और डेयरी के हितों की रक्षा करने में सफल रहा। एक साल की बातचीत के बाद दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौते के विभिन्न क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से अलग रखा गया है। खाद और कृषि क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा, इस डील से भारत और अमेरिका दोनों पक्षों को फायदा होगा। 2 फरवरी 2026 को पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों पर टेलीफोन पर बातचीत की। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि यह टैरिफ कई प्रतिस्पर्धी देशों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से कहीं कम है। ट्रेड डील में विकसित भारत की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह ऐतिहासिक और स्ट्रक्चरल समझौता भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने तथा विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत संबंधों को भी दिखाता है।

### राहुल गांधी पर भड़के केन्द्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इससे पहले कल मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा था। राहुल की आलोचना करते हुए गोयल ने कहा कि वह भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में ट्रेड डील पर बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि उन्हें (राहुल गांधी) देश की प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी भारतीय नागरिक उनकी भ्रम वाली सोच से सहमत हो सकता है। क्या राहुल को लाखों-करोड़ों रुपये के निवेश से चिढ़ होती है, जिसे हम भारत में लाने की कोशिश कर रहे हैं? इससे पहले कांग्रेस नेता ने यह आरोप लगाया था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में आकर ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 83817.69
निफ्टी 25776


सोना 159035
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश


चांदी रु. 284432
प्रति किलो



# लगातार दूसरे दिन चढ़े शेयर बाजार आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों में बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 78.56 अंक (0.09 प्रतिशत) चढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत ऊपर 25,776 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 12 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस बीच आईटी कंपनियों में भारी दबाव रहा, जिसके कारण सुबह प्रमुख सूचकांकों में गिरावट थी और एक समय सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूट गया था। अमेरिकी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

बताया जा रहा है कि एक ऐसे एआई टूल के विकास की खबर आने के बाद ये कंपनियां दबाव में आ गईं जो दस्तावेजों की समीक्षा और आंकड़ों के विश्लेषण का काम कर सकती हैं। ज्यादातर कंपनियां वर्तमान में ये काम भारतीय कंपनियों से आउटसोर्स करवाती हैं। उसी का असर आज बाजार खुलते ही दिखा। सेंसेक्स में आईटी कंपनियों में ही सबसे अधिक गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। टीसीएस में भी लगभग सात फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटे। तीस कंपनियों वाले संवेदी सूचकांक में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। ट्रेंट का शेयर पांच प्रतिशत के करीब चढ़ा। एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स और पावरग्रिड में दो से ढाई प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और एशियन पेंट्स के शेयर एक से दो प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए।

# सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली। शाम 4.32 बजे तक एमसीएक्स पर 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना 5,226 (3.4 प्रतिशत) उछलकर 1,59,035 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

सोने की आज शुरुआत 1,58,420 पर हुई थी, जो पिछले बंद भाव 1,53,809 के मुकाबले काफी ऊपर है। चांदी की बात करें, तो इसकी चमक आज और भी ज्यादा है। शाम 4.29 बजे तक 5 मार्च की एक्सपायरी वाली चांदी 16,417 (6.13 प्रतिशत) की भारी बढ़त के साथ 2,84,432 प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। चांदी आज 2,78,015 पर खुली थी और इसने पिछले बंद भाव 2,68,015 के मुकाबले लंबी छलांग लगाई है। सोने और चांदी की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी क्रैश पर आखिरकार ब्रेक लग गया है। सोना और चांदी दोनों में मजबूत खरीदारी देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से एमसीएक्स पर सोना और चांदी दोनों के भाव एक बार फिर तेज रफ्तार पकड़ते नजर आ रहे हैं। अगर आप आज सोना-चांदी खरीदने या निवेश करने की सोच रहे हैं, तो आपको ताजा कीमतों पर नजर रखना जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में आज फिर से बड़ी तेजी देखने को मिल रही है।

# चावल, गेहूं महंगा, चीनी सस्ती दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी महंगा हुआ जबकि चीनी में नरमी रही। वहीं दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 16 रुपये मजबूत हुआ और 2,875 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में घटबढ़ रही।

उड़द दाल की औसत कीमत 22 रुपये और तुअर दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 43 रुपये की गिरावट रही। मूंग दाल 22 रुपये और चना दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सात रिंगिट चढ़कर 4,222 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.11 प्रतिशत की तेजी में 54.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 46 रुपये और सूरजमुखी तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 33 रुपये और वनस्पति की तीन रुपये बढ़ी। वहीं सरसों तेल में सात रुपये और सोया तेल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईसी बंगाल...**

में पूरा करने की जल्दबाजी क्यों है। 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। ईसीआई की प्रताड़ना के चलते बीएलओ की जान जा रही है। बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। असम और नॉर्थ ईस्ट में ऐसा क्यों नहीं हो रहा। एसआईआर प्रक्रिया वोटर्स को शामिल करने नहीं बल्कि हटाने के लिए हो रही है। अब तक 58 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके हैं। भाजपा ने माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए, जो बीएलओ अधिकारों को दरकिनार करते हुए नाम हटा रहे हैं। ममता ने कहा कि सर बेटी शादी के बाद ससुराल जाती है, वह पति का टाइटल इस्तेमाल कर रही है, यह भी मिसमैच है। कुछ बेटियां जो ससुराल चली गईं, उनके नाम भी डिलीट कर दिए गए। इलेक्शन कमीशन ने कहा कि राज्य सरकार से बार-बार मांग करने के बाद एसआईआर के काम के लिए पर्याप्त ग्रुप बी अधिकारी नहीं दिए गए। इस कारण माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। सभी नोटिस में कारण होते हैं। जिनके नाम हटे उन्हें अधिकृत एजेंटों को भी लाने की अनुमति दी गई थी। हमने राज्य सरकार को कई पत्र लिखे हैं कि हमें क्लास 2 अधिकारी दें ताकि ईआरओ को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने उस रैंक के लगभग 80 अधिकारी दिए हैं, बाकी निचले रैंक के। इसलिए हमें माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। गलती उनकी है। माइक्रो ऑब्जर्वर सही तरीके से नियुक्त किए गए हैं। राज्य सहयोग नहीं कर रहा है, तो कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। समय की कोई समस्या नहीं है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सभी नोटिस वापस लेना अव्यावहारिक है। नाम की स्पेलिंग में गड़बड़ी होने पर चुनाव आयोग नोटिस जारी न करे। चुनाव आयोग अपने अधिकारियों को भी निर्देश दे कि वे संवेदनशील रहें। अगर राज्य सरकार ऐसे लोगों की टीम देती है, जो बांग्ला और स्थानीय बोलियां जानते हों, और वे जांच करके चुनाव आयोग को बताएं कि स्थानीय बोली के कारण गलती है, तो इससे मदद मिलेगी। स्थानीय बोली के अनुवाद को एआई की मदद लेने के कारण अगर ऐसा हो रहा है, तो हम समाधान निकालेंगे। इस वजह से असली मतदाता को बाहर नहीं किया जाना चाहिए। अपने आवेदन में ममता ने कहा है कि आर्टिकल 32 रिट में याचिकाकर्ता होने के नाते वह मामले से पूरी तरह वाकिफ हैं। वे कहती हैं कि पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी अध्यक्ष होने के नाते वह सुप्रीम कोर्ट के तौर-तरीकों को समझती हैं और स्थापित नियमों के अनुसार ही व्यवहार करेंगी।

**राहुल ने...**

कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि देश के दुश्मनों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। राहुल ने हाथ बढ़ाकर बिट्टू से हाथ मिलाना चाहा, लेकिन वे ऐसा किए बिना आगे निकल गए। नेता प्रतिपक्ष राहुल और केंद्रीय मंत्री के बीच थोड़ी देर के लिए बहस हुई। रवनीत सिंह बिट्टू 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। इससे पहले वे तीन बार कांग्रेस सांसद रह चुके हैं। वे पहली बार 2009 में आनंदपुर साहिब से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2014 और 2019 में उन्होंने लुधियाना से जीत हासिल की। 2024 लोकसभा में उन्होंने लुधियाना से पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के खिलाफ चुनाव लड़ा और करीब 20 हजार वोटों से हार गए। चुनाव हारने के बावजूद उन्हें केंद्र सरकार में राज्यसभा सदस्य और मंत्री बनाया गया और रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। यह पहली बार नहीं है जब रवनीत सिंह बिट्टू और राहुल गांधी के बीच बयानबाजी देखने को मिली है। सितंबर 2024 में बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। बिट्टू ने अमेरिका में सिखों को लेकर राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। सिख किसी पार्टी से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं।

# हाईकोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति मंजूर

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 2024ए का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली, वार्ता**



उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने संविधान के अनुच्छेद 224ए का इस्तेमाल कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो साल के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर फिर से नियुक्त किया है। यह कदम आपराधिक मामलों की लंबित भारी संख्या के मद्देनजर उठाया गया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी वाले कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान, मोहम्मद असलम, सैयद आफताब हुसैन रिजवी, रेणु अग्रवाल और ज्योत्सना शर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति की मंजूरी दी। इन नियुक्तियों के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 115 हो जाएगी, हालांकि यह स्वीकृत 160 न्यायाधीशों की संख्या से अब भी कम है। उम्मीद है कि इन नियुक्तियों से खासकर आपराधिक लंबित मामलों के निपटारे में मदद मिल सकती है। संविधान में यह प्रावधान है कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से लंबित मामलों की अधिकता या रिक्तियों की स्थिति से निपटने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त कर सकते हैं, हालांकि अनुच्छेद 224ए के तहत ऐसी नियुक्तियां बहुत कम होती हैं। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने ऐसी नियुक्तियां केवल तीन बार की हैं। 1972 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सूरज भान, 1982 में मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति पी. वेणुगोपाल और 2007 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति ओपी श्रीवास्तव की नियुक्ति हुई थी उच्चतम न्यायालय ने 2021 के एक निर्णय में 'निष्क्रिय' संवैधानिक प्रावधान का पुन: उपयोग किया, जिसे उच्च न्यायालयों में बड़ी तादाद में लंबित मामलों के समाधान के रूप में वर्णित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वर्तमान प्रक्रिया तब शुरू की, जब उन्होंने देखा कि उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय के अनुच्छेद 224ए के इस्तेमाल के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके बाद सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों के लिए सिफारिशें मांगने वाले पत्र भेजे गए। अभी तक तीन उच्च न्यायालय से इस तरह की सिफारिश मिली हैं। इनमें से इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई है। बाकी सिफारिशों पर विचार करने के लिए कॉलेजियम के फिर से बैठने की उम्मीद है। अन्य उच्च न्यायालय अभी सुझाव भेजने की प्रक्रिया में हैं। पिछले साल दिसम्बर में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने 2021 के निर्णय को स्पष्ट किया और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीशों को शामिल करते समय अधिक लचीलेपन की अनुमति दी।

# सभी एलिवेटेड स्टेशनों पर प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था लागू : रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राजधानी को स्वच्छ, प्रदूषण-मुक्त और खूबसूरत बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक और अहम कदम सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के अंतर्गत दिल्ली क्षेत्र के सभी 143 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम या एंटी-स्मॉग गन (एएसजी) लगाने का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने मेट्रो के इस प्रयास की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए जमीनी स्तर पर ठोस और व्यावहारिक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत मेट्रो जैसे व्यस्त और संवेदनशील क्षेत्रों में अब तक 131 मिस्ट स्प्रे सिस्टम और 12 एंटी-स्मॉग गन स्थापित की जा चुकी हैं। जहां तकनीकी कारणों से मिस्ट स्प्रे लगाना संभव नहीं था, वहां एंटी-स्मॉग गन लगाई गई हैं ताकि प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों में कोई कमी न रहे। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत 89 ऑन-रोड और 54 ऑफ-रोड एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन शामिल हैं।

यह पहल राजधानी की हवा की गुणवत्ता सुधारने के साथ-साथ यात्रियों और आम नागरिकों को अधिक स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक होगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ- साथ दिल्ली के सौंदर्यीकरण पर भी सरकार बराबर ध्यान दे रही है। इसी दिशा में दिल्ली मेट्रो के विभिन्न कॉरिडोर पर स्थित 50 पिलर्स पर आर्टवर्क का कार्य पूरा कर लिया गया है। इन कलाकृतियों में प्रकृति, फूलों, पक्षियों और भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों को उकेरा गया है, जो शहर की पहचान और आकर्षण को और निखारेंगे।

रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प राजधानी को केवल प्रदूषण से राहत दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे एक सुंदर, जीवंत और विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित करना है। मेट्रो स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे, एंटी-स्मॉग गन और पिलर्स पर किया गया आर्टवर्क इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है।

## दिन में तेज धूप, सुबह-शाम महसूस हो रही ठंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कुछ दिनों से सर्दी के मौसम में भी गर्मी का अहसास होने लगा है। भले ही कोहरा सुबह परेशान करता है, लेकिन दिन के समय निकल रही तेज धूप गर्मी महसूस करा रही है। आलम यह है कि अब केवल सुबह-शाम ही ठंड का अहसास हो रहा है। अगले कुछ दिनों में दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 5 फरवरी से 10 फरवरी तक आसमान अधिकतर साफ रहेगा, लेकिन सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा रहने की संभावना है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम पारा दोनों बढ़ेगा।

बुधवार सुबह ही कोहरे व धुंध छाई रही। इससे दृश्यता भी कम रही। इसी बीच सुबह के समय तेज बर्फीली हवाओं ने लोगों को खासा परेशान किया। दिन में सूर्यदेव ने दर्शन दिए। इससे लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। लेकिन, शाम के समय चली तेज ठंडी हवाओं ने फिर गलन बढ़ा दी।मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान अधिकतम तापमान 22.9 और न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 49 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के अनुसार, रिज में 9.2, आया नगर में 8.6, लोधी रोड में 8.3 और पालम में 9.4 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में सुबह 8 बजे दृश्यता 350 मीटर दर्ज की गई। इसके अलावा, पालम में सुबह 7:30 बजे दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, 5 से 10 फरवरी तक दिल्ली-एनसीआर में मौसम में हल्का बदलाव रहेगा।

# केंद्रीय बजट 2026-27 दिल्ली में स्वच्छ पर्यावरण का मार्ग प्रशस्त करेगा: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026ख्र27 एक दूरदर्शी और जनहितैषी बजट है, जो दिल्ली के विकास को तेज करेगा और समाज के हर वर्ग को मजबूत बनाएगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट "विकसित भारत /2047" के संकल्प को आगे बढ़ाता है और दिल्ली के लोगों को सीधे लाभ पहुंचाता है। सिरसा ने कहा कि केंद्रीय बजट दिल्ली के नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने वाला है। यह किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों,उद्यमियों और व्यापारियों सभी के जीवन को सशक्त करेगा," मंत्री ने बताया कि बजट में किसानों की आय दोगुनी करने पर खास ध्यान दिया गया है। महिला किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को बाजार से जोड़ने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भारत-विस्तार एआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार तुरंत सलाह मिलेगी, जिससे उत्पादन और आय दोनों में सुधार होगा।

महिलाओं के लिए बजट को महत्वपूर्ण बताते हुए सिरसा ने कहा कि महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के लिए बजट में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है और लगभग 5 लाख करोड़ रुपये महिलाओं के लिए तय किए गए हैं। लखपति दीदी 2.0 के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का बिना गारंटी ऋण मिलेगा, ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। "दिल्ली की बहनें और बेटियां आत्मनिर्भर बनेंगी और आगे बढ़ेंगी," उन्होंने कहा। महिलाओं के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए 'शे मार्ट' भी स्थापित किए जाएंगे।कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में बजट में 300 नए स्किल सेंटर और 19 नए प्रशिक्षण संस्थान खोलने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए बजट में करीब 62 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

शिक्षा पर खर्च बढ़ाकर 1.39 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जो पिछले वर्ष से 8.27 प्रतिशत अधिक है। इसमें पांच नए विश्वविद्यालय टाउनशिप की स्थापना भी शामिल है। 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित की जाएंगी, जिससे लगभग 20 लाख युवाओं को रोजगार योग्य कौशल मिलेगा सिरसा ने बताया कि दिल्लीख्रवाराणसी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बजट में घोषित सात नए रेल कॉरिडोरों में शामिल है। इससे यात्रा आसान होगी और प्रदूषण भी कम होगा।

# मेडिकल एसोसिएशन चुनाव में बढ़ा रोमांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश के चिकित्सकों की प्रतिष्ठित संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की दिल्ली इकाई दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव इस बार बेहद रोचक और चर्चाओं से भरा हुआ बन गया है।

भले ही इसे औपचारिक रूप से गैर-राजनीतिक चुनाव माना जाता हो, लेकिन परदे के पीछे राजनीतिक समीकरणों की झलक साफ दिखाई दे रही है।

उम्मीदवारों के समर्थक एक-दूसरे पर विभिन्न राजनीतिक दलों से नजदीकी के आरोप लगा रहे हैं, जबकि दोनों ही पक्ष खुद को पूरी तरह स्वतंत्र और पेशेवर बताते नहीं थक रहे।इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए डॉ. राजीव सूद और डॉ. एस. के. पोद्दार के बीच सीधा मुक.ाबला है। डॉ. राजीव सूद को कुछ वर्ग आम आदमी पार्टी से नजदीकी रखने वाला बता रहे हैं, हालांकि वे स्वयं इस तरह के किसी भी राजनी.तिक समर्थन से साफ इनकार करते हैं। समर्थकों का कहना है कि उनका संघर्ष भ्रष्टाचार और चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए है, न कि किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत।

वहीं दूसरी ओर डॉ. एस. के. पोद्दार, जो भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर प्रकोष्ठ से जुड़े रहे हैं, चुनाव मैदान में हैं। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा समर्थक डॉक्टरों का एक बड़ा वर्ग ही उनके खिलाफ नाराजगी जाहिर कर रहा है। विरोध करने वालों का तर्क है कि यदि पार्टी से जुड़े पद पर रहते हुए वे चुनाव हारते हैं तो इससे संगठन की छवि पर असर पड़ेगा। हालांकि पोद्दार के समर्थक इसे व्यक्तिगत योग्यता और संगठनात्मक अनुभव का चुनाव बताते हैं, न कि राजनीतिक पहचान का।

इतिहास गवाह रहा है कि दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन का मंच भविष्य की राजनीति की सीढ़ी भी साबित हुआ है। पूर्व अध्यक्ष रहे हर्षवर्धन दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और बाद में केंद्र सरकार में भी स्वास्थ्य मंत्री बने। इसी तरह पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनिल गोयल और डॉ. विनोद कुमार मोगा भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे में यह कहना कि इस मंच पर राजनीति का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, पूरी तरह सच नहीं माना जा सकता।



दिल्ली के सौंदर्यीकरण को लेकर अधिकारियों संग बैठक करती मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

## एक नजर

### 12वां पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) ने किरोड़ी मल कॉलेज को 5-0 से हरा कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। महिला वर्ग में जानकी देवी महाविद्यालय (जेडीएम) ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम के लिए कोमल ने गोल किया और अंजलि को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) की तरफ से नंदकिशोर ने दो और श्लोक, पंकज व हर्ष ने एक-एक गोल किया। नंदकिशोर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। अन्य मैचों में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 4-2 से मात दी। विजेता टीम के समकित को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। समकित, मनसमर, इंद.रपाल और आयुष ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए सागर यादव और गुरशीष ने एक-एक गोल किया। श्याम लाल कॉलेज (सांध्य) ने केएमसी को 3-1 से मात दी। रोहित बने प्लेयर ऑफ द मैच। विजेता के लिए राघव ने दो और हर्ष ने एक गोल किया। केएमसी के लिए एकमात्र गोल सागर ने किया।

### मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट सीजन-3 का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** 'मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2026 रु सबसे बड़ेआलरॉउंडरकीतलाश' के दो सीजन सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद, टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, विश्व के एक सबसे बड़े ट्रैक्टर विनिर्माता और भारत के प्रतिष्ठित मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर के निर्माता, ने मौलिक रचनात्मकता सहित ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आज इस प्रतियोगिता के तीसरे सीजन की शुरुआत की घोषणा की। टैफे का मैसी डायनास्टार सीजन 3, जो इस श्रृंखला में अब तक की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है, इसकी परिकल्पना किसानों, उद्यमियों, छात्रों, स्टार्टअप्स और ग्रामीण परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय नवाचार मंच के रूप में की गई है।

### फ्यूचर श्योर बनने की दिशा में कदम

**नई दिल्ली।** पेंशन फंड संस्था एचडीएफसी पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड ने अर्बन कंपनी लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इस साझेदारी के तहत अर्बन कंपनी के 50,000 से अधिक सेवा साझेदारों के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम प्लेटफॉर्म वर्कर्स मॉडल पेश किया गया है। इस पहल के माध्यम से अर्बन कंपनी के सेवा पेशेवर पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजना में स्वेच्छा से शामिल हो सकेंगे।

इस साझेदारी से सेवा साझेदारों को सेवानिवृत्ति की योजना बनाने के लिए एक सरल और सुगम सुविधा उपलब्ध होगी। एचडीएफसी पेंशन के एमडी और सीईओ श्रीराम अय्यर ने कहा,भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें पेंशन सुविधा उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है।

### छह नाबालिगों को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** घर पर बिना बताए गए छह नाबालिगों को नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस ने परिवार वालों से मिलवाया है। परिवार ने पुलिस का शुक्रियादा किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शनिवार को शकूरपुर की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी छोटी बहन अपने दो नाबालिग दोस्तों के साथ गई थी। जिसको काफी तलाशने की कोशिश की,मगर मिली नहीं।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी सृष्टि भट्ट की देखरेख में एसएचओ तेज पाल सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने ह्यूमैन सॉर्स और तकनीकी निगरानी व सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद एक पुख्ता जानकारी पर सभी लापता बच्चों को उनके दोस्तों के साथ टुंडला रेलवे जंक्शन, उत्तर प्रदेश से बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वे अपने दोस्तों के साथ आगरा घूमने गए थे, जिसमें मोहित और दो अन्य नाबालिग लडके शामिल थे। उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान वे टुंडला के एक गेस्ट हाउस में रुके थे।

### बेकरी में लूट की कोशिश नाकाम

**नई दिल्ली।** मौजपुर मॉर्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष महिपाल शर्मा की बेकरी पर दो हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया। लुटेरों ने महिपाल के बेटे देवेंद्र और उसके कर्मचारी को बंदूक की नोक पर बंधक बना लिया और दुकान लूटने लगे। निडर होकर, बिना हथियार के देवेंद्र ने दोनों लुटेरों का सामना किया।

पकड़े जाने के डर से लुटेरे मौके से भाग गए। पूरी घटना ब्ब्ज्ट कैमरों में कैद हो गई। जाफराबाद पुलिस स्टेशन मामले की जांच कर रहा है। एसोसिएशन अध्यक्ष महिपाल शर्मा की दुकान पर हुई इस घटना ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विश्व कैंसर दिवस पर सीएपीएस कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट द्वारा कैंसर जागरूकता, रोकथाम एवं शीघ्र पहचान को समर्पित एक व्यापक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री, दिल्ली सरकार डॉ. पंकज सिंह द्वारा 'कैंसर अवेयरनेस प्रिवेंशन और स्क्रीनिंग' (सीएपीएस ) कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और समयबद्ध बनाना है। यह कार्यक्रम दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट स्थित सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, गैर-सरकारी संगठन तथा




आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में माननीय स्वास्थ्य मंत्री, दिल्ली सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. तपस्या राघव, विशेष सचिव (स्वास्थ्य), दिल्ली सरकार, ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. विनोद कुमार, निदेशक, दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने सीएपीएस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा,"कैंसर से लड़ाई में जागरूकता, समय पर स्क्रीनिंग और सामुदायिक भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। महिलाओं की स्क्रीनिंग को प्राथमिकता देते हुए सीएपीएस कार्यक्रम के अंतर्गत एक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन शुरू की जाएगी। यह वैन एचपीवी, डीएनए परीक्षण और मैमोग्राफी सुविधाओं से सुसज्जित होगी। इसे पूर्व-निर्धारित तिथियों और समय पर बाजारों, सरकारी कार्यालयों, बैंकों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात किया जाएगा, ताकि महिलाएं अपने दैनिक कार्यों में बाधा डाले बिना आसानी से जांच करा सकें।" सभा को संबोधित करते हुए माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा,"दिल्ली के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मैं हर आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं आप सभी स्वास्थ्य योद्धाओं के साथ हूं। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में हम कार्य कर रहे हैं। एचपीवी वैक्सीन भी जल्द ही पुन: शुरू की जाएगी।

# ऑटो लिफ्टर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने कुख्यात ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तीन वाहन चोरी के मामलो को सुलझा लिया है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशान्त गौतम ने बताया कि शाहदरा जिले के इलाके में हाल ही में हुई दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाओं को देखते हुए, एएटीएस/ शाहदरा जिले की टीम को चोरी की घटनाओं वाली जगहों पर जाने और सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करके उन संदिग्धों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने का निर्देश दिया गया, जो सक्रिय रूप से दोपहिया वाहनों की चोरी कर रहे हैं। इसके तहत एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में एसआई विक्रांत चौधरी के नेतृत्व में टीम को स्थानीय खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए इलाके में सादे कपड़ों में तैनात किया गया था। इसी बीच टीम को 03.फरवरी को एक गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति इलाके में सक्रिय रूप से दोपहिया वाहनों की चोरी कर रहा है, वह चोरी की स्कूटी की लेकर इहबास अस्पताल के पास, आने वाला है।इस गुप्त सूचना मिलते ही टीम ने ताहिरपुर रोड, इहबास अस्पताल के सामने अपना जाल बिछाकर विक्की (40) नाम के एक ऑटो लिफ्टर, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी की स्कूटी बरामद की , जिसकी जांच करने पर पता चला कि यह -दरिया गंज थाने के तहत चोरी की गई थी।





विश्व कैंसर दिवस के मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह कैंसर जागरूकता, रोकथाम व स्क्रीनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ करते हुए।

# कैंसर जागरूकता: पीतमपुरा टीवी टावर बैंगनी रोशनी से जगमग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कैंसर जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और इस रोग का जल्द से जल्द निदान करने के महत्व को रेखांकित करते हुए सामूहिक कम्युनिटी एक्शन को प्रेरित करने के उद्देश्य से, फोर्टिस शालीमार बाग ने नेशनल ब्रॉडकास्टर प्रसार भारती के साथ मिलकर दिल्ली की सबसे ऊंची टावर-पीतमपुरा टीवी टावर (लंबाई लगभग 235 मीटर) को रोशनी से जगमग करने का समारोह आयोजित किया।

राजधानी दिल्ली के इस लैंडमार्क पर बैंगनी (पर्पल) रंग की रोशनी से जगमगाहट की गई, जो कि ग्लोबल स्तर पर कैंसर जागरूकता का प्रतीक है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री महिपाल सिंह भानोट, बिजनेस हेड एवं ऑपरेशंस लीड ख्र एनसीआर प्रोजेक्ट्स, फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड, नवीन शर्मा, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पिटल शालीमार बाग, दिल्ली दूरदर्शन के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा फोर्टिस शालीमार बाग के ऑन्कोलॉजिस्ट्स द्वारा किया गया, जिन्होंने आशा, दृढ़ता और कैंसर के खिलाफ युद्ध की सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराया।



इस पहल को Roshni UmeedKi थीम के तहत् आयोजित किया गया था, जिसने दिल्ली के एक प्रमुख लैंडमार्क के जरिए जागरूकता का संदेश प्रसारित करने के साथ-साथ कैंसर मरीजों एवं महिपाल सिंह भानोट, बिजनेस हेड एवं ऑपरेशंस लीड ख्र एनसीआर प्रोजेक्ट्स, फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने कहा, "कैंसर जागरूकता मेडिकल उपचार से कहीं आगे तक जाती है ख्र यह लोगों को सही समय पर सही जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के बारे में है।

इस तरह की पहल के जरिए, हम शीघ्र निदान और प्रीवेंटिव केयर के संदेश को अस्पतालों की दीवारों से बाहर समुदायों तक पहुंचा रहे हैं। दिल्ली के एक प्रमुख लैंडमार्क को जगमग कर हम नागरिकों तक यह संदेश प्रभावशाली तरीके से पहुंचा रहे हैं कि जागरूकता, समय पर स्क्रीनिंग और सामूहिक सहयोग के बलबूते कैंसर से लड़ना संभव है।

# कैंसर जागरूकता को लेकर स्क्रीनिंग प्रोग्राम लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की पहल 'कैंसर जागरूकता, रोकथाम और स्क्रीनिंग प्रोग्राम- का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर्स, नर्स, टेक्नीशियन और हेल्थकेयर स्टाफ भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कैंसर के बढ़ते मामले को कंट्रोल करने के लिए समय पर स्क्रीनिंग और जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बेहतर हेल्थकेयर सुविधाओं के कारण पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं, इसलिए यहां ज्यादा मरीजों की रिपोर्ट दर्ज होती है, जबकि देरी से टेस्टिंग होने से कैंसर जोखिम को और बढ़ाता है।

कैंसर जागरूकता, रोकथाम और स्क्रीनिंग पहल के तहत हमारी सरकार कम्युनिटी-बेस्ड तरीका अपना रही है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग को सुलभ और रेगुलर बनाने की दिशा में हम तेजी से काम कर रहे हैं। खास तौर पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन, जिनमें मैमोग्राफी और एचपीवी डीएनए टेस्टिंग की व्यवस्था होगी को पहले से बताई गई प्रमुख जगहों और राजधानी के दूर-दराज के इलाकों में तैनात किया जाएगा, ताकि दिल्ली के नागरिक अपने रोजाना के शेड्यूल को डिस्टर्ब किए बिना अपनी स्क्रीनिंग करवा सकें।

कार्यक्रम के दौरान सुविधाजनक और प्राइवेट स्क्रीनिंग के लिए एक सेल्फ-टेस्टिंग किट भी लॉन्च की गई। इस किट के माध्यम से महिलाएं खुद ही वैजाइनल स्वैब सैंपल लेकर लेबल युक्त वायल में सुरक्षित रख सकेंगी, जिसका एचपीवी डीएनए टेस्टिंग RT& PCR तकनीक के जरिए किया जाएगा।

## विवेक ओबेरॉय ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए विभिन्न फिल्मी हस्तियों के बाद अब अभिनेता विवेक ओबरॉय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है।

एडवोकेट सना रईस खान और प्रणय चिटाले के माध्यम से दायर मुकदमे में विवेक ओबराय ने जॉन डो सहित अन्य प्रतिवादियों को उनकी छवि, नाम व वीडियो के बगैर अनुमति उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है।

वहीं, मुकदमे में कहा गया है कि प्रतिवादी बगैर याची की अनुमति के उनके नाम, आवाज और छवि सहित उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल कर न सिर्फ मुनाफा कमा रहे हैं, बल्कि दुरुपयोग भी कर रहे हैं।

# ट्रांसपोर्टर को बेरहमी से पीटा, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कें बहुत ज्यादा असुरक्षित हैं। इसका अंदाजा बुधवार सुबह करीब 4 बजे हुई मारपीट की क्रूर घटना से लगाया जा सकता है। एक प्ब् सेंटर में काम करने वाली एक युवती सुबह करीब 3:45 बजे अपनी ड्यूटी के लिए घर से निकली थी। जब वह अनुपम अपार्टमेंट्स के पास पहुंची, तो स्कूटर पर सवार चार युवकों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। जब वहां मौजूद एक ट्रांसपोर्टर ने इस उत्पीड़न का विरोध किया, तो उन्होंने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने उसे आधे घंटे तक बेरहमी से पीटा, उसके चेहरे, पेट और सीने पर लात-घूंसे मारे। डरी हुई पीड़िता ने घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसकी मदद करने की जहमत नहीं उठाई। एक-दो लोगों ने च्ब्ट (पुलिस कंट्रोल रूम) को सूचना दी, लेकिन पुलिस 45 मिनट बाद मौके पर पहुंची।

गंभीर हालत में ट्रांसपोर्टर को AIIMS ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। घटना के करीब तीन घंटे बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 27 वर्षीय महिला, जो महरौली रोड पर एक अपार्टमेंट में रहती है, एक कॉल सेंटर में काम करती है। वह अपनी सुबह की शिफ्ट के लिए निकली थी। सुबह 3:45 बजे वह अनुपम अपार्टमेंट्स के सामने एक शराब की दुकान के पास कैब का इंतजार कर रही थी। तभी दो स्कूटर पर चार नशे में धुत युवक आए।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में अधिकारियों को दिए

# जन कल्याण व जन सुविधाएं के लिए आवश्यक निर्देश

■ जिलाधिकारी द्वारा जनता के दर्शन के दौरान जन सुविधाओं के सम्बध में मीडिया बन्धुओं से भी वार्ता की गयी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनता दर्शन में जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी घ्प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शतख्रप्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही घ्सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनता के दर्शन के दौरान जन सुविधाओं के सम्बध में मीडिया बन्धुओं से भी वार्ता की गयी। इस दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्या उपस्थित रहे।

## एक नजर

## हेरिटेज हिल्स इंटरनेशनल स्कूल की दूसरी शाखा का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हेरिटेज हिल्स इंटरनेशनल स्कूल की दूसरी शाखा का उद्घाटन समारोह राजनगर सेक्टर 8 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय शूटर अर्पित गोयल, राष्ट्रीय शूटर मिस निकिता गोयल उपस्थित व अरुण कुमार शर्मा, वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और फीता काटने के साथ हुई। जिसके बाद विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें हैंड पेंटिंग, स्केच बनाने की प्रतियोगिताएं, टैटू, शतरंज का खेल, इत्यादि शामिल थीं। इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों और अतिथियों का विद्यालय परिवार ने स्वागत किया और उनके आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के निदेशक मिस पिंकी शर्मा, मिस नेहा विर्मानी और मिस्टर संजीव पारुथी ने अतिथियों का सम्मान किया और उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या मनीषा पारुथी ने संपूर्ण विकास के लिए प्ले स्कूल की भूमिका बताते हुए सबको हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान्न व जलपान के साथ सबने स्कूल के विस्तार के लिए मंगलकामना की।

## मोहम्मद मुराद गाजी की दरगाह पर फर्जी संस्था बनाकर कुछ लोग करना चाहते हैं कब्जा

### शहर के लोगों को कर रहे है गुमराह!



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** सचिव हामिद खान द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई जिसमें बताया गया है कि मेरे संज्ञान में यह मामला आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा जिसमें मिर्जा इलियास परवेज खान एजाज शेख जमीर बैग ताहिर शेख द्वारा बिना अनुमति के दरगाह मोहम्मद मुराद गाजी रहमतुल्लाह अलैहि के परागण में इकट्ठा हुए और अपने परिवार व जान पहचान वाले लोगों को भी शामिल किया और वहां एक ऐलान किया कि हमारे द्वारा दरगाह की नई कमेटी गठित की जा रही है। कमेटी बनाने रजिस्टर करने व पुरानी कमेटी के पद मुक्त करने का एक मात्र अधिकार वकफ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष पदाधिकारी के पास है। जबकि हामिद खान सुन्नी सेंट्रल वकख बोर्ड लखनऊ द्वारा रजिस्टर्ड कमेटी का सचिव हूं दरगाह कमेटी द्वारा देखरेख का रखरखाव किया जाता है उपरोक्त लोग और उनके साथी काफी समय से दरगाह के नाम पर फर्जी रसीद बना कर अवध उगाही कर रहे हैं।

कई बार उन्हें इस काम करने के लिए मना किया फिर भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं, ताहिर शेख अपने को सचिव बताता हैं उक्त लोग जाल साज दबंग व्यक्ति हैं जो काफी बिरादरी के लोगों के उकसाकर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। यह लोग फर्जी संस्था बनाकर दरगाह की जमीन को कब जाने का प्रयास कर रहे हैं पूर्ति से काट कर लोगों से चंदा ले रहे हैं। हामिद खान ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्तियों द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह निराधार है ।वकफ बोर्ड में दरगाह वकफ बोर्ड के प्रकार के अलल खैर के रूप में दर्ज है जो किसी भी दो परिवार या तीन बिरादरी की नहीं है।

दरगाह हिंदू मुस्लिम सभी की है। उन लोगों के पूर्वजों द्वारा दरगाह की संपत्ति को कब्रिस्तान बनाया गया है जबकि आज भी सभी दस्तावेज में दरगाह दर्ज है। कब्रिस्तान के नाम पर भी लोगों की रसीद काटी जा रहे हैं। वर्ष 2010 में हामिद खान को वकफ बोर्ड द्वारा सचिव बनाया गया था जब से बनाई गई कमेटी कार्य कर रही है फर्जी संस्था बनाकर कुछ लोग दरगाह के बारे में गुमराह कर कब्जा करना चाहते हैं उनका काम केवल लोगों से पैसे उगाहने है हिंदू मुस्लिम एकता के साथ कमेटी कार्य कर रही है लखनऊ द्वारा बनाई गई कमेटी के लोगों ने शहर वासियों से अपील की है कि ऐसे लोगों से सावधान रहें जो लोग फर्जी संस्था बनाकर दरगाह कमेटी को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।

## पूर्व विधायक का वोट काटने के लिए दी अर्जी

■ बताया कि लगभग ढाई सौ लोगों के खिलाफ विरोधियों ने फार्म 7 भरकर जमा किया है ताकि उनके वोट कट जाए।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** क्षेत्र में राजनीतिक लोग आपसी रंजिश के चलते एस आई आर को टूल किट की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। और अपनी रंजिश पूरी करने के लिए फर्जी रूप से फार्म 7 भरकर अपने प्रतिद्वंदी की वोट कटवाने का प्रयास कर रहे हैं।

इसी मामले को लेकर पूर्व विधायक एवं वर्तमान अध्यक्ष पति वहाब चौधरी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि वह मूल रूप से गाजियाबाद मुरादनगर के निवासी हैं और अपने परिवार के साथ जन्म से ही यहां रह रहे हैं लेकिन फिर भी जो कि फॉर्म 7 भरकर उनके वोट को कटवाने का प्रयास किया जा रहा है।

बताया कि लगभग ढाई सौ लोगों के खिलाफ विरोधियों ने फार्म 7 भरकर जमा किया है ताकि उनके वोट कट जाए। इस मामले को लेकर उन्होंने एस आई आर से संबंधित अधिकारियों एवं निर्वाचन आयोग को सूचित किया है। कि ऐसे फार्मो पर संज्ञान लेने से पहले उसका सही से आकलन करें ताकि किसी पात्र व्यक्ति की किसी के द्वेष के चलते वोट काटे ना जा सके कहा कि एक ही पार्टी के लोग हैं जो फार्म 7 जमा कर रहे हैं और जिनकी वोट काटने के लिए आवेदन किया जा रहा है वह भी एक विशेष समुदाय के हैं हालांकि बी एल ओ फार्म लेने से मना कर रहे हैं।

उनका कहना है कि हमने पूरी जांच के साथ वोटर लिस्ट जारी की है इसलिए इसका पुनर निरीक्षण करना असंभव है लेकिन फिर भी विशेष पार्टी के लोग बी एल ओ पर दबाव बनाकर रिसीविंग ले रहे हैं और ऐसे फार्मो की संख्या 200 से 250 है जो की मुरादनगर के अलग-अलग बूतों से है उन्होंने बी एल ओ को भी चेतावनी दी कि अगर किसी पात्र व्यक्ति का वोट काटा गया तो वह इसके खिलाफ उनकी शिकायत करेंगे साथ ही इस मामले की सूचना लिखित रूप से उच्च अधिकारियों को भी देंगे।

## घर से निकला था घूमने, रेलवे ट्रैक पर मिला लहूलुहान शव

**गाजियाबाद।** मसूरी क्षेत्रांतर्गत मयूरविहार के सामने गाजियाबाद से हापुड़ जाने वाले रेलवे ट्रैक पर बुधवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त का प्रयास शुरू किया। शव की पहचान मोहम्मद अनस निवासी मयूरविहार कॉलोनी डासना देहात के रूप में हुई, पुलिस ने शव को मेडिकल परिक्षण के लिए भेजा। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि पुलिस को बुधवार दोपहर को कल्लूगढ़ी फाटक के पास मयूरविहार कॉलोनी के सामने गाजियाबाद से हापुड़ जाने वाले रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का लहूलुहान हुआ शव पड़ा होने की सूचना मिली।

## छोटी बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** एक व्यक्ति को छोटी बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान राशिद पुत्र यामीन, उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी छोटा बिजली घर, रावली रोड, मुरादनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर और लालच देकर अपने पास बुलाया था और उसके साथ अश्लील कृत्य किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है!

## आईपीए की शिकायत का असर: बाल आयोग ने जिलाधिकारी को दिए दिव्यांग पार्क को वोटिंग पार्क बनाने की जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की शिकायत पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने इंदिरापुरम स्थित उत्तर प्रदेश के पहले समर्पित दिव्यांग पार्क को ध्वस्त कर वोटिंग पार्क बनाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह संज्ञान बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा-13 के अंतर्गत लिया है। शिकायत में बताया गया था कि वर्ष 2020 में दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास, थेरेपी और सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से विकसित इस पार्क को



19 दिसंबर 2025 की रात नियमों के विपरीत ध्वस्त कर कथित रूप से वोटिंग पार्क में परिवर्तित करने की कार्रवाई की गई।

आयोग ने अपने नोटिस में स्पष्ट किया कि दिव्यांग बच्चों से जुड़े किसी भी सार्वजनिक ढांचे को नुकसान पहुंचाना उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। आयोग ने जिलाधिकारी, गाजियाबाद को निर्देशित किया है कि मामले की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट आवश्यक दस्तावेजों सहित आयोग को उपलब्ध कराई जाए।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए बनाए गए विशेष संसाधनों को समाप्त करना न केवल संवेदनहीनता दर्शाता है, बल्कि समावेशी समाज की अवधारणा के भी विपरीत है। एसोसिएशन ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और दिव्यांग बच्चों के हितों की हर स्तर पर रक्षा सुनिश्चित की जाए। एसोसिएशन ने यह भी जोर दिया कि बच्चों के अधिकारों, विशेषकर दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

## डेयरी कर्मचारी की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या

**साहिबाबाद।** तिलमोड़ थाना क्षेत्र के रिस्तल गांव में मंगलवार देर रात एक डेयरी कर्मचारी की कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। उस पर सोते समय हमला किया गया। बुधवार सुबह डेयरी पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक के भाई बीरबल ने इस मामले में केस दर्ज कराया है। सत्यप्रकाश रिस्तल गांव में मेन रोड पर डेयरी चलाते हैं। दिल्ली के करावल नगर, शिव विहार का रहने वाला सुनील कश्यप वहां काम करता था। सुनील डेयरी पर ही सोता था। डेयरी पर हीरा नाम का एक और व्यक्ति भी काम करता था। सत्यप्रकाश ने बताया कि जब वह बुधवार सुबह करीब 5:45 बजे डेयरी पर पहुंचे तो देखा कि कमरे का दरवाजा खुला था।

## गिन्नी देवी कॉलेज में हुआ सेवायोजना शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई बी एवं सी द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के निर्देशानुसार किया गया। शिविर का शुभारंभ इकाई बी एवं इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी शालू देवी एवं राखी शर्मा के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाकर किया। इस शिविर का शीर्षक महिलाओं की सुरक्षा और स्वाभिमान रहा। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने पूर्ण आकार के चार्ट पेपर पर नारी सुरक्षा एवं नारी स्वाभिमान से संबंधित पोस्टर का निर्माण चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित कर संदेश दिया। एक एक पर भारी हैं हम भारत की नारी हैं। स्टॉप वायलेंस नारी तू नारायणी जब बने विश्व कल्याणी सुरक्षित नारी सशक्त राष्ट्र आदि अंत में शिविर का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। इकाई बी एवं ईकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर में उपस्थित सभी स्वयंसेविकाओं को महिला सुरक्षा एवं सम्मान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं का का पूर्ण सहयोग रहा।

## दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने की समाजसेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए विभिन्न स्थानों पर चौरिटी कार्यक्रम आयोजित किए। यह सभी कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुए।

दिनांक 31 जनवरी 2026 को विद्यालय के विद्यार्थी फूड प्लाजा के सामने स्थित गरीब बस्ती में पहुँचे, जहाँ उन्होंने जरूरतमंद लोगों को वस्त्र, खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संवेदनशीलता और सहयोग की भावना का परिचय दिया।



इसके पश्चात 2 फरवरी 2026को विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षिकाएँ चेतना मैम, शुची मैम, ज्योतिमैम, रियांशी मैम तथा शिवम गोयल सर के साथ मेरठ स्थित "मिशनरीज ऑफ चौरिटी" के अंतर्गत "प्रेम निवास"पहुँचे, जहाँ वरिष्ठ नागरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोग निवास करते हैं। साथ ही विद्यार्थियों ने "ज्योति निवास", जो बच्चों के लिए संचालित है, वहाँ भी जाकर बच्चों को उपयोगी सामग्री भेंट की और उनके साथ समय बिताया।

इसी क्रम में 3 फरवरी 2026 को विद्यालय के विद्यार्थी मोदीनगर स्थित एनजीओ 'निष्काम सेवा' में भी चौरिटी कार्य के लिए गए, जहाँ उन्होंने कम्बल, वस्त्र, खाद्य सामग्रीव अन्य दिनचर्यामें काम आने वालीवस्तुएं देकरजरूरतमंदों की सहायता कर मानवता का संदेश दिया।

इन सभी सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के पीछेविद्यालयका उद्देश्य विद्यार्थियों में करुणा, सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे समाजोपयोगी कार्यों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. )**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव**
**पी.सी.एस.-जे**
**( सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10 ) मूल वाद संख्या 1509 / 2025**

सन्नी जुनेजा पुत्र जसवंत सिंह, निवासी मकान नम्बर 264 सरस्वती गली सैक्टर-5 भूतल वैशाली गाजियाबाद तहसील व जिला गाजियाबाद।

...वादी

**बनाम**

श्री परितोष त्यागी पुत्र श्री सतीश त्यागी निवासी फ्लैट नम्बर पी 1407, 14वां तल टावर पी, वी.वी.आई.पी. एड्रेसिज राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद।

..... प्रतिवादी

सन्नी जुनेजा पुत्र जसवंत सिंह ने श्री परितोष त्यागी पुत्र श्री सतीश त्यागी, आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते स्थायी व्यादेश व घोषणात्मक डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 13.02.2026 को दिन में प्रातः 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 30.01.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी.डि. ) गाजियाबाद।**

## वैशाली में पार्क दो साल से बदहाल, असामाजिक तत्वों का होता है जमावड़ा

**साहिबाबाद।** वैशाली सेक्टर एक में माडर्न पब्लिक स्कूल के सामने स्थित पार्क करीब दो वर्ष से बदहाल है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी पार्क का जीर्णोद्धार नहीं कराया जाता है। इससे करीब एक हजार लोग परेशान हैं। लोगों ने बताया कि काफी समय तक लोगों ने संयुक्त प्रयास से रुपये जमा कर पार्क में कुछ कार्य कराए, लेकिन कब तक स्थानीय लोग ही पार्क का सुंदरीकरण कराएंगें। लोगों ने बताया कि पार्क में सब कुछ बदहाल हो गया है। पार्क की चारदीवारी गिरी हुई है। ग्रिल गायब है। बेंच भी बदहाल हैं।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिये कार्यरत संस्था यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल (यू.आई.सी.सी.) द्वारा वर्ष 2026 में विश्व कैंसर दिवस की थीम ''यूनाइटेड बाय यूनिक'' रखी गयी है।

इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य कैंसर के मरीजों की पहचान कर उनको उचित और सटीक इलाज मुहैया कराना है। हम शुरुआत में ही कैंसर के लक्षण की जांच कर इसे सही समय पर उपचार द्वारा इसे दूर किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)



के अनुसार भारत विश्व में सबसे अधिक धूम्रपान करने वालों में विश्व का 12 प्रतिशत हिस्सा है। भारत में तम्बांकू के कारण हर वर्ष 1 करोड़ से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है।

इस अवसर पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज तथा शिविर स्थल एवं एडोप्टेड गांव में कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थान की ओपीडी में माइक्रो-ग्रुप जागरूकता सहित कई कार्यक्रम किये गये, तथा शिविर स्थल पर आने वाले सभी रोगियों को मौखिक कैंसर के बारे में पर्चे बांटे गये तथा धुम्रपान की आदतों को छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया।

वह सभी रोगी जिन्हें तंबाकू सेवन या धूम्रपान की आदत थी उन सभी रोगियों को तंबाकू निषेध परामर्श दिये गये। गांव के प्रधानों, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों जैसे हितधारकों की पहचान की गई और उन्हें इस घातक बीमारी के बारे में बताया गया और कैंसर की रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में भी जागरूक किया गया।

कस्बा, मुरादनगर में तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानदारों को सीओटीपीए अधिनियम 2003 का सख्ती से पालन करने और 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद न बेचने के लिए प्रेरित किया गया। इस बीमारी का मुकाबला करने के लिए सभी रोगियों, कर्मचारियों, छात्रों और हितधारकों द्वारा संकल्प लिया गया।

अंत में सभी रोगियों के लिए एक इंटरैक्टिव स्वास्थ्य शिक्षा सत्र भी आयोजित किया गया और उनके प्रश्नों का उत्तर दिया गया तथा मरीजों को बेहतर उपचार के लिए आईटीएस डेंटल कॉलेज में रेफर किया गया। अंत में इस सफल कार्यक्रम के लिए सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# नकली स्टॉक मार्केट स्कैम चलाने वाला पकड़ा

**सिंडिकेट फंड निकालने को एडवांस्ड डिजिटल टूल्स व म्यूल बैंक अकाउंट्स का प्रयोग कर रहा था आरोपी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विदेश में बैठे साइबर क्रिमिनल सिंडिकेट के इशारे में भारत में नकली स्टॉक मार्केट स्कैम चलाने वाले आधा दर्जन क्रिमिनलों को स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने गिरफ्तार किया है। सिंडिकेट फंड निकालने के लिए एडवांस्ड डिजिटल टूल्स और म्यूल बैंक अकाउंट्स का इस्तेमाल कर रहा था।

पुलिस आरोपियों के बैंक खातों और मोबाइल फोन व सोशल मीडिया आई डी की जांच करके उनके विदेशी में बैठे आकाओं के बारे में पता करने की कोशिश कर रही है। आरोपियों की पहचान सबलू कुमार,वसीम अहमद, राजेश खान, शाहिद अली और मन्नू इस्सर के रूप में हुई है, जिनके कब्जे से 09 मोबाइल फोन बरामद किए गए।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को पकडने के लिये मुंबई, कोटा, नोएडा और लखनऊ में छापेमारी की गई थी। सिंडिकेट पीड़ितों को लुभाने और फंड निकालने के लिए एडवांस्ड डिजिटल टूल्स, नकली इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म और म्यूल बैंक अकाउंट्स का इस्तेमाल कर रहा था। राजेश खान ने असम राइफल्स और डिप्टी एविएशन सिक्योरिटी ऑफिसर के तौर पर काम किया है।

पिछले साल सितम्बर महीने में रियल एस्टेट डेवलपर कृष्ण कुमार से शिकायत मिली थी। उन्हें ऑनलाइन स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट से निश्चित उच्च रिटर्न के बहाने लगभग 3.76 करोड़ का चूना लगाया गया। जब उन्हें एहसास हुआ कि कथित इन्वेस्टमेंट योजना धोखाधड़ी वाली थी और कोई रिटर्न नहीं मिल रहा था, तो शिकायतकर्ता ने यह शिकायत दर्ज कराई।

एसीपी मनोज कुमार की देखरेख में एसआई सुनील कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मोहित यादव,सुरेंद्र और महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से उसके फोन,बैंक खाते की डिटेल लेकर जांच शुरू की। साथ ही मनी ट्रांस्फर ही जांच करते हुए आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की।

पता चला कि आरोपी सिबलू कुमार, जो मुंबई का रहने वाला है, के नाम पर एक फर्स्ट-लेयर म्यूल बैंक अकाउंट में 10 लाख रुपये की रकम जमा की गई थी। आरोपी को मुम्बई पकडने गई,पुलिस टीम ने राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर मस्जिद लेन, जंगपुरा स्थित फ्लैट से आरोपी वसीम अहमद, राजेश खान, शाहिद अली और मन्नू इस्सर को गिरफ्तार किया। उनके मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच करने पर कई महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत बरामद हुए, जिसमें भोले-भाले पीड़ितों को धोखा देने के लिए व्यवस्थित रूप से इस्तेमाल किए जा रहे कई म्यूल बैंक खातों की जानकारी मिली। यह सिंडिकेट मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर म्यूल बैंक खातों की खरीद, संचालन और प्रबंधन में लगा हुआ था।

आरोपी सबलू कुमार अकाउंट होल्डर है। वसीम अहमद धोखाधड़ी के पैसे को रूट करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले म्यूल बैंक खातों को चलाने में शामिल था। उसने साथियों के साथ लेनदेन का समन्वय किया और विदेश में बैठे मास्टरमाइंड के निर्देश पर रिमोट अकाउंट संचालन की सुविधा प्रदान की। राजेश खान ने म्यूल बैंक अकाउंट हासिल करने और मैनेज करने में मदद की और मुख्य आरोपी के साथ डिटेल्स शेयर कीं, साथ ही धोखे से मिले फंड के फ्लो पर भी नजर रखी। उसका पहले भी भुवनेश्वर, ओडिशा में धोखाधड़ी और फ्रॉड के मामलों में शामिल होने का रिकॉर्ड है, और उसने पहले असम राइफल्स और डिप्टी एविएशन सिक्योरिटी ऑफिसर के तौर पर काम किया है।

शाहिद अली ने म्यूल बैंक अकाउंट खोलने और धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के लिए इस्तेमाल होने वाले सिम कार्ड और मोबाइल नंबर बनाए रखने में लॉजिस्टिकल सपोर्ट दिया। वह व्हाट्सएप के जरिए सह-आरोपियों के साथ लगातार कोऑर्डिनेशन में रहा और निजामुद्दीन इलाके में एक कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है। जबकि मन्नू इस्सर ने फंड ट्रांसफर को आसान बनाने के लिए म्यूल बैंक अकाउंट और सिम कार्ड मैनेज करने में अहम भूमिका निभाई।

## मानसिक रूप से परेशान युवक हाई टेंशन खंभे पर चढ़ा

**नई दिल्ली।** वजीराबाद स्थित गोपालपुर इलाके में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब एक युवक हाई टेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा गया और तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचित किया गया। जानकारी के मुताबिक, सुबह लगभग 8:46 बजे पुलिस को घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। युवक काफी ऊंचाई पर था और हाई टेंशन तारों के बीच उसका चढ़ना बेहद खतरनाक साबित हो सकता था। बचाव कार्य के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाए गए। करीब पौने ग्यारह बजे, कड़ी मशक्कत के बाद, हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। इस बचाव अभियान में बचाव कर्मियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई ने एक बड़े हादसे को टाल दिया।

# काका नगर बनी एनडीएमसी की छठी 'अनुपम कॉलोनी'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सतत शहरी स्वच्छता की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने काका नगर को अपनी छठी 'अनुपम कॉलोनी' घोषित किया है। इसके साथ ही काका नगर दिल्ली की पहली ऐसी आवासीय कॉलोनी बन गई है, जहां पूरी तरह यांत्रिक एवं धूल-रहित सफाई प्रणाली लागू की गई है। इस कदम को राजधानी में पर्यावरण-अनुकूल स्वच्छता व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है।एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने औपचारिक रूप से इस पहल की घोषणा करते हुए कहा कि यह पारंपरिक मैनुअल सफाई से आधुनिक यांत्रिक प्रणाली की ओर एक निर्णायक बदलाव है। उन्होंने बताया कि काका नगर में अब पांच पुश-बैक मैकेनिकल स्वीपर और एक विशेष गॉब्लर मशीन के माध्यम से नियमित सफाई की जा रही है, जिससे धूल के उड़ने में भारी कमी आई है और वायु गुणवत्ता में भी स्पष्ट सुधार देखने को मिल रहा है।

अध्यक्ष ने कहा कि काका नगर अब एनडीएमसी क्षेत्र की उन अन्य कॉलोनियों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिन्हें पहले ही 'अनुपम कॉलोनी' का दर्जा दिया जा चुका है। हालांकि इसकी विशेषता यह है कि यहां सभी सफाई कार्य पूरी तरह मशीनों से किए जा रहे हैं, जिससे यह कॉलोनी स्वच्छता के आधुनिक मॉडल के रूप में उभर रही है। उन्होंने इसे कॉलोनी-स्तरीय स्वच्छता में एक नए युग की शुरुआत बताते हुए कहा कि फिलहाल यह परियोजना पायलट आधार पर लागू की गई है और इसके सफल परिणामों के बाद इसे एनडीएमसी क्षेत्र की अन्य कॉलोनियों में भी विस्तार दिया जाएगा।

# शाहदरा मेट्रो स्टेशन फायरिंग मामले में 4 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मेट्रो यूनिट की शास्त्री पार्क थाने और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास हुई फायरिंग के मामले को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन और एक चोरी की कार, बरामद की है।

दिल्ली मेट्रो पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि 27/28 जनवरी की रात को शाहदरा थाने में एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास ईवी चार्जिंग स्टेशन के पास रस एक कार में सवार चार लोगों ने फायरिंग की है।मौके पर पहुंचने पर, एएसआई शिव दत्त के नेतृत्व वाली टीम ने पाया कि खड़ी पिकअप गाड़ी के सामने बाईं ओर दो गोलियां लगी थीं। शिकायतकर्ता ने बताया कि हमलावर एक कार में आए थे और एक आरोपी ने कई राउंड फायरिंग की और फिर सभी भाग गए।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसएचओ शास्त्री पार्क अरविंद कुमार सिंह और इंस्पेक्टर महेश चंदर स्पेशल स्टाफ की देखरेख में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम में विशिष्ट गुप्त सूचना पर आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास ईस्टर्न अप्रोच रोड पर अपना जाल बिछाकर आरोपी संजीत कुमार /सागर, मोहम्मद जावेद कुरैशी और मुजाहिद को नकली नंबर प्लेट वाली चोरी की कार के साथ गिरफ्तार कर लिया।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्लीवालों की समस्याएं सुन अधिकारियों को समाधान के निर्देश देते हुए।

# मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं समाधान के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से आए दिल्लीवासियों की समस्याएं और सुझाव ध्यान से सुने। 'जनता का शासन, जनता के द्वारा' के अपने संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने न सिर्फ हर शिकायत को गंभीरता से लिया, बल्कि मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।जनसुनवाई में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, टूटी सड़कों, जलभराव और सफाई व्यवस्था जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। मुख्यमंत्री ने हर नागरिक से व्यक्तिगत बातचीत की और उनके प्रार्थना पत्रों पर तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसुनवाई में उठने वाली शिकायतों के निपटारे में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनसुनवाई केवल समस्याएं सुनने का मंच नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे को मजबूत करने का माध्यम है। जब कोई नागरिक सीधे मुख्यमंत्री के सामने अपनी बात रखता है और उस पर कार्रवाई होती है तो प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। हमारी सरकार पूरी तरह जवाबदेह है और दिल्ली के हर नागरिक की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।

जनसुनवाई के दौरान दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आई महिलाओं और मध्यमवर्गीय परिवारों ने होली और दिवाली पर निशुल्क गैस सिलेंडर की राशि देने की योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## कालकाजी हादसे में मृतक के परिवार को आर्थिक सहायत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कालकाजी क्षेत्र में पिछले वर्ष पेड़ गिरने से हुई दुखद दुर्घटना में जान गंवाने वाले सुधीर कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी भी मौजूद रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री के इस मानवीय कदम के लिए आभार जताया और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मृतक की पत्नी सुनीता देवी को विधवा पेंशन उपलब्ध कराई जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया भी शुरू की जाए। उल्लेखनीय है कि यह हादसा भारी बारिश के दौरान हंसराज सेठी मार्ग पर हुआ था।

# कपिल मिश्रा ने किया 20 फुटा रोड के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने करावल नगर विधानसभा में कालीघटा 20 फुटा रोड एवं अन्य गलियों के नवनिर्माण के काम का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण 28 फुटा रोड का निर्माण कार्य भी एक माह के अंदर शुरू हो जाएगा। श्री कपिल मिश्रा ने कहा कि 'विकसित करावल नगर' के लक्ष्य की दिशा में पूरे क्षेत्र का समग्र विकास हो रहा है, अब तक 300 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत हो चुके हैं।

इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने करावल नगर विधानसभा के विकास कार्यों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बस सेवाओं में तीन गुना वृद्धि होनी है, करावल नगर डिपो, भगत सिंह कॉलोनी एवं चौहान पट्टी से कई नई ई बसों की शुरुआत होगी। करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 12 आरोग्य मंदिर खोले जाने हैं, इनमें अब तक तीन का लोकार्पण हो चुका है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि एक अन्य संकल्प 'अटल कैंटीन' भी दिल्ली में पूरा हो रहा है। गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए करावल नगर की पहली अटल कैंटीन की शुरुआत 20 फरवरी से पूर्व हो जाएगी। इसके बाद हर वार्ड में एक अटल कैंटीन शुरू करने का लक्ष्य है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस की खाली भूमि पर एक बड़े और सुंदर पार्क के निर्माण की भी योजना है, आवश्यक स्वीकृतियों के बाद इसे वर्ष 2026 में ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुकुंद विहार में गलियों का निर्माण जल्द शुरू होगा एवं अंकुर एन्क्लेव की शेष गलियों का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। साथ ही प्रमुख मार्ग खजूरी-भजनपुरा-दयालपुर-करावल नगर-शिव विहार के निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य भी जल्द शुरू होगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल से अधूरी पड़ी सीवर लाइन के कार्य भी अब पूरे होंगे। खजूरी से सीवर लाइन की सफाई का कार्य शुरू हो गया है, अगले 3 से 4 माह में सीवर लाइनें शुरू हो जाएँगी। साथ ही हर गली में पक्की सड़क और लम्बे समय से उपेक्षित सभी पंचायत घर और बारात घर के रेनोवेशन का कार्य भी होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दिल्ली वासियों ने चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को अपना खूब आशीर्वाद दिया, इस दौरान लिए गए संकल्पों को पूरा करने की दिशा में दिल्ली सरकार ने होली एवं दिवाली पर मुफ्त एलपीजी गैस सिलेंडर देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

कैबिनेट बैठक में मिली स्वीकृति के बाद अब आगामी होली से पहले 20 फरवरी को पात्र महिलाओं के बैंक खातों में गैस सिलेंडर की राशि सीधे ट्रांसफर कर दी जाएगी। इसी प्रकार दिवाली पर भी एक अतिरिक्त सिलेंडर की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन घरों में पीएनजी (पाइपलाइन गैस) की सुविधा है, उन्हें भी सिलेंडर की समतुल्य राशि सीधे खाते में दी जाएगी।

# जागरूकता ही कैंसर से बचाव का प्रभावी उपाय: विशेषज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश तेजी से बढ़ते कैंसर मामलों के गंभीर संकट की ओर बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2045 तक भारत में नए कैंसर मामलों की संख्या मौजूदा 15 लाख से बढ़कर करीब 24.5 लाख प्रति वर्ष हो सकती है। यह चेतावनी इंडियन कैंसर सोसायटी की दिल्ली इकाई ने देते हुए कहा कि यदि समय पर जांच, रोकथाम और शुरुआती पहचान को राष्ट्रीय प्राथमिकता नहीं बनाया गया, तो आने वाले वर्षों में हालात और भयावह हो सकते हैं। यह चिंता ऐसे समय सामने आई है, जब केंद्रीय बजट 2026-27 में सरकार ने कैंसर उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बजट में कैंसर की दवाओं पर शुल्क में कटौती, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा और इलाज की पहुंच बढ़ाने जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिनका उद्देश्य मरीजों पर आर्थिक बोझ कम करना है।

मंगलवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक मीडिया संवाद में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति विशेषज्ञों और कैंसर से जुड़े चिकित्सकों ने भारत में कैंसर की बढ़ती चुनौती पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने माना कि सरकार के बजटीय कदम इलाज को आसान बनाने में सहायक होंगे, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि केवल उपचार पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है।

## जर्जर मकान की छत गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**नई दिल्ली।** सीलमपुर के ब्रह्मपुरी इलाके में मकान की छत गिरने से एक महिला की मौत हो गई। ब्रह्मपुरी गली नंबर-2 में सोमवार देर रात एक जर्जर मकान की छत गिरने से 62 साल की बुजुर्ग महिला नीना वर्मा की मौत हो गई। हादसे में उनका 13 साल का पोता बाल-बाल बच गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। परिजनों ने मकान मालिक पर आरोप लगाया है कि वह बुजुर्ग को दूसरे मकान में शिफ्ट नहीं होने दे रहा था। जहां हादसा हुआ, वहां दिन में काफी चहल-पहल रहती है। दिन में हादसा होता तो शायद ज्यादा लोग हताहत होते।



कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा करावल नगर विधानसभा में गलियों के नवनिर्माण के काम का शुभारम्भ करते हुए।

# भविष्य में टेक्नोलोजी ओरिएंटेड़ डॉक्टरों की जरूरत: प्रो. योगेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चिकित्सा क्षेत्र में एआई के बढ़ते प्रभाव को लेकर दिल्ली विवि द्वारा "एप्लीकेशन ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हेल्थ साइंसेज" नाम से ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स चलाया जाएगा। इस कोर्स का विधिवत्त शुभारंभ डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि भविष्य में हमें टेक्नोलोजी ओरिएंटेड़ डॉक्टरों की जरूरत है, इसलिए ऐसे कोर्सों की बहुत जरूरत है। कुलपति ने कहा कि ऑनलाइन के साथ-साथ ऐसे वीकेंड ऑफ लाइन कोर्स भी शुरू किए जाने चाहियें। कुलपति ने कहा कि जैसे कंप्यूटर आने पर लोगों को काम छीनने की चिंता हुई थी, वैसे ही एआई को लेकर कुछ लोग चिंता करते हैं कि यह रोजगार छीन लेगा। लेकिन डरने की जरूरत नहीं है, इसके साथ बहुत से रोजगार विकसित होंगे। हम पूर्णत: एआई पर निर्भर नहीं हो सकते। मानवीय कार्यों को पूर्णत: रिप्लेस नहीं किया जा सकता। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि मशीन में समझ तो आ सकती है, लेकिन बुद्धि कहाँ से आएगी! इसीलिए सभी कार्य मशीन आधारित नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि समझ की समझ को विकसित करना ही शिक्षा है। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, डीन अकादमिक प्रो. के. रत्नाबली, डीयू की रिसर्च, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप काउंसिल के चेयरपर्सन प्रो. दिनाबंधु साहू, कोर्स डायरेक्टर प्रोफेसर दमन सलूजा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने की लापता बच्चों के मामलों पर टास्क फोर्स की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी में छोटे बच्चों, विशेषकर लड़कियों के बड़ी संख्या में लापता होने की घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखा है। उन्होंने इन मामलों की गंभीरता से जांच के लिए एक विशेष टास्क फोर्स गठित करने की मांग की है।

देवेन्द्र यादव ने बताया कि वर्ष 2026 के पहले 27 दिनों में ही दिल्ली से 807 लोग लापता हो चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे, किशोरियां और महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन 27 लोगों के गायब होने के बावजूद न तो दिल्ली सरकार और न ही केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने राजधानी की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि हत्या, बलात्कार, लूटपाट, जबरन वसूली और महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

यादव ने पिछले वर्ष के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली में हत्याएं, हत्या के प्रयास, बलात्कार और महिलाओं से जुड़े अपराध यह साबित करते हैं कि पुलिस व्यवस्था आम जनता को सुरक्षा देने में विफल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर केंद्र सरकार "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे नारों का प्रचार करती है, वहीं देश की राजधानी में ही लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब बेटियां सुरक्षित नहीं होंगी तो उनके शिक्षा और भविष्य की बात करना केवल नारा बनकर रह जाएगा।

देवेन्द्र यादव ने जोर देकर कहा कि अधिकतर लापता होने की घटनाएं गरीब परिवारों से जुड़ी हैं और मौजूदा हालात में एक मजबूत जांच तंत्र की सख्त जरूरत है। इसी उद्देश्य से उन्होंने टास्क फोर्स के गठन की मांग की है ताकि राजधानी में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके और लोगों में सुरक्षा का भरोसा बहाल हो।

# घर में हुई चोरी का मामला सुलझा, 1 धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरों पूर्वी जिला पुलिस के जाफराबाद थाने ने घर में हुई चोरी का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से चोरी की सोने की अंगूठी और सोने के झुमकों की एक जोड़ी बरामद की है। दिल्ली के उत्तरों पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि 02. फरवरी को,जाफराबाद थाने में घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई। शिकायतकर्ता, ने बताया कि वह साप्ताहिक बाजार में काम करता है। दोपहर लगभग 01:00 बजे, वह रघुबीर नगर में दुकान लगाने गया था। शाम को घर लौटने पर उसने देखा कि उसके घर से कुछ कैश, एक अंगूठी और झुमकों की एक जोड़ी गायब थी। इसके बाद जाफराबाद थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ जाफराबाद सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक हेड कांस्टेबल नफीस,रवि शंकर और कांस्टेबल आशीष की टीम ने जांच शुरू की। जाँच के दौरान टीम ने सबूत इकट्ठा कर समीर (22) नाम के एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की सोने की अंगूठी और सोने के झुमकों की एक जोड़ी बरामद की है।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# चांदनी चौक के बाजारों म सामान का रखें ख्याल, नहीं तो महिला गैंग कर लेगा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अगर आप चांदनी चौक या फिर उसके आसपास के भीड़ भाड़ वाले इलाके में सामान लेने जा रहे हैं तो अपने सामान की खुद सुरक्षा करें,नहीं तो ध्यान भटका और आपका कीमती सामान चोरी हो सकता है। इसको लेकर दिल्ली पुलिसकर्मी इन बाजारों में विशेषतौर पर अलाउंसमेंट करती रहती है। फिर गैंग अपनी योजना को अंजाम दे ही बैठते हैं। कोतवाली पुलिस ने इन बाजारों में अपनी योजना को अंजाम देने वाली एक महिला गैंग की तीन हसीनाओं को गिरफ्तार करके चोरी के गहने बरामद किये हैं। जिनसे पूछताछ करके उनके बाकी नेटवर्क को पकडने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 28 जनवरी को योजना विहार में रहने वाली एस गर्गा पेशे से हाई कोर्ट की वकील है,जिन्होंने बताया कि दोपहर के वक्त वह अपने सोने/हीरे के हार और सोने की बालियों की मरम्मत के लिए किनारी बाजार, चांदनी चौक आई थीं, जो एक बैग में रखे थे। गहनों की मरम्मत के बाद, जब वह किनारी बाजार से बाहर आ रही थीं, तो किसी ने उनके बैग से हार और 01 जोड़ी सोने की बालियां चुरा लीं। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

एसीपी शंकर बनर्जी की देखरेख में एसएचओ सुमन कुमार के निर्देशन में इंस्पेक्टर ज्ञान प्रकाश, (इंस्पेक्टर लॉ एंड ऑर्डर) की टीम ने किनारी बाजार और चांदनी चौक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। दो संदिग्ध महिलाएं शिकायतकर्ता के बैग से गहने निकालते हुए दिखीं,जिनको बाद में ऑटो रिक्शा से भी जाते हुए देखा गया। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से ऑटो नंबर की जांच के बाद चालक से भी पूछताछ की। जिसके बाद मयूर विहार के चिल्ला गांव से प्रीति और अनमोल को गिरफ्तार किया। दोनों जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं। अनमोल के पास से चोरी हुए हार के 28 पत्थर के टुकड़े बरामद किए गए। उनकी निशानदेही पर सन्नो को भी उसके किराए के घर से गिरफ्तार करके हार का बचा हुआ हीरे-सोने का टुकड़ा और एक जोड़ी झुमके बरामद किए। पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों ट्रेन से दिल्ली आती थीं,चिल्ला गांव में किराए पर मकान लेती थी। चांदनी चौक और उसकी भीड़ भाड़ वाली मार्किट में चोरी और जेबतराशी की वारदात करती थी,जिसके तुरंत बाद ट्रेन से अपने गांव वापस चली जाती थीं। पिछले 10-12 सालों से गैंग काम कर रहा है। किनारी बाजार वारदात के बाद गैंग ने पुलिस से बचने के लिये अलग-अलग ऑटो-रिक्शा बदलकर अपने किराए के कमरों में वापस आ गईं। वे 2-3 दिनों में दिल्ली छोडने वाली थीं।

## युवा शक्ति को बजट का केन्द्र बिंदु बनाया गया: बांसुरी स्वराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह बजट दुरगामी, दुरदर्शी और विकसित भारत की नींव को सुदृढ़ करने वाला बजट है।

प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी और प्रदेश कार्यालय मंत्री बृजेश राय भी उपस्थित थे। बांसुरी स्वराज ने कहा कि निर्मला सीमारण द्वारा लगातार 9वीं बार बजट पेश करना इस बात को दर्शाता है कि भारतीय बजट एक सुरक्षित हाथों में हैं। इस बजट में हर वर्ग के लिए बहुत कुछ है। एक साल के इस बजट में अगले 25 साल का विजन और पांच साल का प्लान है क्योंकि युवा शक्ति को इस बजट का केन्द्र बिंदु बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में आई.टी. सेक्टर के लिए बहुत कुछ है। इलेक्ट्रॉनिक आइटम के मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 40,000 करोड़ रुपये का बजट का प्रावधान किया गया है। बजट 2026 में सरकार ने विदेशी क्लाउड कंपनियों को भारत की ओर आकर्षित करने के लिए बड़ा एलान किया है। विदेशी क्लाउड कंपनियों को भारत में डेटा सेंटर लगाने पर 2047 तक टैक्स छूट देने का प्रस्ताव रखा गया है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 9429/24.09.2018 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम उत्कर्ष पुण्डीर है। भविष्य में भी इसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सोहन सिंह**
**668, बसन्त विहार, निकट साकेत पुलिस चौकी सरवट, मुजफ्फरनगर**

# बहादुरगढ़ हत्याकांड की जांच तेज, घटनास्थल पर पहुंची मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मोहम्मदपुर रुस्तमपुर गांव में मंगलवार तड़के हुई महिला की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की परतें खोलने के लिए बुधवार को मोबाइल फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण सबूत एकत्र किए।

गांव निवासी रीता की मंगलवार तड़के गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ है। परि. जनों की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। बुधवार सुबह जिला मुख्यालय से पहुंची मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट ने मौके पर पहुंचकर कमरे और आसपास के क्षेत्र की गहन पड़ताल की। टीम ने फिंगरप्रिंट्स एकत्र किए, खून के धब्बों और अन्य भौतिक साक्ष्यों के नमूने सुरक्षित किए। इसके साथ ही घटनास्थल की फोटोग्राफी और जियो टैगिंग भी कराई गई, ताकि जांच के दौरान हर तथ्य को प्रमाणिक रूप से जोड़ा जा सके। थाना प्रभारी धीरज मलिक ने बताया कि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। संभावित कारणों में आपसी विवाद, पारिवारिक तनाव और अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा और दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।




## तेज रफ्तार कार पर खतरनाक करतब बाबूगढ़ क्षेत्र में उड़ी नियमों की धज्जियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर नहर के पास सड़क सुरक्षा को चुनौती देने वाली एक खतरनाक हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

वायरल फुटेज में देखा जा सकता है कि एक युवक चलती कार की डिग्गी से छत पर चढ़कर खड़े होकर डांस करता नजर आ रहा है, जबकि दूसरा युवक चालक सीट की खिड़की से आधा शरीर बाहर निकालकर लटकते हुए वाहन को नियंत्रित कर रहा है। तेज रफ्तार में दौड़ती कार पर किए गए इस स्टंट ने न केवल युवकों की जान को जोखिम में डाला, बल्कि सड़क पर मौजूद अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया। घटना बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर नहर मार्ग की बताई जा रही है, जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है। इस तरह की लाप. रवाह हरकतों से किसी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान कराई जा रही है। मामले में मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क पर इस प्रकार के स्टंट न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकते हैं।



## रोजगार को लेकर बड़ा कदम, पूर्व सांसद करेंगे मुख्यमंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में शामिल हापुड़ जिले के गांवों को लेकर 2041 महा-योजना के तहत किए गए प्रस्ताव पर किसानों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। योजना के अंतर्गत पूरे क्षेत्र को आईटी सेक्टर घोषित किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद इसे छोटे किसानों और युवाओं के भविष्य के लिए नुकसानदायक बताया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में हापुड़ जिले के कुल 82 गांव शामिल हैं, जिनमें 70 गांव धौलाना विधानसभा और 12 गांव हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन गांवों में अधिकांश किसान छोटे और सीमांत श्रेणी के हैं, जिनके पास एक से दो बीघा तक ही भूमि है। ग्रामीणों का कहना है कि आईटी सेक्टर बनने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के सीमित अवसर मिलेंगे, जबकि इंडस्ट्रियल एरिया घोषित होने से अधिक संख्या में रोजगार सृजन संभव होगा।

इस मुद्दे को लेकर पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर वार्ता करेंगे। वह मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की वास्तविक स्थिति रखते हुए आईटी सेक्टर को बदलकर इंडस्ट्रियल एरिया घोषित करने की मांग करेंगे, ताकि स्थानीय किसानों और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

पूर्व सांसद ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पहले भूमि से जुड़े मामलों में धारा 80 के तहत पत्राचार किया जा चुका है, जिस पर प्रक्रिया चल रही है। अब 2041 महा-योजना में प्रस्तावित बदलाव को लेकर ग्रामीणों की उम्मीदें सरकार की ओर टिकी हुई हैं।

यदि क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया जाता है तो छोटे-बड़े उद्योग, फैक्ट्रियां और अन्य उत्पादन इकाइयां स्थापित होंगी, जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा और युवाओं को अपने ही इलाके में रोजगार मिलेगा। ग्रामीणों ने सरकार से इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।



## हाइवे पर 24 घंटे सक्रिय हुई पुलिस गश्त, पेट्रोलिंग और चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में पिछले दो महीनों के दौरान 85 लाख और 64 लाख रुपये की लूट की घटनाओं के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर उठे सवालों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। विशेष रूप से पिलखुवा क्षेत्र के हाइवे पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाई गई है और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। 64 लाख रुपये की लूट के मामले में डीआईजी कलानिधि नैथानी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पिलखुवा कोतवाली प्रभारी समेत दो चौकी प्रभारियों को निलंबित किया गया था। इसके बाद थाना पिलखुवा की कमान मनीष चौहान को सौंपी गई। कार्यभार संभालते ही उन्होंने हाइवे सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई टीमों की तैनाती कराई। इसके साथ ही डायल 112 की गाड़ियों की गश्त बढ़ाई गई, जिससे हाइवे पर निगरानी व्यवस्था और सुदृढ़ हुई है। पुलिस प्रशासन ने केवल गश्त बढ़ाने तक ही सीमित न रहकर आमजन और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर भी ठोस पहल की है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में व्यापारियों और बैंक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह सहमति बनी कि यदि कोई व्यापारी बैंक से बड़ी राशि निकालता है, तो बैंक कर्मी उसे सुरक्षा संबंधी जागरूकता देंगे और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित करेंगे। पुलिस और प्रशासन की ओर से व्यापारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि बड़ी रकम के लेन-देन के दौरान सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस प्रशासन 24 घंटे सुरक्षा के लिए तत्पर है और जरूरत पड़ने पर तुरंत सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। व्यापारियों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए सहयोग का भरोसा जताया।



## दहेज की भूख में टूटी शादी, थाने पहुंचकर पिता के छलके आंसू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** थाना धौलाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर खिचरा से दहेज से जुड़ा एक संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां शादी से कुछ दिन पहले ही कथित तौर पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर रिश्ता तोड़ दिया गया। पीड़ित पिता थाने पहुंचा और फूट-फूटकर रोते हुए अपनी आपबीती पुलिस के सामने रखी।

पीड़ित के अनुसार उसने अपनी पुत्री का रिश्ता गाजियाबाद के कैला भट्टा निवासी से तय किया था। 5 जनवरी 2026 को परंपरागत चूड़ी पहनाने की रस्म संपन्न कराई गई थी, जिसमें लड़की पक्ष की ओर से लगभग दो लाख रुपये खर्च किए गए। इसके साथ ही दामाद को अपनाने की रस्म के दौरान 61 हजार रुपये नकद दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पिता ने बताया कि शादी की तिथि 9 फरवरी 2026 तय थी। विवाह कार्ड भी छपवाकर रिश्तेदारों और परिचितों में वितरित किए जा चुके थे। इसी बीच शादी से करीब पांच दिन पहले लड़के पक्ष ने कथित रूप से शादी से इनकार कर दिया। आरोप है कि शहजाद, उसकी मां समीना, भाई गुड्डू और बहनोई कासिम ने बलेनो कार और दो लाख रुपये नकद दहेज की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर रिश्ता तोड़ने का दबाव बनाया गया। पीड़ित का कहना है कि अचानक रिश्ता टूटने से परिवार मानसिक रूप से टूट गया है। समाज में बदनामी और रिश्तेदारों के सवालों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप यह भी लगाया गया है कि विरोध करने पर पीड़ित पक्ष को गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। थाना प्रभारी अवनीश शर्मा ने बताया कि मामले में पीड़ित की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। सभी आरोपों की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## कैंसर से लड़ाई में जागरूकता हथियार, जीएस में हुआ बड़ा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित जीएस कैंसर संस्थान द्वारा कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए और कैंसर जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डा. ललिता सिंघल ने विश्व स्तर पर कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके प्रमुख कारणों और बदलते जीवनशैली से जुड़े जोखिम कारकों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जागरूकता और नियमित जांच से कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में संभव है, जिससे इलाज की सफलता दर काफी बढ़ जाती है। मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डा. विनोद त्यागी ने कहा कि कैंसर की समय पर पहचान और त्वरित उपचार से मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरण में रोग का पता चलने पर उपचार अधिक प्रभावी और कम जटिल होता है, जिससे मरीज जल्द स्वस्थ हो सकता है।

मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. शरद ने कहा कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बीते एक वर्ष में जीएस कैंसर संस्थान में हजारों कैंसर मरीजों का सफल उपचार किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग समय रहते जांच कराकर बीमारी से बचाव कर सकें। कार्यक्रम में मेडिकल डायरेक्टर डा. रुपाली, चीफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डा. एस. कुमार, डिप्टी डायरेक्टर मनोज शिशोदिया और एस.एन. सिंह, अनुराग शर्मा सहित संस्थान के सभी वरिष्ठ चिकित्सक, विशेषज्ञ डाक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया।

### एक नजर

## डहरा कुटी में हुआ विशाल हिन्दू सम्मेलन साध्वी सरस्वती ने सामाजिक चेतना और राष्ट्रभाव का किया आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के डहरा कुटी परिसर में बुधवार को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रभाव और सामाजिक एकता को मजबूत करना बताया गया। मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा से आईं साध्वी सरस्वती ने अपने संबोधन में समाज को आत्मबल, संस्कार और संगठन के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक मूल्यों के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से आहवान किया कि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझते हुए समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर साहस और आत्मसम्मान के साथ आगे आएं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश खांडेकर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ऐतिहा. सिक योगदान और राष्ट्र निर्माण में भूमिका का उल्लेख किया।

## विश्व कैंसर दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए जन जागरूकता कार्यक्रम में स्टूडेंट्स और शिक्षकों समेत स्टाफ कर्मियों को अहम जानकारी दी गई। गढ़ में शाहपुर रोड पर स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हुए विशेष संवाद कार्यक्रम में स्कूल के हेल्थ ऑफिसर डा. दीपक शर्मा ने कैंसर की विश्वव्यापी समस्या पर विस्तार से चर्चा कर निदान और समाधान के प्रति अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैंसर कोई असाध्य बीमारी नहीं है, परंतु समय रहते इसके लक्षणों की जानकारी करते हुए चिकित्सकों के परामर्श से मेडिकल जांच कराया जाना सर्वाधिक जरूरी है। पुष्टि होने पर अगर सही ढंग में उपचार कराया जाए तो इससे निजात मिलना पूरी तरह संभव है। उन्होंने कहा कि यह रोग छुआछूत वाला नहीं है, इसलिए रोगी को छूने अथवा उसके साथ बैठने और बात करने से यह नहीं फैलता है। इसलिए कैंसर रोगी को मानसिक साहस एवं उसके साथ खुशियां बांटने का भी प्रयास करें। तंबाकू, धूम्रपान, अव्यवस्थित जीवनशैली को कैंसर का प्रमुख कारण बताकर इनसे बचने को जागरूक भी किया। स्कूल प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने स्टूडेंट्स और शिक्षकों के साथ ही बस चालक परिचालक एवं स्टाफ कर्मियों को नशाखोरी से पूरी तरह दूर रहने का संकल्प दिलाया। वाइस प्रिंसिपल युधिष्ठिर यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, ब्रजसिंह, विनोद शर्मा, रवीश चौधरी, प्रांजल शर्मा, रोहित कुमार, तनीषा भड़ाना, छायाकार शान महोम्मद समेत सैकड़ों स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

## कल्याणं करोति नेत्र संस्थान में हुआ नवनिर्मित प्रशिक्षण भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धन।** कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा संचालित प्रवीण दलाल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑपथैल्मोलाजी, गोवर्धन रोड, मथुरा स्थित नवनिर्मित प्रशिक्षण भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आज प्रातः 11 बजे कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, जचौंदा, गोवर्धन रोड, मथुरा पर आयोजित किया जा रहा है। नवनिर्मित प्रशिक्षण भवन के लोकार्पण से नेत्र चिकित्सा एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में संस्थान की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं विस्तृत स्वरूप प्राप्त होगा। इस भवन के माध्यम से भावी नेत्र चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं तकनीकी कर्मियों को आधुनिक तकनीक, उन्नत शल्य प्रक्रियाओं, क्लिनिकल प्रशिक्षण तथा अनुसंधान आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, इससे संस्थान द्वारा जनसामान्य को प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्ता की नेत्र चिकित्सा सेवाओं की क्षमता एवं प्रभावशीलता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। संस्थान सचिव सुनील कुमार यादव ने बताया कि संतजनौं, जन प्रतिनिधि, समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी जनों एवं समाज के गणमान्य जनों की मौजूदगी में प्रशिक्षण संस्थान का विधिवत शुभारंभ होगा। क्षेत्रीय युवाओं को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार पाने की संभावनाएं प्रबल होंगी।

## खनन माफिया सरकार को लगा रहे है चूना, किसानों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अवैद्य खनन पर पूरी तरह रोक लगी होने के बाद भी अवैध रूप से मिट्टी खनन होने से सरकारी राजस्व को चूना लगने के साथ ही सडकें टूटने से किसानों को खूब दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं। समाज सेवी सुमित के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है, जिसमें उल्लेख किया है कि सीएम योगी द्वारा पूरी तरह रोक लगाए जाने के बाद भी बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव चित्तौड़ा के जंगल में धड़ल्ले के साथ मिट्टी खनन का गोरखधंधा परवान चढ़ रहा है। जिससे सरकारी राजस्व को लाखों रुपये प्रतिदिन का चूना लगने के साथ ही धूल उडने से प्रदूषण बढना गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके अलावा मिटी से भरे डंपरों का आवागमन होने से सडकें लगातार टूट रही हैं, जिससे किसानों को अपने खेतों से गन्ना लाना बड़ी चुनौती हो रही है। किसानों का कहना है कि मिट्टी खनन करने वाले लोग दबंग प्रवृत्ति से जुड़े हुए हैं, जो विरोध करने वालों से अभद्रता करने के साथ ही तरह तरह की धमकी भी दे रहे हैं। किसानों ने अवैध मिट्टी खनन पर सख्ती से रोक लगवाने के साथ ही संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है। एसडीएम श्रीराम सिंह का कहना है कि इस संबंध में राजस्व टीम से जांच कराकर खनन विभाग और पुलिस के माध्यम से अग्रिम कार्रवाई कराई जाएगी।

## लालपुर में सरेराह हमला, नमाज के लिए निकले युवक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** थाना धौलाना क्षेत्र के गांव लालपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नमाज अदा करने के लिए घर से निकले एक युवक पर कथित तौर पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलाना में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पीड़ित की मां गुलिस्ता ने आरोप लगाया कि उनका पुत्र गुफरान रोज की तरह नमाज पढ़ने के लिए जा रहा था। इसी दौरान पहले से रंजिश रखने वाले कुछ लोगों ने उस पर लोहे की वस्तु से सिर पर वार कर दिया। अचानक हुए हमले से गुफरान मौके पर ही गिर पड़ा और लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता का आरोप है कि इससे पहले भी गुफरान पर तीन बार हमला किया जा चुका है, लेकिन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने के कारण उनके हौसले बढ़ते गए। उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि गांव लालपुर से मारपीट की सूचना प्राप्त हुई है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस टीम को मौके पर भेजकर जांच शुरू कर दी गई है। मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।




## क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली होनहार बेटी का हुआ जोरदार अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** राजस्थान में खेली गई बालिका वर्ग की अंडर 17 कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर लौटी होनहार बेटी और उसकी टीम का गांव में पहुंचने तक जगह जगह भव्य अभिनंदन हुआ।

गढ़ क्षेत्र के गांव नानपुर निवासी शीतल सिंह की होनहार बेटी निधि ने अपनी प्रतिभा के बल पर परिवार समेत गांव का नाम रोशन किया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में खेली गई बालिका वर्ग की अंडर 17 कबड्डी चैंपियनशिप में निधि के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के बल पर टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। राजस्थान से लौटकर आई निधि और उसकी टीम के स्वागत को परिजनों समेत ग्रामीणों की भीड़ गढ़ में हाईवे किनारे एकत्र हो गई। जैसे ही होनहार बेटी की टीम वहां पहुंची तो जयकारों के बीच ग्रामीणों ने जमकर पुष्पवर्षा की। समाजसेवी डा.अनिल मोरल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा.मनोज अधाना, प्रधान दिनेश कुमार, छात्र नेता रोरि. हत गुर्जर ने कहा कि साधारण किसान परिवार में जन्मी निधि मोरल ने अपनी प्रतिभा के बल पर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के साथ ही बहन बेटियों को अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढने के लिए एक प्रेरणा भी दी है।

## सिंभावली चीनी मिल समूह ने दिया भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** चीनी मिल समूह ने बकाया गन्ना मूल्य मद में 14.91 करोड़ का भुगतान अदा किए जाने से आर्थिक तंगी में घिरे किसानों को राहत मिली। किसान हित को देखते हुए मिल का संचालन सुचारू रखने के लिए आईआरपी के तौर पर अनुराग गोयल की नियुक्ति की हुई है। आईआरपी ने बताया कि साप्ताहिक भुगतान के तहत बकाया गन्ना मूल्य मद में 14.91 करोड़ की रकम अदा की गई है। जिसमें सिंभावली चीनी मिल को 11.23 करोड़ और ब्रजनाथपुर चीनी मिल को 3.68 करोड़ की रकम अदा की गई है। उन्होंने बताया कि गन्ना भुगतान मद में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिक मात्रा में चीनी की बिक्री करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। आईआरपी ने बताया कि तीन फरवरी तक सिंभावली चीनी मिल एवं ब्रजनाथपुर चीनी मिल द्वारा कुल 870.70 करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान अदा किया जा चुका है, जिससे जरूरतमंद किसानों को बड़े स्तर पर राहत मिल रही है।

## नौहझील प्राइमरी स्कूल प्रकरण में कांग्रेस का प्रधानाध्यापक को समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर बुधवार को नौहझील स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। ग्रामीणों व विद्यालय स्टाफ से बातचीत के बाद श्री धनगर ने कहा कि प्रधानाचार्य जान मोहम्मद के विरुद्ध लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद हैं।उन्होंने बताया कि जानकारी करने पर सामने आया है कि जान मोहम्मद लंबे समय से विद्यालय में आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। श्री धनगर ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक ताकत अपेक्षित समर्थन न मिलने के बाद इस तरह के मामलों को उछाल कर क्षेत्र में नफरत और ध्रुवीकरण का माहौल बनाना चाहती हैं, ताकि आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनावों की तैयारी की जा सके। उन्होंने जनता से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने जिलाधिकारी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले में प्रशासनिक तत्परता अफसोसजनक और नियमों के प्रतिकूल है। बिना समुचित जांच के कार्रवाई करना अन्याय है। कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी।

# छह वाहन चोर गिरफ्तार, चार गाड़ी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना पुलिस ने चार पहिया वाहन चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ा है। गिरोह लंबे समय से नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा समेत कई राज्यों में सक्रिय था। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई चार कारें भी बरामद की गई हैं।

गिरोह अब तक 200 से अधिक चार पहिया वाहनों की चोरी कर चुका है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि गिरोह के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते थे। इसके लिए वे एक सलेटी रंग की टैक्सी गाड़ी का इस्तेमाल करते थे। रात के समय चालक बदल-बदल कर गिरोह के सदस्य अलग-अलग इलाकों में घूमते हैं और यह चिन्हित करते हैं कि किन जगहों पर वाहन चोरी करना आसान है।

**प्रोग्रामर और जीपीएस हैमर लगाकार करते चोरी:** रेकी के बाद गिरोह के सदस्य तय समय पर पहुंचते हैं। रात के अंधेरे में प्रोग्रामर की मदद से गाड़ी का लॉक तोड़ा जाता है। इसके बाद चोरी की गई कार में तुरंत जीपीएस हैमर लगा दिया जाता है, जिससे वाहन का जीपीएस सिस्टम काम करना बंद कर देता है और पुलिस को लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी होती है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की गई कारों को वे राजस्थान, हरियाणा और अन्य राज्यों में ऑन-डिमांड बेचते हैं। जो गाड़ियां नहीं बिक पाती थीं, उनके पुर्जे अलग कर दिए जाते हैं। इन पुर्जों को दिल्ली के अलग-अलग ऑटो पार्ट्स बाजारों में बेचा जाता था। इससे मिलने वाली रकम को गिरोह के सभी सदस्य आपस में बांट लेते थे।

**2013 से कर रहे थे वारदात:** एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि गिरोह साल 2013 से लगातार वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। इतने लंबे समय तक सक्रिय रहने के कारण गिरोह के सदस्य अलग-अलग राज्यों में पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे। नोएडा और गाजियाबाद के अलावा अमरोहा और राजस्थान में भी इनकी गति. विधियां सामने आई हैं।

**लंबा-चौड़ा है आपराधिक इतिहास:** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संभल निवासी समीर उर्फ दाऊद उर्फ कुंजा और सलीम, दिल्ली निवासी आजाद, राजस्थान के जोधपुर निवासी मोहसिन और फैसल के रूप में हुई है। समीर इस गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। उसके खिलाफ दिल्ली और नोएडा के विभिन्न थानों में 14 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा अमरोहा में भी उसके द्वारा कई वारदातें की गई हैं। सलीम के खिलाफ सात मामले दर्ज हैं। आजाद के खिलाफ अलग-अलग थानों में 38 मुकदमे दर्ज हैं। एक अन्य सलीम के खिलाफ चार केस हैं। मो. हसिन के खिलाफ तीन केस दर्ज हैं।फैसल के खिलाफ भी तीन मामले दर्ज हैं।

**पांचवीं से नौवीं तक पढ़े हैं आरोपी:** पुलिस के अनुसार सभी आरोपी पांचवीं से लेकर नौवीं कक्षा तक पढ़े-लिखे हैं। अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करने वाली सेक्टर-39 थाना पुलिस की टीम को डीसीपी नोएडा ने 25 हजार का नकद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में अहम साबित होगी। पुलिस ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

# सांसद महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह ने किया स्काईवॉक का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 और 63 के बीच मॉडल टाउन गोलचक्कर पर बनने वाला यह स्काईवॉक इस क्षेत्र की यातायात समस्याओं को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि आज स्काईवॉक का शिलान्यास सांसद डॉ. महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया और इसकी अनुमानित निर्माण लागत 26.34 करोड़ रुपये से लेकर कुछ रिपोर्टों के अनुसार 43 करोड़ रुपये तक हो सकती है और यह स्काईवॉक नोएडा प्राधिकरण की उस बड़ी योजना का हिस्सा है,जिसके तहत सेक्टर-62 से मामुरा तक के 3.5 किलोमीटर के रास्ते को 'मॉडल रोड' के रूप में विकसित किया जा रहा है।



यह 400 से 530 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़ा एक वृत्ताकार स्ट्रक्चर होगा। सुरक्षा के लिए इसमें स्टील/लोहे की छत होगी,जो पैदल यात्रियों को धूप और बारिश से बचाएगी और दिव्यांगों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए इसमें चार प्रमुख स्थानों पर एंट्री-एग्जिट के साथ लिफ्ट और एक्सीलेटर (स्वचालित सीढ़ियां) लगाई जाएंगी और यह स्काईवॉक दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर स्थित मौजूदा फुट ओवर ब्रिज से भी जोड़ा जाएगा, जिससे गाजियाबाद या दिल्ली से आने वाले यात्री सड़क पार किए बिना सीधे नोएडा में प्रवेश कर सकेंगे और वर्तमान में यहाँ प्रतिदिन लगभग 50,000 पैदल यात्री सड़क पार करते हैं। स्काईवॉक बनने से पैदल यात्रियों की दुर्घटनाओं काजोखिम समाप्त होगा और वाहनों को रेड सिग्नल पर नहीं रुकना पड़ेगा,जिससे जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी लेकिन इस प्रोजेक्ट को लगभग 6 महीने से 1 साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर समसपुर गांव के पास बुधवार को एक सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। सड़क पर बने गड्ढे के कारण ट्रैक्टर पर लगी मिक्सचर मशीन अनियंत्रित हो गई, जिससे उस पर सवार एक मजदूर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान बुलंदशहर के सलेमपुर गांव निवासी 26 वर्षीय अफजाल के रूप में हुई है। अफजाल मजदूरी का काम करते थे। बुधवार दोपहर वह काम के लिए एक ट्रैक्टर के पीछे जुडी मिक्सचर मशीन पर बैठकर जा रहे थे। समसपुर गेट के सामने से गुजरते समय दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर अचानक गड्ढा आ जाने से मशीन असंतुलित हो गई। मशीन से गिरने के कारण अफजाल के सिर में गंभीर चोटें आईं। उनके साथियों ने उन्हें तुरंत दनकौर स्थित निम्स अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना मिलने पर दनकौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था।

# पूर्व प्रधान पति की सड़क हादसे में मौत

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र के मेवला गोपालगढ़ गांव में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में पूर्व प्रधान पति की मृत्यु हो गई। घने कोहरे के कारण हुई इस घटना में अज्ञात वाहन ने मार्निंग वॉक पर निकले 65 वर्षीय सुखबीर सिंह तालान को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुखबीर सिंह का सिर वाहन के नीचे कुचल गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के पुत्र नरेंद्र सिंह तालान ने बताया कि उनके पिता रोज की तरह सुबह पैदल अपनी दुकान जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।

# 11 लाख के गांजा के साथ चार गिरफ्तार



**ओडिसा से नोएडा लाते थे गांजा, पीजी कॉलेज और मजदूर थे टारगेट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का फेस तीन थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बुधवार को गिरोह के चार तस्करों को गिरफ्तार किया । आरोपियों के कब्जे से हाइ क्वासलिटी का करीब 30 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी जा रही है।

एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान बिहार के सुपौल निवासी 24 साल के सरवन चौधरी, बुलंदशहर के बीवी नगर निवासी 26 साल का लव कुमार, बिहार के सीतामढ़ी निवासी 22 साल नीतीश कुमार और 20 साल राज नारायण कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। सभी आरोपी कम उम्र के हैं, इसके बावजूद इनका आपराधिक इतिहास लंबा है। पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया है कि इनमें से कई आरोपी पहले भी नशा तस्करी और अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस को काफी समय से ओडिशा से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई किए जाने की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर टीम ने गोपनीय जानक. ारी जुटाई और बुधवार को जाल बिछाकर चारों तस्करों को पकड़ा।

**एनसीआर के शहर है टारगेट:** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा लाकर पहले दिल्ली पहुंचाते थे। इसके बाद दिल्ली से नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा समेत एनसीआर के अन्य शहरों में इसकी सप्लाई की जाती थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरा. ेपी गांजे की आपूर्ति मुख्य रूप से कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट, पीजी और मजदूर वर्ग के लोगों को करते थे। कम दाम में नशा उपलब्ध कराने का लालच देकर वे युवाओं को अपने जाल में फंसाते थे।

**खरीदारों का डेटा जुटा रही पुलिस:** पुलिस अब उन लोगों की जानकारी जुटा रही है, जो इन आरो. पियों से गांजा खरीदते थे। इसके लिए कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और एनसीआर में नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहा था। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

## एक नजर

### पीएम किसान निधि में रजिस्ट्री कराई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में 48112 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री के मुकाबले अब तक 28561 किसानों ने रजिस्ट्री कराकर लाभ प्राप्त किया है। ऐसी स्थिति में 19551 किसान पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो सकते हैं। कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा गांव में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें 28561 किसानों ने रजिस्ट्री कराकर यूनिक कोड प्राप्त किया है।

### सफाई में लापरवाही पर नोएडा प्राधिकरण सख्त, एजेंसी पर 50 हजार का जुर्माना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगातार गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देश पर विभिन्न मार्गों, सेक्टरों, गांवों और प्रमुख नालों में प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण, नालियों से फ्लोटिंग मटेरियल हटाने और डोर-टू-डोर कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है।

इसी क्रम बुधवार को सेक्टर-81, ग्राम भंगेल व नगला चरणदास क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कूड़े के ढेर मिले और नालियां ओवरफ्लो पाई गईं। जांच में यह लापरवाही संबंधित ठेकेदार एम/एस एक्समैन राघव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पाई गई। लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने एजेंसी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही संबंधित सहायक परियोजना अभियंता (जन स्वास्थ्य) द्वितीय से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। वहीं, संबंधित अवर अभियंता (जन स्वास्थ्य) को चेतावनी जारी की गई है। प्राधिकरण ने कार्रवाई को और सख्त करते हुए उक्त क्षेत्र में तैनात तीन सफाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इसके अलावा कार्यरत सुपरवाइजर कपिल की सेवाएं भी समाप्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### गमी में गए परिवार के घर चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के यूसुफपुर चक शाहबेरी में रहने वाला परिवार चाचा के निधन पर अपने गांव गया। इसी बीच बदमाशों ने घर में घुसकर गहने और नगदी चोरी कर ली। पड़ोसी ने पीड़ित को फोन कर घटना की जानकारी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यूसुफपुर चक शाहबेरी में धीरज परमार परिवार के साथ रहते हैं। उन्हें 22 जनवरी को अपने चाचा के निधन की सूचना मिली। वह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ गांव चले गए। पड़ोसी करण सिंह ने 23 जनवरी को फोन कर उनके घर का जाल खुला होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार वापस घर पहुंचा तो अलमारी से गहने और रुपये गायब मिले। पीड़ित की शिकायत पर बिसरख थाना पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए आज पहुंचेंगी उत्तर पुस्तिकाएं

**नोएडा।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जनपद में बुधवार को उत्तरपुस्तिकाएं आएंगी। शनिवार से केंद्रों पर उत्तरपुस्तिकाओं को पहुंचाने का काम जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से किया जाएगा। जनपद में परीक्षा के लिए 60 केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल व इंटर के प्रश्नपत्र पहले ही जीजीआईसी सेक्टर-12 में आ चुके हैं। अब उत्तरपुस्तिकाओं के आने के बाद इनका वितरण शुरू होगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक राज. ेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उत्तरपुस्तिकाएं आने के बाद इन्हें केंद्रों पर पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही एक-दो दिन में प्रवेश पत्र भी आ जाएंगे। वहीं, 9 फरवरी तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं चलेंगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से आरंभ होकर 12 मार्च तक चलेगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 42,674 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उत्तरपुस्तिकाओं में इस बार कई बदलाव किए गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि उत्तरपुस्तिकाओं का आकार क्षैतिज नहीं रखकर लंबवत किया गया है यानी परीक्षार्थियों को वही आकार मिलेगा, जिसमें वे वर्षभर लिखते हैं। इससे उन्हें लिखने में न तो असुविधा होगी और न ही असहजता महसूस होगी।

उत्तरपुस्तिकाएं प्राप्त करते समय केंद्र व्यवस्थापक को विद्यालय का लेटरहेड, केंद्र व्यवस्थापक की मोहर एवं हस्ताक्षर सहित आवश्यक अभिलेख साथ लाना अनिवार्य होगा। उत्तरपुस्तिकाओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे।

# शिक्षिका से छेड़छाड़ के आरोप में खेल प्रशिक्षक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित विद्यालय की शिक्षिका ने खेल प्रशिक्षक पर अश्लील बातें करने और छेड़छाड़ करने का आरोप लगा थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में विद्यालय प्रबंधन से भी संपर्क किया था। दिल्ली निवासी महिला ने बताया कि वह थाना क्षेत्र स्थित स्कूल में बतौर योग शिक्षक अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्हें यहां संविदा पर रखा गया है। मुकेश कुमार नाम का युवक स्कूल में खेल प्रशिक्षक है। महिला का आरोप है कि मुकेश आए दिन उसके साथ छेड़खानी करता। कई बार बच्चों के सामने गलत हरकत करता।

वह मेट्रो स्टेशन तक छोड़ने के बहाने भी छेड़छाड़ कर चुका था। यही नहीं मना करने के बावजूद आरोपी ने महिला के मोबाइल पर अश्लील लिंक भेजा। उसने लिंक को देखने का दबाव बनाया। महिला के विरोध करने पर उसने अपनी गलती मानी, लेकिन मोबाइल पर अश्लील वीडियो और फोटो भेजना जारी रखा। उसने शिक्षिका के फोटो को लेकर आपत्ति. जनक बातें भी कीं। शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि आरोपी ने कई बार सुनसान जगह पर उसको छूने का भी प्रयास किया। आरोपी की हरकतों से महिला बीते कई दिनों से परेशान चल रही थी। महिला का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी कई महिलाओं के साथ इस प्रकार की हरकतें कर चुका है। पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# कैंसर ट्रीटमेंट के लिए सरकार युद्ध स्तर पर चलाए अभियान: पंडित रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 4 फरवरी को दुनिया कैंसर डे मनाती है। और दुनिया में लगातार बढ़ते कैंसर के मरीज और कैंसर के कारण हो रही मौतों को लेकर नोएडा सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक एवं ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष पंडित रवि शर्मा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार 2022 में दुनिया भर में कैंसर से मरने वाले मरीजों की संख्या लगभग 97 लाख थी। अकेले भारत में 2019 में लगभग 9.3 लाख मौत कैंसर से हुई है। हर वर्ष यह आंकड़ा 15 से 20% के अनुपात में बढ़ रहा है जो की बेहद ही चिंताजनक है। श्री शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ा दुख इस बात का है कि जब तक व्यक्ति को पता चलता है कि उसे कैंसर हुआ है



तो वह कैंसर के आखिरी स्टेज में पहुंच चुका होता है और उसके बचने की संभावना न के बराबर होती है। श्री शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ा दुख इस बात का होता है कि आदमी की जमा पूंजी भी खत्म हो जाती है और मरीज भी नहीं बचता। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कैंसर से बचाव के लिए युद्ध स्तर पर प्रोग्राम चलाए जाने चाहिए। जिस तरह से हर जिले में सरकारी अस्पताल होते हैं ठीक उसी तरह से हर जिले में कैंसर का अस्पताल भी बनना चाहिए जहां पर कैंसर की जांच से लेकर कैंसर के इलाज तक के लिए सारे संसाधन उपलब्ध हो और वह भी बिल्कुल मुफ्त। पंडित रवि शर्मा ने कहा कि हम जागरूकता से कैंसर पर जीत हासिल कर सकते हैं क्योंकि अर्ली डिटेक्शन, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और रेगुलर स्क्रीनिंग से कैंसर बर्डन कम किया जा सकता है। समय पर डायग्नोसिस और मल्टी-डिसिप्लिनरी व पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट अप्रोच मिलकर कैंसर ट्रीटमेंट के नतीजों में उल्लेखनीय सुधार ला सकते हैं।

# जिला बदर बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने जिला बदर होने के बावजूद जनपद की सीमा में रहने वाले आरा. ेपी को महर्षि आश्रम गोशाला कट के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिसरख थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी अन्नू उर्फ अभिषेक कसाना के रूप में हुई।

वह लंबे समय से वांछित भी चल रहा था। आरोपी के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में आठ केस विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। उस पर गुंडा ऐक्ट भी लगा हुआ है। आरा. ेपी के पास से तमंचा बरामद हुआ है।

# बादलपुर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से बादलपुर को जीरो वेस्ट एवं आत्मनिर्भर गांव बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। गांव में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की औपचारिक शुरुआत हो गई है। प्राधिकरण फीडबैक फाउंडेशन के सहयोग से इस कार्य को करा रहा है। प्राधिकरण से उपलब्ध कराए गए वाहन के जरिए अब घर-घर से नियमित रूप से कचरा एकत्र किया जाएगा, जिससे खुले में कचरा फेंकने की समस्या समाप्त होगी और गांव की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में सुधार होगा।

इस बाबत स्वास्थ्य विभाग और फीडबैक फाउंडेशन की बैठक की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि गांव से एकत्र किए गए सूखे कचरे (ड्राई वेस्ट) को गांव के मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर में सेग्रिगेट कर उसे रीसाइकिल किया जाएगा, जिससे कचरे की मात्रा कम होगी और कचरे से उत्पाद तैयार किए जा सकेंगे। बादलपुर को जीरो वेस्ट गांव बनाने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। इसके लिए फीडबैक फाउंडेशन की टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के तरीके समझाए गए तथा स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य के लाभों के बारे में जागरूक किया गया। यह पहल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, फीडबैक फाउंडेशन और ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि यह प्रयास न केवल बादलपुर की स्वच्छता एवं पर्यावरण सुधार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आसपास के अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल है। इससे ग्रेटर नोएडा को और अधिक स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने में मदद मिलेगी।

# यीडा का बड़ा एक्शन: हेरिटेज सिटी व राया अर्बन सेंटर की 25 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर को प्राधिकरण ने बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई करते हुए हेरिटेज सिटी और राया अर्बन सेंटर जैसे प्रोजेक्ट्स की लगभग 25 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।



यह भूमि ग्राम पिपरौली खादर, अरूवा खादर एवं पानी गांव खादर स्थित है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 1000 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान मथुरा के हेरिटेज सिटी क्षेत्र में निर्माणाधीन अवैध होटल, ढाबों और कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। यमुना नदी के किनारे लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में विक. सित की जा रही अवैध कॉलोनी पर भी बुलडोजर चला। इसके अलावा हेरिटेज सिटी के कोर एरिया में ग्राम अरवा खादर एवं ग्राम पिपरौली खादर में बन रही दो बड़ी अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि हेरिटेज सिटी मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जहां नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण किए जा रहे थे। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि ऐसे किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मांट रितु सिरोही एवं क्षेत्राधिकारी पी. सिंह के नेतृत्व में 11 थानों की पुलिस फोर्स, भारी संख्या में पुलिस बल एवं पीएसी तैनात रही। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से सायं 6 बजे तक चली। प्राधिकरण ने साफ शब्दों में कहा है कि भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। यह पूरी कार्रवाई यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें डिप्टी कलेक्टर शिव अवतार सिंह, अभिषेक शाही एवं कृष्ण गोपाल त्रिपाठी मौजूद रहे।

# भनौता में चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित ग्राम भनौता के खसरा संख्या 135 की जमीन पर अवैध निर्माण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाकर करीब 10 हजार वर्ग मीटर एरिया पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया, जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपए होने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग की वर्क सर्कल दो की टीम ने यह कार्रवाई की है।



कालोनाइजर बाउंड्री कर प्लॉटिंग की कोशिश कर रहे थे। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी। एसीईओ ने अपील भी की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि भनौता के खसरा संख्या 135 की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई थी। वर्क सर्किल दो की टीम ने प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मौके पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

**Information**

I Mamtesh mother of Taksheel studies in class 8th(90/2022)at St. Antony School. His name is Taksheel Choudhary and my name is Mamtesh Choudhary in school records which is wrong. My son's Aadhaar number is 658304463324, and my Aadhaar number is 366384018228. In future, my son should be known as Taksheel and my name should be known as Mamtesh.

# एडीएम के खिलाफ पंचायत सचिवों ने दिया धरना

## सचिवों के साथ एडीएम द्वारा किए गए गलत व्यवहार से आक्रोश, समाधान न होने तक दी धरना जारी रखने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम पंचायत अधिकारी समप्वय समिति के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सचिवों ने एडीएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने बुधवार को एडीएम के खिलाफ विकास भवन में धरना दिया। डीडीओ के आश्वासन पर प्रतिनिधि मंडल डीएम से वार्ता करने के लिए कलक्ट्रेट पहुंचा, मगर वार्ता सफल नहीं हुई, जिस पर ग्राम सचिवों ने एडीएम के माफी न मांगने तक कार्य का बहिष्कार कर धरना जारी रखने की चेतावनी दी।



विकास भवन में शनिवार को डिजिटल क्राप सर्वे की बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सचिवों के साथ अभ्रद भाषा का प्रयोग किया था। उन्होंने सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की चेता. वनी देकर उन्हें बैठक से बाहर निकाल दिया था, जिसके विरोध में ग्राम सचिवों ने एडीएम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर माफी मांगने की मांग की थी। उन्होंने सोमवार को डीएम आवास पर डीडीओ को ज्ञापन देकर माफी न मांगने पर बुधवार से कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल करने की चेतावनी दी थी। बुधवार को ग्राम सचिव एकत्रित होकर विकास भवन पहुंचे और एडीएम के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। उन्होंने एडीएम के खिलाफ नारेबाजी की। धरने में पहुंचे जिला विकास अधिकारी राहलु वर्मा ने ग्राम सचिवों को डीएम से वार्ता करने के लिए कहा, जिस पर एक प्रतिनिध मंडल एडीएम के खिलाफ डीएम से वार्ता करने के लिए कलक्ट्रेट पहुंचा, मगर उनकी वार्ता विफल रही। ग्राम सचिवों का कहना था कि अधिकारियों को इस प्रकार की भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रशासन को पहले दो दिन का समय दिया गया था, लेकिन एडीएम ने उनके साथ की गई अभद्रता के लिए माफी नहीं मांगी। उनका कहना था कि ग्राम सचिव एसआईआर, फैमिली आईडी, गोशाला का संचालन करने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत से संबंधित कार्य, पेंशन, राशन कार्ड का सत्यापन सहित सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंन एडीएम के माफी न मांगने तक कार्य का बहिष्कार कर धरना जारी रखने की चेतावनी दी। इस मौके पर समिति के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, महामंत्री अंकुर भारद्वाज, दीपा मलिक, जोनी चौधरी, अमित कुमार, प्रिंस कुमार जैन, विपिन कुमार, गौरव तोमर, अनुज कुमार, पवन राणा, राहुल कुमार, भूपेन्द्र, देशपाल, बोबी, अमित वर्मा, विक्रांत, संदीप, प्रदीप कुमार, हरिओम त्यागी आदि मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** जिलाधिकारी के आदेश के चलते रटौल में झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। तहस. ीलदार वृतिका श्रीवास्तव ने रटौल पहुंच झोलाछाप डाक्टरों के यहा छापेमारी की जिससे अधिकांश डाक्टर दुकान बंद कर फरार हो गये जबकि तीन डाक्टरों के यहा पहुंच उन्हें कागजात दिखाने को कहा गया है।

जिले में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार के चलते डीएम ने सख्त कदम उठाये है, उन्होंने बागपत में जहा भी झोलाछाप डाक्टर है उनके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिये है। रटौल कस्बें में तहसीलदार वृतिका श्रीवास्तव ने दोपहर को पहुंच झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने सबसे पहले कैनरा बैक के समीप एक चिकित्सक के यहा छापा मार जहा मौजूद चिकत्सक ने अपने कागजात दिखाने में असमर्थता दिखाई। रटौल में झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कारवाही की सूचना पर कस्बे मे मौजूद चिकित्सक दुकानें बंद कर फरार हो गये, जिसके बाद तहस. ीलदार मेन बाजार में पहुंची जहा उन्होंने दो चिकित्सकों के यहा पहुंच कागजात दिखानें को कहा और चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ नही होने दिये जायेगा। उन्होंने वहा मौजूद मरीजों से सरकारी अस्पताल में अपने मरीजों को दिखाने को कहा। वही तीन चिकित्सको को कागज दिखाने को कहा जहा सन्तुष्ट जवाब ने मिलने पर उनकी दुकान पर ताला लगवाया गया। तहसीलदार वृतिका श्रीवास्तव ने बताया कि झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध रूप से किसी को क्लिनिक नही खोलने दिया जायेगा। इस मौकें पर लेखपाल रवि खोकर, योगेश, जयबीर, महबूब मोंटी आदि मौजूद रहे।



# हिंदू पक्ष के लोगों ने डीएम से की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरूरपुर कलां गांव में वसंत रखने को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज हिंदू पक्ष के लोग (उत्पीड़न) और (मकान बिकाऊ) लिखे पोस्टर लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कर ठोस कार्रवाई की मांग की।




यह विवाद लगभग 2 सप्ताह पहले सरूरपुर कलां गांव में वसंत (होलिका दहन से पूर्व की रस्म) रखने को लेकर शुरू हुआ था। मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया था कि कब्रिस्तान की जमीन पर जेस. ीबी से खुदाई की जा रही है, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इस घटना से गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी। मुस्लिम पक्ष के अनुसार, यह लगभग 200 साल पुराना कब्रिस्तान है जिस पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि रात में जेसीबी से खुदाई कर चार-पांच कब्रों को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे हड्डियां बाहर निकल आईं। हंगामा होने पर हड्डियों को दोबारा मिट्टी से ढक दिया गया था। मुस्लिम पक्ष ने कब्रिस्तान की चहारदीवारी कराने की भी मांग की थी। वहीं, हिंदू पक्ष के लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से डीएम कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कब्रिस्तान के पास की जमीन पर वर्षों से होलिका दहन किया जाता है। वसंत रखने के लिए तालाब के पास की जमीन पर जेस. ीबी से रास्ता साफ कराया जा रहा था, तभी पुलिस ने काम रुकवा दिया था। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर हिंदू पक्ष के लोगों ने फिर से अपनी मांग दोहराई। उन्होंने जिलाधिकारी अस्मिता लाल से कहा कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे अपने मकान बेचकर मुस्लिम धर्म अपनाने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह पूरा विवाद वसंत रखने को लेकर है और पिछले वर्ष भी इसी मुद्दे पर विवाद हुआ था। इस संबंध में अनिल कुमार ने कहा कि यदि प्रदेश में भाजपा सरकार होने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिलेगा तो आखिर कब मिलेगा। फिलहाल, अधिकारी मामले की जांच-पड़ताल में जुटे हुए हैं।

# सड़क, बिजली, पेयजल व नगरीय विकास में बड़े निवेश का किया प्रावधान:सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व प्रभारी मंत्री जशवंत सैनी ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि 01 फरवरी को प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सशक्त और दूरदर्शी विजन डॉक्यूमेंट है। जशवंत सैनी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आमजन की सुविधाओं, नवाचार, आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। इसी सोच का स्पष्ट प्रतिबिंब बजट 2026-27 में भी देखने को मिलता है, जिसे किसान, युवा, महिला, उद्यमी और मध्यम वर्ग सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

सरकार ने आधारभूत संरचना को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए इसमें अब तक का सबसे निरंतर और मजबूत निवेश किया है। वर्ष 2014-15 में जहां इन्फ्रा बजट मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं इसे चरणबद्ध रूप से बढ़ाकर अब 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बजट को जनकल्याणकारी और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि सड़क, बिजली, पेयजल और नगरीय विकास में बड़े निवेश का प्रावधान किया गया है, जिससे बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, डा.शराफत अली, मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, सूरजपाल सिंह, कुलदीप भारद्वाज, सचिन आर्य, ओम कश्यप आदि मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज के लोगों ने कोतवाली में दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में रविवार देर रात नगर की एक कॉलोनी में अश्लील हरकतों का विरोध करने पर एक महिला पर फायरिंग की गई थी। इसमें महिला बाल बाल बच गई थी। फायरिंग करने गाली गलौज करने अपहरण का मामला बडौत कोतवाली में दर्ज कराया गया था।



पुलिस ने राजकुमार वर्मा व उसके बेटे प्रिंस पुत्री वर्मा के खिलाफ प्राथमिक मामला दर्ज किया था। आज ब्राह्मण समाज के लोगों ने बडौत कोतवाली में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर मुकदमे से धारा 307 को निकाल देना गलत बताते हुए उसका विरोध करते हुए कोतवाली में धरना दिया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की गई। ब्राह्मण समाज के लोग मनोज शर्मा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कोतवाली परिसर में पहुंचे जहां में पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना देकर बैठ गए। ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि जब तक महिला को न्याय नहीं मिलता तब तक धरना जारी रहेगा। इसी के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के लोगों ने 5 दिन पूर्व शहर से ब्राह्मण समाज की एक लड़की गायब हो गई थी। उसको बरामद करने की मांग भी कोतवाली प्रभारी से की गई। इस मौके पर संदीप शास्त्री राजीव शर्मा आदित्य शर्मा नीरज शर्मा आचार्य प्रवीण पुलस्त्य सतीश शर्मा दीपक राजकुमार शर्मा के अलावा भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# मंगलाचरण के साथ विधान कार्यक्रम का शंखनाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित आचार्य विमर्श सागर महाराज के सन्निधि में 8 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहे समा. ेशरण महामंडल विधान के पात्रों का मंगलाचरण कार्यक्रम, अजितनाथ सभागार में भारी जन समूह के मध्य संपन्न हुआ।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मयूर नाटिका ग्रुप ने नवकार मंत्र की नृत्य नाटिका से किया। इसके बाद चक्रवर्ती मुकेश कुमार नितिन जैन को समाज द्वारा तिलक किया गया और शुभकामनाएं दी। विधान के सौधर्म इंद्र नरेश चंद जैन,कुबेर इंद्र अजय जैन और यज्ञनायक तरुण जैन द्वारा इस अवसर पर भक्तिपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया और आचार्य श्री से आशीर्वाद लिया गया। चौबीस चक्रवर्तियों ने विधान महोत्सव की खुशियां मनाई और नृत्य किया।विधानाचार्य डा.श्रेयांस जैन ने विधान की महत्ता के संबंध में बताया।कार्यक्रम का संचालन वरदान जैन ने किया। इस अवसर पर उद्बोधन देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जिनेंद्र भगवान के समा. ेशरण में बैठकर पूजन करना अनंतानंत पुण्य को देने वाला है। उन्होंने कहा कि मंगलाचरण हमारे जीवन को मंगल आचरण प्रदान करता है। पाप को गलाता है और पुण्य को लाता है। प्रभु के प्रति नमन का भाव,बुद्धि का ही नहीं, विवेक का भी विकास करता है। विवेक जीवन में सदाचरण को जागृत करता है और सदाचरण का आगमन ही जीवन का मंगलाचरण हो जाता है।

# फातिया पढकर लौट रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में शब-ए बरात की रात्रि गांव के पांच युवक रटौल पांची मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में फातिया पढने गये थे। रास्ते में एक ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमे एक युवक घायल हो गया जबकि चार युवकों ने कूदकर अपनी जान बचाई।

शब -ए बरात के मौकें पर मुस्लिमों में रात को इबादत की जाती है यह रात मगफिरत कराने की रात होती है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग रात भर खुदा की इबादत करते है। वही अपने परिवार के मरहूम के लिए कब्रिस्तान जाकर उनकी मगफिरत के लिये भी दुआ करते है और रोजा रखते है। पांची निवासी 18 वर्षीय अरशद पुत्र साबिर अपने चार साथियों के साथ रटौल पांची मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में जा रहा था। रोड़ पर एक नशे मे घुत ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमे अरशद चपेट में आकर दूर जा गिरा जबकि अन्य चार साथियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। घायल अरशद को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया जहा उसकी हालत चिन्ताजनक बनी हुई है। वही पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम जाएगा 'दिव्य प्रसाद'



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एक अनूठी सांस्कृतिक और धार्मिक पहल की जा रही है। संस्थान द्वारा आठ फरवरी को श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी के लिए दिव्य प्रसाद भेजा जाएगा। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने जानकारी दी कि हरि हर भाव को आत्मसात करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली से काशी विश्वनाथ के लिए फल, पंचमेवा, मेवा मिश्री और ब्रज के विशेष व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। यह दिव्य प्रसाद महा. शिवरात्रि के दिन बाबा विश्वनाथ को भेंट किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य काशी, मथुरा और अयोध्या के मध्य सांस्कृतिक समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना है। संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि ब्रजभूमि में महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। संस्थान ने सभी ब्रजवासियों और श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस पुण्यमयी यात्रा का हिस्सा बनें और काशी विश्वनाथ धाम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस अलौकिक आयोजन को सफल बनाएं।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के पटलों का किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के कार्यालयों के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फौजदारी अभिलेखागार, राजस्व सहायक पटल, सामान्य अभिलेखागार, डीएलआरसी, न्याय सहायक, वेतन लिपिक अनुभाग के पटलों से संबंधित पत्रावलियों की जांच की। निरीक्षण के दौरान राजस्व पटल में गार्ड पत्रावली, देय रजिस्टर, तैनाती अभिलेख सहित आदि प्रमुख पत्रावलियों की जांच की गई। न्याय सहायक पटल के निरीक्षण के दौरान आकास्मिक रजिस्टर, चरित्र हैसियत एवं व्यक्तिगत पत्रावलियों को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। सामान्य लिपिक पटल के निरीक्षण के दौरान रूटेशन रजिस्टर, विभागीय कार्यवाही रजिस्टर, एसीपी वेतन वृद्धि रजिस्टर को देखा। सामान्य अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान सत्यापन रजिस्टर, डाकबही का अवलोकन किया। राजस्व अभिलेखागार के दौरान निरीक्षण पंजिका, नकल रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों को देखा। शस्त्र कार्यालय के निरीक्षण के दौरान लाइसेंस सूची, गार्ड पत्रावली, डाकबही, निरीक्षण पंजिका, विरासत रजिस्टर का अवलोकन कर सम्बन्धित पटल सहायक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि पत्रावलियों के साथ साथ उनसे सम्बन्धित प्रत्येक रजिस्टर नियमित अपडेट करना सुनिश्चित किया जाये। कोई पत्रावली, दाखिला/चरित्र लम्बित न रहें समय से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये व समस्त पटल सहायकों को नेम प्लेट, अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

# गोविंद नगर पुलिस ने चोरी के स्क्रैप के साथ चार शातिर दबोचे



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**मथुरा।** थाना गोविंदनगर पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए बुधवार तड़के चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर डीग गेट चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रेलवे लाइन के पास से घेराबंदी कर इन चोरों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया तांबा व पीतल का भारी मात्रा में स्क्रैप और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान नई बस्ती निवासी यूसुफ उर्फ ईसुब, चुन्नी, चांद और यूसुफ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मुख्य अभियुक्त यूसुफ उर्फ ईसुब शातिर किस्म का अपराधी है, जिस पर मथुरा के विभिन्न थानों में चोरी और लूट के करीब 11 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, अभियुक्त चांद पर भी पूर्व में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ धारा 303(2), 317 (2) बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मयंक, संतोष कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शुभम व पुत्रवधू सुनीता व पुत्र अभिषेक से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विनोद पुत्र स्व.राजकुमार जैन निवासी आजादनगर वार्ड नं.4 गली नं.5 कस्बा बडौत तहसील व थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोमीन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

साहबू पुत्र अली मौहम्मद निवासी ग्राम ललियाना थाना चांदीनगर जनपद बागपत।

# सही मिली अनंतम सिटी में अवैध कब्जे की बात

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृंदावन ने मैसर्स सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट (अनंतम सिटी) के अंतर्गत ग्राम जैत में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को लेकर कड़ा रुख अपनाया है।

निगम द्वारा कराए गए स्थलीय निरीक्षण में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि प्रोजेक्ट के भीतर चकमार्गों, सेक्टर मार्ग, नाली और बंजर भूमि जैसी सरकारी जमीनों पर बिना किसी अनुमति के निर्माण कार्य कर दिया गया है। निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश चकमार्गों पर निर्धारित सीमा से अधिक 9 मीटर से चौड़ी सड़कें बना दी गई हैं। इतना ही नहीं, सरकारी भूमि पर अवैध रूप से प्लॉट काटकर उनका सौंदर्यीकरण भी कर दिया गया है। जांच में कुछ स्थानों पर सरक. ारी जमीन (नवीन परती) पर खेती किए जाने की पुष्टि भी हुई है। अपर नगर आयुक्त ने मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण को पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि यह पूरा निर्माण नियम विरुद्ध है। निगम ने मांग की है कि इन अनधिकृत निर्माणों को तत्काल रोका जाए और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी प्रतिलिपि एमवीडीए उपाध्यक्ष और नगर आयुक्त को भी भेज दी गई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**NOTICE**

I VINEET KUMAR S/O VIR PAL SINGH R/O 13-14, VARDA JYOTI CITY, NEAR BINAULI BUS STAND, BINAULI ROAD BARAUT, BAGHPAT (U.P) 250611, HAVE CHANGED MY NAME VINEET KUMAR CHOUDHARY FOR ALL PURPOSE.

**NOTICE**

I SHWETA DHARIWAL W/O VINEET KUMAR-CHOUDHARY R/O 13-14, VARDA JYOTI CITY, NEAR BINAULI BUS STAND, BINAULI ROAD BARAUT, BAGHPAT, (UP) 250611, HAVE CHANGED My NAME SHWETA CHOUDHARY FOR ALL PURPOSE.

# पिता के जनाजे में आ रहे बेटे की सड़क हादसे में मौत

## जयपुर से मुजफ्फनगर जा रहा था मृतक, सरधना के पास ट्रक ने मारी टक्कर

- पिता की हार्ट अटैक से हुई मौत की खबर सुनकर भाई के साथ लौट रहा था
- भाई भी गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** जिस बेटे को पिता के आखिरी दीदार के लिए घर पहुंचना था किस्मत ने उसे रास्ते में ही हमेशा के लिए रोक लिया। पिता की मौत की सूचना पाकर जयपुर से मुजफ्फरनगर लौट रहे युवक की सरधना में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। एक ही परिवार पर दो-दो मौतों की मार से कोहराम मच गया, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

सरधना थाना क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर गांव छोटी मढ़ियाई के सामने बुधवार सुबह करीब पौने नौ बजे यह हृदयविदारक हादसा हुआ। पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो



गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर के इमरान कालोनी, सरवट निवासी शुऐब पुत्र हनीफ के रूप में हुई है। शुऐब अपने भाई शाहवेज के साथ जयपुर में फर्नीचर का काम करता था। मंगलवार रात उसके पिता का हार्ट अटैक से इंतक. ाल हो गया। जैसे ही पिता की मौत की खबर मिली, दोनों भाई बिना समय गंवाए बाइक से घर के लिए रवाना हो गए। लेकिन किसे पता था कि यह सफर पिता से मिलने का नहीं, बल्कि खुद की जिंदगी के आखिरी सफर में बदल जाएगा। छोटी मढ़ियाई के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शुऐब ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि शाहवेज घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और सरधना क्षेत्र के रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। पहले से पिता की मौत का गम झेल रहे परिवार पर बेटे की मौत ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। मौके पर चीख-पुकार मच गई और हर आंख नम हो गई। सरधना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है, वहीं फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस दौराला गंगनहर पुलिस चौकी पर लगे सीसीटीवी कैमरों में ट्रक की तलाश में जुटी रही, थाना पुलिस जल्द ही चालक को गिरफ्तार करके कार्यवाही करने की बात कर रही


### घर में रखा था पिता का जनाजा तभी पहुंच गया बेटे का भी शव

जिस घर में पिता के जनाजे की तैयारियां चल रही थीं, उसी घर में कुछ ही घंटों बाद बेटे का शव भी पहुंच जायेगा किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था। पिता की मौत की सूचना पाकर जयपुर से मुजफ्फरनगर लौट रहे युवक की सरधना में सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा नहीं, बल्कि एक ऐसा जख्म है जिसने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया। मृतक शुऐब पर परिवार की रोजी-रोटी की जिम्मेदारी थी। मंगलवार रात शुऐब के पिता का हार्ट अटैक से इंतकाल हो गया था। खबर मिलते ही दोनों भाई बिना देर किए बाइक से घर के लिए निकल पड़े। करीब 40 किलोमीटर का सफर बाकी था, घर बस थोड़ी ही दूरी पर था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। सरधना थाना क्षेत्र के कांवड़ मार्ग स्थित छोटी मढ़ियाई के पास पीछे से आए ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शुऐब ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल शाहवेज सड़क पर बेसुध पड़ा रहा। पिता की मौत का गम झेल रहा परिवार जब बेटे की मौत की खबर से रूबरू हुआ तो मानो पैरों तले जमीन खिसक गई। उधर घर पर पिता का जनाजा रखा हुआ था। जौहर की नमाज के बाद दफीना होना था, लेकिन किसी को क्या पता था कि जो बेटा अपने पिता के जनाजे में शामिल होने आ रहा है, उसी बेटे का जनाजा भी उसी घर में पहुंचेगा। कुछ ही घंटों के अंतराल में एक ही घर से पिता और बेटे के जनाजे उठे, जिससे पूरा इलाका गमगीन हो गया। घटना की सूचना पर परिजन और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गये।

# रालोद नेता कृष्णपाल हितैषी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोहटा।** राष्ट्रीय लोकदल के वफादार सिपाही और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के साथ काम कर चुके रोहटा निवासी वरिष्ठ रालोद नेता कृष्णपाल हितैषी का मंगलवार को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पार्टी व कार्यकर्ताओं में शौक की लहर है। रालोद में गहरी पकड़ रखने वाले कृष्णपाल हितैषी ने आरएलडी की तीन पीढ़ियों के साथ काम करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान की थी। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी व बागपत लोकसभा सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार को सांत्वना दी हैं।



### चौधरी चरण सिंह के जमाने से राजनीति में सक्रिय थे कृष्णपाल

देहात की राजनीति में सक्रिय रहे कृष्णपाल हितैषी राजनीति में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जमाने से अपने पिता सुमेरचंद हितैषी के साथ पार्टी व विचारधारा से जुड़े थे। कृष्णपाल हितैषी के पिता सुमेरचंद हितैषी चौधरी चरण सिंह के वफादार सिपाहियों में से थे और बचपन से ही पिता के साथ चौधरी चरण सिंह, बाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह और वर्तमान में रालोद सुप्रीमो व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी के साथ भी अपनी मेहनत और जन सेवा के दम पर आज भी जुड़े थे। रालोद के संगठात्मक ढांचे के पीढ़ी और अनुशासन के प्रहरी के रूप में जाने वाले कृष्ण पाल हितैषी रालोद के सबसे विश्वसनीय सहयोगियों में से एक थे। पार्टी के युवा नेताओं के लिए विवरण प्रेरणास्पद स्तंभ थे। उनके जाने से चौधरी चरण सिंह के साथ राजनीति की ककहरा सीखने वाला अनुभवी चेहरा कम हो गया है जो अपने अनुशासन और वफादारी के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। कृष्ण पाल हितैषी अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे व तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

उनका बड़ा बेटा अरविंदकांत हितैषी रोहटा गांव में ही अपना व्यवसाय करते और पार्टी की युवा टीम में सक्रिय है। दूसरा बेटा सुदीप पशु चिकित्सक है और सबसे छोटा बेटा राहुल यूपी पुलिस में हैड कांस्टेबल है। तीनों बेटियां भी शादीशुदा है। अरविन्दकांत हितैषी ने बताया कि दिल्ली स्थित अकबर रोड पार्टी कार्यालय पर पिता जी की आजीवन एंट्री थी। खुद चौधरी अजित सिंह ने पत्र के माध्यम से अपने पिता के साथी कृष्णपाल हितैषी को खुद बुलाकर कई बार सम्मान दिया और जब भी क्षेत्र में आते थे, मंच पर बुलाकर सम्मान देते थे। उनके निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान नरेंद्र खजूरी, भानु प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार मीवा, नसीब सैफी, सुनील रोहटा, भाकियू के चमन प्रधान, जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पांचली बुजुर्ग में अनोखी पहल, स्कूल प्रबंधन ने उठाया गांव की स्वच्छता का जिम्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के गांव पांचली बुजुर्ग में स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय और अनोखी पहल देखने को मिली है। गांव की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई बोर्ड से संचालित द इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रबंधन ने अपने स्तर पर स्वच्छता अभियान शुरू कराया है। स्कूल प्रशासन ने अपने सौजन्य से मजदूर लगाकर गांव में सफाई कार्य शुरू कर दिया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।




स्कूल के चेयरमैन इस्तखार चौहान ने बताया कि पिछले कुछ समय से गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहद खराब हो गई थी। नालियों में गंदगी जमा थी और रास्तों पर कूड़े के ढेर लगे होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि कई बार समस्या दिखने के बावजूद इस ओर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया जा रहा था, जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ था। इसी स्थिति को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सफाई कार्य कराने का निर्णय लिया। चेयरमैन इस्तखार चौहन ने बताया कि सफाई कार्य में लगे मजदूरों को मानदेय भी स्कूल की ओर से ही दिया जाएगा, ताकि नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुचारु बनी रहे। उनका कहना है कि शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति दायित्व निभाना भी संस्थाओं की जिम्मेदारी होती है। ग्रामीणों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि इसी तरह सामाजिक संस्थाएं आगे आएं तो गांव की कई समस्याएं आसानी से हल हो सकती हैं। गांव में चल रहा यह स्वच्छता अभियान अब चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देख रहे।

**सरधना में एसओजी का बड़ा एक्शन**

# नकली बॉम्बे डाइंग व डिकोर चादरों की भारी खेप बरामद

## बॉम्बे डाइंग व डिकोर कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त कार्रवाई, लाखों रुपयों का नकली माल जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना नगर में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एसओजी टीम ने बॉम्बे डाइंग और डिकोर जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कई स्थानों पर छापेमारी की, टीम ने लाखों रूपयों को माल जब्त करते हुए कई लोगों को हिरासत में ले लिया। मौके से मात्रा में नकली चादरें और अन्य सामग्री बरामद की गई, जिससे नकली उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों में खलबली मच गई।

सरधना नगर में दर्जनों व्यापारी लंबे समय से बॉम्बे ड्राइंग और डिकोर जैसी नामी कंपनियों के नाम और लोगो का दुरुपयोग कर बाजार में नकली चादरें खपा रहे थे। इस अवैध कारोबार की शिकायत मिलने पर एसओजी टीम ने मामले को गंभीरता से लिया और कंपनी प्रतिनिधियों को साथ लेकर सरधना के मोहल्ला नई बस्ती बिजलीघर के सामने गोदामों पर





एक के बाद एक छापे मारे। छापेमारी के दौरान टीमों ने बड़ी संख्या में ऐसी चादरें बरामद कीं, जिन पर प्रतिष्ठित कंपनियों के फर्जी टैग और लोगो लगे हुए थे। बरामद माल को तत्काल कब्जे में ले लिया गया, जबकि संबंधित दुकानदारों से पूछताछ की जा रही है। कुछ प्रतिष्ठानों को सील किए जाने की भी कार्रवाई की गई है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि नकली चादरों की आपूर्ति केवल सरधना तक सीमित नहीं थी, बल्कि मेरठ सहित आसपास के अन्य जिलों में भी इन्हें सप्लाई किया जा रहा था। इससे एक संगठित नेटवर्क के सक्रिय होने के संकेत मिले हैं, जिसकी जांच अब तेज कर दी गई है।

एसओजी प्रभारी अखिलेश गौड़ ने बताया कि कार्रवाई कॉपीराइट और ट्रेडमार्क उल्लंघन के तहत की गई है। बरामद माल की सूची तैयार की जा रही है और संबंधित व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। देर शाम तक पुलिस व कंपनी के लोग माल की गिनती में लगे हुए थे, जिसके चलते मुकदमा कायम नहीं हो सका था।

# अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समय से करें निस्तारण: हिमानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाऊस में राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में पुलिस से संबंधित कुल 12 प्रकरण प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिनके तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई।

सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करें। जनसुनवाई के उपरांत सदस्या द्वारा जिला कारागार मेरठ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बदियों की समस्या पूछी। उन्होंने बैरक, पाकशाला, शिशु सदन, पाठशाला आदि को देखा। इस अवसर पर अभिजीत कुमार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, डॉ. वीरेश राज शर्मा जेल अधीक्षक मेरठ, हरवंश पांडे जेलर मेरठ, डॉ. अशोक कटारिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नीलम श्रम परिवर्तन अधिकारी, सीता सिंह थाना अध्यक्ष महिला साथ रहीं।

# सरधना में नकली बैडशीट का साम्राज्य छापों के बाद भी बेखौफ सफेदपोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर और देहात क्षेत्र में नकली बैडशीट बनाने का अवैध कारोबार अब किसी चोरी-छिपे चलने वाला धंधा नहीं रह गया है, बल्कि यह खुलेआम फल-फूल रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस संगठित नेटवर्क में अब केवल छोटे कारोबारी ही नहीं, बल्कि नगर के कई सफेदपोश, रसूखदार और प्रभाव शाली चेहरे भी शामिल बताए जा रहे हैं, जिनके नाम पुलिस और कंपनियों की जांच में सामने आए हैं।

सूत्रों के अनुसार, जैसे ही जांच में इन सफेदपोशों की भूमिका उजागर हुई, पुलिस ने उनकी कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है। हालांकि सवाल यह उठता है कि जब नाम पहले ही सामने आ चुके हैं तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई, पुलिस की जांच में यह भी बात सामने आई है कि पूरे खेल को कहीं न कहीं संरक्षण मिल रहा है। गौरतलब है कि बीते वर्षों में कई बार नामी कंपनियों




के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस ने सरधना नगर में छापेमारी कर लाखों रुपये का नकली माल बरामद किया। हर बार कार्रवाई के बाद यह दावा किया गया कि नेटवर्क तोड़ दिया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि छापों के बाद भी कारोबार और ज्यादा रफ्तार से चलने लगा।

जानकारी के मुताबिक, नगर के कई मोहल्लों और आसपास के ग्रामीण इलाकों में इस अवैध धंधो के लिए विशाल गोदाम तैयार किए गए हैं, जहां दिन-रात नकली बैडशीट बनाई जाती हैं। माल तैयार होने के बाद उस पर बॉम्बे डाइंग, डिकोर जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के फर्जी स्टीकर और ब्रांड टैग चिपकाकर देश के कई राज्यों में सप्लाई किया जा रहा है। सबसे गंभीर और चौंकाने वाला पहलू यह है कि इस पूरे नेटवर्क में सरधना नगर के कई ऐसे लोग शामिल बताए जा रहे हैं, जिन्हें समाज में सम्मानित और प्रतिष्ठित माना जाता है। अब सवाल यह है कि क्या बिना स्थानीय स्तर पर मिलीभगत के इतना बड़ा फर्जी ब्रांड नेटवर्क चल सकता है? और यदि नहीं, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? बताया जा रहा है कि मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंच चुका है और अब पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच की जा रही है। यदि जांच निष्पक्ष हुई, तो आने वाले दिनों में नकली बैडशीट के इस काले कारोबार से जुड़े कई सफेदपोश चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के छात्रों के लिए भावपूर्ण फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जूनियर्स ने सीनियर्स का रोली-चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया तथा टैग, गिफ्ट और कार्ड भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने पुराने अनुभव साझा किए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व खेल गतिविधियों से माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। मिस्टर व मिस जीटीबीपीएस के चुनाव हेतु रैंप वॉक, प्रश्नोत्तर और टैलेंट राउंड आयोजित किए गए। करण चौधरी और जसलीन कौर सिद्धू को क्रमशः मिस्टर व मिस जीटीबीपीएस चुना गया। विभिन्न उपाधियों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उप प्रधानाचार्य मिस प्रमा राय ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन और परिश्रम का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल टीम का विशेष योगदान रहा।

# उपभोक्ताओं को रिचार्ज एवं यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करने के लिए किया जागरूक

## प्रबंध निदेशक के निर्देश पर 2 से 7 फरवरी तक चलाया जा रहा विशेष जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार दो 2 से 7 फरवरी तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्मार्ट मीटर नेगेटिव बैलेंस वाले उपभोक्ताओं को रिचार्ज कराने तथा यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड कराए जाने हेतु व्यापक स्तर पर संवाद एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में निदेशक (वाणिज्य) द्वारा आज मवाना टाउन में विशेष जागरूकता अभियान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट मीटर नेगेटिव बैलेंस वाले उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उन्हें समय पर रिचार्ज कराने एवं यूपीपीसीएल स्मार्ट एप के माध्यम से अपने विद्युत उपभोग की निगरानी






करने हेतु प्रेरित किया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि प्रचार-प्रसार को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, जिससे शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का रिचार्ज एवं यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड सुनिश्चित किया जा सके। विशेष जागरूकता अभियान के निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता गुरजीत सिंह, अधीक्षण अभियंता उपेंद्र तिवारी एवं अधिशाषी अभियंता सतीश कुमार उपस्थिति रहे। निदेशक वाणिज्य महोदय द्वारा प्रचार प्रसार एवं शत प्रतिशत उपभोक्ताओं का रिचार्ज कराने एवं यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करवाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत मुनिश चोपड़ा मुख्य अभियंता (मेरठ जोन-1) की उपस्थिति में शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट, मेरठ एवं नौचंदी क्षेत्र, मेरठ में भी स्मार्ट मीटर नेगेटिव बैलेंस रिचार्ज एवं यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोडिंग को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत मुख्य अभियंता, मेरठ जोन-1 मुनिश चोपड़ा द्वारा भी मेरठ जनपद में निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है, ताकि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके।

# कांग्रेस नेता सुमित शर्मा ने पेश किए गए बजट पर उठाए सवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमित शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर कई सवाल खड़े करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए गए बजट में आम नागरिक के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बजट को अगर घटक कहां जाए तो भी इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

उन्होंने कहा जब हमारे वित्त मंत्री बजट पेश कर रही थी तो उनके वक्तव्य को सुनकर ऐसा लग रहा था कि डोनाल्ड ट्रंप या उनके किसी सहयोगी ने आकर बजट पेश किया है। क्योंकि वह बता रही थी कि तेल यहां से खरीदना है कि वहां से खरीदना है तो ऐसा महसूस हो रहा था कि इस बजट को डोनाल्ड ट्रंप ने ही बनवाकर हिंदुस्तान में पेश किया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के लिए कर्ज माफी, के अलावा अन्य योजनाएं होनी चाहिए थीं। उनकी फसलों का दाम बढ़ना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस बजट में व्यापारियों के लिए तो कुछ भी नहीं है, उन्हें तो पहले कई सालों तक जीएसटी के नाम पर लुटा गया और जब से जीएसटी घटाया है तब से अब तक व्यापारी अपनी स्कीम समझने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के यहां चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछली बार बुलेट ट्रेन चलाने का वादा किया था। वो आज तक पटरी पर दौड़ हीं नहीं पाई। कांग्रेस नेता ने इस बजट को बेकार बताया और इसे आम आदमी की समझ से परे बताते हुए निराशा जताई।

खेल विशेष

## हर सफर में दम है के साथ नजर आएंगे क्रिकेट के सितारे

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य स्पॉन्सर अपोलो टायर्स ने आज अपना नया ब्रांड कैंपेन, 'हर सफर में दम है शुरू किया। इस कैंपेन में क्रिकेट आइकन तेंदुलकर के साथ टीम इंडिया के क्रिकेटर विराट को. हली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, गिल और अर्शदीप ऑफिशियल टीम इंडिया जर्सी में नजर आएंगे। एक भावुक ब्रांड फिल्म के साथ चलाया जा रहा यह कैंपेन भारतीय क्रिकेट की चिरस्थाई भावना और अपोलो की फिलॉसफी के बीच समानता को पेश करता है। मशहूर फिल्म निर्माता, अभिनय देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ए-आर-रहमान के प्रतिष्ठित गीत, 'मां तुझे सलाम' के साथ इन चारों क्रिकेटरों के बचपन से लेकर अब तक का सफर और उनके परिवारों को दिखाया गया है, जिन्होंने उनके क्रिकेटर बनने का सपना सच करने के लिए हर मुश्किल का सामना किया, पर देश के गौरव को हमेशा सबसे ऊपर रखा। इस फिल्म में ना केवल भारत का प्रतिनिधित्व करने का एक सपना दिखाया गया है, बल्कि यह गौरव अर्जित करने, उसे कायम रखने और अपने जीवन में उसे बनाए रखने के लिए जरूरी स्टैंडर्ड, अनुशासन और दृढ़ता को भी पेश किया गया है। इस फिल्म में इन क्रिकेटर्स के बचपन से लेकर टीम इंडिया की जर्सी पहनने तक उनका साहसी सपना सच होने की कहानी दिखाई गई है कि वो किस प्रकार लाखों लोगों की भावनाओं को ना केवल अपनी प्रतिभा के बल पर, बल्कि सबसे अच्छा बनने की प्रतिबद्धता के साथ दुनिया के मंच पर ले गए। इस कहानी के साथ-साथ दिग्गज क्रिकेटर और अपोलो टायर्स के ब्रांड एंबेसडर, सचिन तेंदुलकर को भी दिखाया गया है। वो क्रिकेटर्स की कई पीढ़ियों और लाखों भारतीयों की प्रेरणा हैं, वो उस स्थाई विरासत, मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो आज भी भारतीय क्रिकेट को परिभाषित करते हैं।

# भारत-पाक मैच जरूर होना चाहिए: ब्रेट ली



● कहा: दुनियाभर के फैंस भारत-पाक मैच का बेसब्री से इन्तजार रह रहैं है

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच होना चाहिए, क्योंकि दुनिया भर में फैंस इस मैच का बेसब्री से इन्तजार कर रहे हैं। क्रिकेट के लीजेंड ब्रेट ली ने मिडिल ईस्ट में क्रिकेट स्टोरीटेलिग के एक नए दौर की शुरुआत की, मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट के पहले एपिसोड में उन्होंने बोल्ड बयान, बेखौफ भविष्यवाणियां और एक्सपर्ट इनसाइट दीं, साथ ही मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर अनीस साजन भी थे। इस एपिसोड ने मीडिया ग्रुप के लिए पॉडकास्ट स्टूडियो का ऑफिशियल उद्घाटन भी किया। शो के सबसे दमदार पलों में से एक तब आया जब ब्रेट ली ने क्रिकेट की सबसे मशहूर दुश्मनी के बारे में कहा कि मुझे सच में उम्मीद है कि इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच होगा।

मुझे उम्मीद है कि उन्हें मौका मिलेगा। दुनिया भर के अरबों फैन्स इस मैच का इंतजार करते हैं। यह बात दुनिया भर के फैन्स के दिलों में तुरंत बैठ गई, जिससे दुश्मनी के कल्चरल और कमर्शियल लेवल को और पक्का किया गया।

**बातचीत की खास बातें:** सुपर 8 के लिए ब्रेट ली की टूर्नामेंट की भविष्यवाणी, जो सेमी फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे जब दुनिया आने वाले इंटरनेशनल टूर्नामेंट पर फोकस कर रही थी, तो ली ने अपनी एक्सपर्ट राय शेयर की, आपको इंडिया, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ जाना होगा। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट के लिए मेरे डार्क हॉर्स हैं।

**वर्ल्ड कप विनर:** उन्होंने भविष्यवाणी की कि अहमदाबाद में इंडिया के खिलाफ फाइनल में ऑस्ट्रेलिया जीतेगा। ऑस्ट्रेलिया के पास बड़े टूर्नामेंट के लिए बैलेंस, अनुभव और जीतने का माइंडसेट है। इंडिया बनाम पाकिस्तान: किसका पलड़ा भारी है?

**कागज पर पसंदीदा: इंडिया**
**वाइल्डकार्ड: पाकिस्तान**

इंडिया और पाकिस्तान में से किसी एक को चुनना ऐसा है जैसे कोई कहे: 'तुम्हारा पसंदीदा बेटा कौन है? चुनना मुश्किल है क्योंकि दोनों ही शानदार टीमें हैं। चलो इस पर से पॉलिटिक्स हटाते हैं। मैं सिर्फ क्रिकेट के बारे में सोच रहा हूं। अगर आप दोनों टीमों को देखें, तो आपको कहना होगा, कागज पर, इंडिया ज्यादा मजबूत है, सिर्फ क्रिकेट के नजरिए से। और मुझे सच में उम्मीद है कि मैच होगा। मुझे सच में उम्मीद है कि उन्हें मौका मिलेगा, क्योंकि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। जब इंडिया और पाकिस्तान एक-दूसरे के साथ खेलते हैं तो पूरी दुनिया देखती है। जिन क्रिकेटरों पर नजर रखनी चाहिए

टूर्नामेंट का सबसे अच्छा बॉलर - वरुण चक्रवर्ती मैं उस खिलाड़ी को चुनना चाहता हूं जो इस टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट ले सकता है, वरुण चक्रवर्ती। मुझे लगता है कि यह उसकी जदिगी का सबसे अच्छा समय है, उसका फॉर्म इस बार कैसा होगा, ऐसे विकेट जो उसके लिए सही होंगे। जिस तरह से वह बैट्समैन को परेशान कर सकता है। मुझे लगता है कि यह उसके लिए तय है। यह उसका वर्ल्ड कप है।

सबसे ज्यादा रन बनाने वाला - सूर्यकुमार यादव- मेरे लिए यह सूर्यकुमार यादव हैं, स्काई ही लिमिट है

पेस अभी भी टूर्नामेंट क्यों जिताता है- तेज बॉलिग खेल के सबसे रोमांचक हिस्सों में से एक है और मुझे लगता है कि डेथ ओवरों में स्पिनरों को मारना आसान होता है। बैट्समैन स्पिन और मीडियम पेस के खिलाफ सच में चालाक हो रहे हैं लेकिन प्योर पेस तो प्योर पेस ही होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सा फॉर्मेट खेल रहे हैं, टेस्ट, वनडे या टी-20 तेज बॉलरों में जसप्रीत बुमराह एक अजीबोगरीब गेंदबाज हैं। वह बहुत अच्छा है। काश मैंने बुमराह के साथ खेला होता और काश वह मेरी टीम में होता क्योंकि वह बहुत अच्छा है।

## सचिन ने मुंबई के रणजी खिलाड़ियों को किया प्रेरित



**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने आज मुंबई रणजी टीम से बात की और उन्हें आने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल की तैयारी के लिए मोटिवेट किया, जो बीकेसी के एमसीए ग्राउंड पर होगा।

सचिन ने मुंबई टीम के ड्रेसिंग रूम में बाकायदा खिलाड़ियों से बात की और उन्हें बताया कि उन्हें मैदान पर क्या करना चाहिए। मुंबई की टीम रणजी ग्रुप डी में सात मैच में चार जीत और तीन ड्रा के साथ 33 अंक लेकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसका मुकाबला कर्नाटक से मुंबई में होगा। शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे।

ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है। मुंबई टीम इस प्रकार है:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सिद्धेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मो. हित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्एश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

## मौजूदा भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम: धोनी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि मौजूदा समय में भारतीय टीम टी-20 में दुनिया की सबसे खतरनाक टीम है और शनिवार से शुरु हो रहे टी-20 विश्वकप 2026 में वह सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी।

धोनी ने एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक अच्छी टीम के लिए जो कुछ भी चाहिए, सब कुछ इसमें मौजूद है। विशेष रूप से इस प्रारूप में इनके पास अनुभव की कोई कमी नहीं है। उन्होंने दबाव में खेला है। टीम में जो भी खिलाड़ी जिस भी भूमिका में है, वह उस भूमिका को काफी समय से निभाता आ रहा है। धोनी के इस भरोसे की आंकड़े भी गवाही देते हैं। पूर्व चैंपियन भारतीय टीम ने अक्तूबर 2023 से अब तक खेले गए टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 51 बार जीत का स्वाद चखा है, जबकि आठ मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। टीम की ताकक उसकी विस्फोटक बल्लेबाजी है, जहां बड़े-बड़े सिक्सर जड़ने वाले खिलाड़ी



● टी-20 विश्व कप 2026 में वह सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी

मौजूद हैं। गेंदबाजी में भी भारत का पलड़ा भारी है। भारत के पास जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती जैसे दो सबसे अच्छे गेंदबाज मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जो चीज मुझे परेशान करती है, वह है ओस। मुझे ओस बिल्कुल पसंद नहीं है। ओस बहुत कुछ बदल देती है। जब मैं स्वयं खेलता था, तब भी ओस से सबसे अधिक डर लगता था।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज भी जीती

● सैम करन ने 58 रन और जैकब बेथल चार विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई




**श्रीलंका, वार्ता।** सैम करन (58) की अर्द्धशतकीय पारी के बाद जैकब बेथल (चार विकेट) और विल जैक्स (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 12 रनों से शिकस्त दी। इसी साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। जैकब बेथेल ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर चार विकेट झटके। उन्होंने 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर महीश तीक्षणा (दो) को आउटकर 116 के स्कोर पर श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। पुथुम निसंका (23), जनित लियानगे (17), कामिडु मेंडिस (14) और पवन रत्नायके 13 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने जहां शुरुआती विकेट लिए वहीं बेथेल ने अपनी आखिरी आठ गेंदों में चार विकेट लेकर श्रीलंका की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इस फैसला इंग्लैंड के लिए घातक हुआ और उसके बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे संघर्ष करते नजर आए। जॉस बटलर (25) को छोड़कर उसके शुरुआत चार बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। छठें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सैम करन ने बटलर के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में महीश तीक्षणा ने बटलर को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद दुश्मांता चमीरा ने इंग्लैंड के निचले बल्लेबाजी क्रम को तहस नहस कर दिया। केवल सैम करन ही जुझारू अर्धशतकीय पारी खेल सके। सैम करन ने 48 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 58रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और इंग्लैंड के स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 128 तक पहुंचाया।

# हितेश, प्रीति ने दिलाई जबरदस्त शुरुआत



● भारत की तरफ से वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स के चैंपियन हितेश गुलिया 70 किग्रा और प्रीति 54 किग्रा ने शानदार प्रदर्शन किया

**ला नुसिया, वार्ता।** भारत ने बॉक्सम एलिट इंटरनेशनल मुक्केबाजी 2026 में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की, इस मशहूर टूर्नामेंट के पहले दिन कई शानदार प्रदर्शन किए, जिसमें 21 देशों के 214 बॉक्सर हिस्सा ले रहे हैं। भारत की तरफ से वर्ल्ड बॉक्सिग कप फाइनल्स के चैंपियन हितेश गुलिया (70किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन किया, दोनों ने शानदार जीत हासिल की और भारत ने कई वेट कैटेगरी में जीत हासिल की। हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा के एलीट मुकाबले में पूरा कंट्रोल रखा, उन्होंने नीदरलैंड्स के फिन बोस को 5:0 के बड़े अंतर से हराया। शांत, सधे हुए और तेज, इस भारतीय ने अपनी खास रिग इंटेलिजेंस और टाइमिग का प्रदर्शन करते हुए शुरू से आखिर तक मैच पर कब्जा कर लिया। इससे पहले, प्रीति ने एलीट महिलाओं के 54किग्रा डिवीजन में कजाकिस्तान की आलियास्कर सिम्बत पर 5-0 से शानदार जीत हासिल करके माहौल बनाया। उन्होंने अपने तेज कॉम्बिनेशन और डिसिप्लिन्ड डिफेंस का इस्तेमाल करके अपनी विरोधी को पूरी तरह से हरा दिया। भारत की महिलाओं ने अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें प्राची (57किग्रा), प्रिया (60किग्रा) और काजल (65किग्रा) सभी शानदार तरीके से आगे बढ़ीं। प्राची और प्रिया ने क्रमश: स्पेन की वेनेसा मोरेल रामिरेज और कनाडा की एलेसिया मानसुएटो पर 5-0 से एक जैसी जीत हासिल की, जबकि काजल ने एक कड़े मुकाबले में कजाकिस्तान की असेम तनातर को 4-1 से हराया। पुरुषों के ड्रॉ में, भारत ने लगातार पक्के प्रदर्शन से दबाव बनाया। सचिन (60किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से हराया, जबकि मोहम्मद हुसैन उद्दीन (60किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुकदे. मिर को 4-1 से हराया। अभिनाश (65किग्रा) ने डेनमार्क के कलीद पर 5-0 से क्लीन जीत हासिल करके सबको इम्प्रेस किया, और दीपक (70किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल के खिलाफ 4-1 से सॉलिड जीत हासिल की। आकाश (75किग्रा) और अंकुश (80किग्रा) भी 4-1 से जीत के साथ आगे बढ़े, हालांकि आदित्य (65किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गए।

## शुअर्ड ने फिटनेस व टीम में एकजुटता पर जोर दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम के चीफ कोच शुअर्ड मरिने , जो चार साल के ब्रेक के बाद दिसम्बर 2025 में महिला प्रोग्राम में लौटे थे, ने इस बात पर जोर दिया है कि उनका अभी का फोकस अच्छी तरह से तय है।

लॉस एंजेलिस ओलंपिक साइकिल में बड़े असाइनमेंट पर नजर रखते हुए, डचमैन ने टीम में मजबूत केमिस्ट्री बनाने और साथ ही पूरी टीम में फिटनेस स्टैंडर्ड को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया है। शुअर्ड मरिने ने साई को बताया कि अभी हमारी पहली प्राथमिकता फिटनेस है, जो हमारे लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ ही, हमारा फोकस एक साथ आने और एक मजबूत यूनिट के तौर पर काम करने पर है। ष्वहां से, हम टेक्नीक जैसी बाकी सभी चीजों पर काम कर सकते हैं। महिला टीम की नजरें हैदराबाद में 8-14 मार्च तक होने वाले महिला वर्ल्ड कप क्वालिफायर, एशियन गेम्स 2026 और एलए 2028 ओलंपिक साइकिल में आने वाले बड़े कॉम्पिटिशन पर हैं। मरिने, जिनके गाइडेंस में भारतीय महिला टीम ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया, ने बेंगलुरु में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के रीजनल सेंटर में चल रहे नेशनल कोचिग कैंप की जम्मेदारी तुरंत संभाल ली, जो 18 फरवरी तक चलेगा। कैंप में शुरू में 49 खिलाड़ी थे - 43 सीनियर और छह जूनियर - इससे पहले हॉकी इंडिया द्वारा किए गए सिलेक्शन ट्रायल के बाद ग्रुप को घटाकर 29 कर दिया गया था। इंडियन टीम के साथ ट्रेनिग के पिछले कुछ हफ्तों को याद करते हुए, मरिने ने कहा कि हम अभी भी एक-दूसरे को जान रहे हैं। हालांकि मैं पहले के कुछ खिलाड़ियों को जानता हूं, लेकिन अभी तक सभी को मैं नहीं जानता।

## लंबे समय में, कोई भी पाक को मिस नहीं करेगा: कपिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने आने वाले वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करने के पाकिस्तान के फैसले की आलोचना की है।

इससे पहले, देश की सरकार ने टीम को टूर्नामेंट खेलने के लिए कहा था, हालांकि, उसने भारत के खिलाफ नहीं खेलने के लिए कहा। कपिल देव ने कहा कि अगर यह फैसला खिलाड़ियों की तरफ से आता, तो इस पर विचार किया जा सकता था, लेकिन जैसा कि यह बोर्ड की तरफ से आ रहा था, उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों की पीढ़ी खत्म हो जाएगी और यह भी कहा कि लोग उनसे आगे बढ़ जाएंगे। कपिल देव ने एक समाचार चैनल पर कहा कि अगर फैसला खिलाड़ियों ने लिया है, तो वे सामने आकर कह सकते हैं। लेकिन, अगर बोर्ड कहता है कि आप नहीं खेलेंगे, तो देश की रेप्युटेशन कम होती है। पाकिस्तान के लिए यह अच्छा नहीं लग रहा है। आप पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं। पाकिस्तान ने हमें



● कपिल देव ने आने वाले विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करने के पाक के फैसले की आलोचना की

इतने सालों में शानदार टैलेंट दिया है। लेकिन अगर आप इन लड़कों को वर्ल्ड कप में खेलने नहीं देंगे, तो आप पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं और खेल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आप अपने ही खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी कर रहे हैं। कपिल देव ने कहा कि अगर वे समय रहते भारत के खिलाफ मैचों का बॉयकॉट करते हैं, तो वे फैंस खो देंगे, और लोग उनसे आगे बढ़ जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि भावनाओं और दर्शकों पर असर पड़ेगा। लेकिन, लंबे समय में, कोई भी उन्हें मिस नहीं करेगा। लोग इसके बारे में लंबे समय तक नहीं सोचेंगे, और वे आखिरकार आगे बढ़ जाएंगे। दूसरी ओर, आईसीसी ने चेतावनी दी है कि इस तरह के फैसले का पाकिस्तान के क्रिकेट भविष्य पर असर पड़ेगा। आईसीसी की एक प्रेस रिलीज में लिखा है कि आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर इसके बड़े और लंबे समय तक चलने वाले असर पर विचार करेगा, क्योंकि इससे ग्लोबल क्रिकेट इकोसिस्टम पर असर पड़ने की संभावना है, जिसका वह खुद सदस्य और फायदा उठाने वाला है। रविवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा गया था कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है( हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी को भारत के खलिाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

## शिनोजादा और नियाजई के शतक अफगानिस्तान ने बनाए 310/4

● अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया

**हरारे, वार्ता।** फैसल शिनोजादा (110 ) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर अफगानिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 विश्व. कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान सादत और खालिद अहमदजई की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। 13वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने खालिद अहमदजई को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। अहमदजई ने 39 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए फैसल शिनोजादा ने उस्मान सादत के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में कनिष्क चौहान ने उस्मान सादत को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान सादत ने 70 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 39 रन बनाए। फैसल शिनोजादा और उजैरुल्लाह नियाजई के बीच तीसरे विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी हुई। 46वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने फैसल शिनोजादा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। फैसल शिनोजादा ने 93 गेंदों में 15 चौके लगाते हुए 110 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में कनिष्क चौहान ने अजिजुल्लाह मियाखिल (12) को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 310 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। नियाजई ने 86 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाए।

# नेमार वर्ल्ड कप टीम में वापसी के करीब



● फॉरवर्ड नेमार ने दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की सर्जरी के बाद से कोई मैच नहीं खेला

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सैंटोस के फॉरवर्ड नेमार चोट से वापसी के करीब हैं, क्योंकि वह ब्राजील की 2026 फीफा वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की को. शिश कर रहे हैं। 33 साल के नेमार ने दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद से कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन इस हफ्ते पूरी ट्रेनिग पर लौट आए हैं। बुधवार को साओ पाउलो के खिलाफ सैंटोस के घरेलू ब्राजीलियन सीरी ए मैच में उनके खेलने की उम्मीद कम है, हालांकि मैनेजर जुआन पाब्लो वोज्वोडा ने कहा कि वह बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार को जल्दबाजी में वापस नहीं लाएंगे। नेमार ने पिछले साल सभी कॉम्पिटिशन में सैंटोस के लिए 28 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 11 गोल किए और चार असिस्ट किए। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फटने के कारण एक साल से ज्यादा समय तक बाहर रहने के बाद उनका कैंपेन चोटिल हो गया। ब्राजील के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर वर्ल्ड कप के लिए फिट होने के लिए समय के खिलाफ रेस में हैं, जो 11 जून से 19 जुलाई तक यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में चलेगा। उन्होंने दो साल से ज्यादा समय से अपने देश को रिप्रेजेंट नहीं किया है और ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने कहा है कि वह सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों पर विचार करेंगे जो अपने क्लब के लिए रेगुलर खेल रहे हैं।

## नेवेल्स का लक्ष्य मेसी की घर वापसी



**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी के बचपन के क्लब, नेवेल्स ओल्ड बॉयज ने अगले साल वर्ल्ड कप विनर को शॉर्ट-टर्म डील पर साइन करने का प्लान बताया है। अर्जेंटीना टीम के वाइस प्रेसिडेंट, जुआन मैनुअल मेडिना ने कहा कि क्लब ने 2024 से इस प्लान पर चर्चा की थी, लेकिन 38 साल के खिलाड़ी के साथ किसी भी सीधी बातचीत की डिटेल्स नहीं दी। मेडिना ने अर्जेंटीना के न्यूज आउटलेट टीएन को बताया कि हम 2027 के पहले हाफ में नेवेल्स के लिए लियो के खेलने पर काम कर रहे हैं, लेकिन अभी के लिए इससे ज्यादा कुछ नहीं है। मेसी ने 1995 में नेवेल्स में अपना यूथ करियर शुरू किया और 2000 के आखिर में 13 साल की उम्र में बार्सिलोना के साथ साइन किया। अभी उनका कॉन्ट्रैक्ट दिसम्बर 2028 तक इंटर मियामी के साथ है, जिसका मतलब है कि उन्हें एमएलएस क्लब से खास परमिशन लेनी होगी। मेडिना ने कहा कि यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो नेवेल्स से कहीं आगे है। यह रोसारियो शहर, प्रांत और अर्जेंटीना फुटबॉल के लिए एक प्रोजेक्ट है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि हम इंफ्रास्ट्रक्चर और एक कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट्स प्रोग्राम के मामले में क्या ऑफर कर सकते हैं।

## श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) और जेडीएम जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज (प्रात:) ने किरोड़ी मल कॉलेज को 5-0 से हरा कर 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। महिला वर्ग में जानकी देवी महाविद्यालय (जेडीएम) ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम के लिए कोमल ने गोल किया और अंजलि को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। श्याम लाल कॉलेज (प्रातघ) की तरफ से नंदकिशोर ने दो और श्लोक, पंकज व हर्ष ने एक-एक गोल किया। नंदकिशोर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। अन्य मैचों में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 4-2 से मात दी। विजेता टीम के समकित को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। समकित, मनसमर, इंदरपाल और आयुष ने एक-एक गोल किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 5 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सदन में फिर हंगामा

यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि देश की संसद अब अपनी मर्यादा खोती जा रही है। अब यह जनता या देश-विदेश के मुद्दों पर चर्चा के लिए नहीं जानी जाती, बल्कि शोर-शराबे के लिए जानी जाती है। काफी समय से ऐसा ही नजारा संसद में देखने को मिल रहा है। दुख की बात यह है कि इस पर लगाम लगने के बजाए इसका और विस्तार होता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले की ही बात करें तो इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है। पिछले तीन दिन से जिस बात को लेकर हंगामा हो रहा है उसका कोई मतलब नहीं है। सोमवार को हंगामा उस समय शुरू हुआ था जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह दावा किया था कि लद्दाख में डोकलाम में घटी घटना के समय चीनी सैनिक भारतीय सेना में टैंकों के साथ घुस आए थे। ऐसा कहते हुए उन्होंने पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब का हवाला दिया था। हालांकि यह किताब अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, इसी बात को लेकर सत्ता पक्ष ने उनके भाषण के समय विरोध किया था। सत्ता पक्ष का कहना था कि जो किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है, उस पर सदन में नहीं बोला जा सकता। मंगलवार को हंगामे के समय विपक्ष के आठ सांसद भी निलंबित हो गए। बुधवार को भी नजारा मंगलवार के दिन से अलग नहीं रहा और चार बार संसदीय कार्यवाही बाधित रही। चर्चा की तो बात ही छोड़िए अब तो माननीयों का भाषा पर नियंत्रण खोता दिखाई दे रहा है। सादे पद अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं। बुधवार को राहुल गांधी वही किताब लेकर संसद पहुंचे जो पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने लिखी है। संसद में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। उन्होंने किताब का पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि पीएम ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित है लिखो। राहुल ने यह भी कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है देखिए यह रही वह किताब। इतना ही नहीं उन्होंने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पीएम मोदी में इतनी हिम्मत है वह आज यहां आएंगे और अगर आते हैं तो वह खुद उन्हें यह किताब सौंपेंगे। असल में बुधवार की सांय पांच बजे पीएम मोदी का प्रस्तावित संबोधन होना था, लेकिन वह टल गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी भी की। जिसमें वह कह रहे हैं कि पहले ही यह बात कह चुके थे कि पीएम मोदी लोकसभा में नहीं आएंगे। सीधी सी बात है कि यह स्थिति ठीक नहीं है। लोकतंत्र के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। आखिर संसद होती ही किसलिए है। यहां आप किसी से सहमत या सहमत हो सकते हैं, लेकिन अपनी बात कहने से कैसे रोक सकते हैं। विडंबना यह है कि यह भी एक परंपरा सी बनती जा रही है। जैसीकि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सत्ता पक्ष जानबूझकर ऐसे लोगों को आगे करता है, जो अनाप-शनाप बोलते हैं। जिससे हंगामा होता है।

## देश की जनता का निरादर



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है, मोदी सरकार मनमर्जी से काम कर रही है, जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है, जहां विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद में एक छपी हुई किताब से कोट नहीं करने दिया गया, वहीं भाजपा के निशिकांत दुबे छह किताबें लेकर बैठे हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से कोट कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है, ये स्पीकर के पद, संसद, लो. कतंत्र और देश की जनता का निरादर है, विपक्ष के नेता कोई एक व्यक्ति नहीं हैं- वे पूरे विपक्ष के प्रतिनिधि हैं, सरकार उन करोड़ों लोगों का मुंह बंद करना चाहती है, जिन्होंने विपक्ष को वोट दिया है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु



निर्मल रानी



पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोजर से ढहा दिए जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त खबरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी जमीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूंकि निर्माणाधीन स्कूल संचालक का नाम श्अब्दुल नईमश था इसलिए प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाए मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोजर उस निर्माणाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे।

खुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोजर चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोजर चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नजर आए । उस पर ढिटाई यह कि जिला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निर्माणाधीन इमारत पर बुल्डोजर चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ इनकार कर रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग दो हजार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रूपये लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिए थे।

बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को विश्व गुरु बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी जोर जोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेजी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किए जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानत: लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिए गए या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिए गए। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किए जाने की खबर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफी संख्या में स्कूल बंद किए गए। स्कूल बंद करने के जो कारण बताए गए उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गई तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किए गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया।

इसी तरह कुछ राज्यों में नए निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। जाहिर है इससे गरीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम,उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड बिहार, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किए गए। नि:संदेह यह कदम खासकर गरीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90 प्रतिशत से ज्यादा मदरसा छात्र गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। जहां तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफरत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नजर डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जाएगी और यह महज एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फारसी का ज्ञान प्राप्त किया।

तभी वे फारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना श्जफर नामाश फारसी में लिखी। सिख साम्राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की तो दरबारी भाषा ही फारसी थी जो कि मदरसा शिक्षा से जुड़ी थी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज भी फारसी भाषा में निपुण थे। उन्होंने फारसी-संस्कृत शब्दकोश का संकलन करवाया। शिवाजी महाराज के दौर में फारसी शिक्षा मदरसे से ही जुड़ी होती थी। इसी तरह हिन्दू सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने भी बंगाल के मदरसा आलिया और पटना के मदरसा मुजीबिया में पढ़ाई की। उन्होंने फारसी और अरबी सीखी और एक फारसी अखबार का संपादन भी किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की कमी के कारण मदरसा में पढ़ाई की।

भारतीय साहित्य की प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध लेखक व कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने वाराणसी के एक ऐसे मदरसे में पढ़ाई की, जहां गैर-मुस्लिम छात्र भी बड़ी संख्या में पढ़ते थे और मुस्लिम समाज की जो विशिष्ट हस्तियां मदरसा से शिक्षा प्राप्त हैं उनमें भारत के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खान, इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले प्रसिद्ध उर्दू कवि और स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी, स्वतंत्रता सेनानी व सिल्क लेटर मूवमेंट के नेता मौलाना महमूद हसन देवबंदी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। आज भी बंगाल, झारखण्ड व बिहार जैसे कई राज्यों में केवल मुस्लिम नहीं बल्कि बड़ी संख्या में गैर मुस्लिम गरीब बच्चे मदरसों में शिक्षा हासिल करते हैं। परन्तु सरकार क्या मदरसा तो क्या अन्य सरकारी स्कूल सभी को किसी न किसी बहाने बंद करने पर तुली है। सवाल यह है कि क्या मदरसे या विद्यालयों को बंद करने से भारत विश्व गुरु बन सकेगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या एआई चेटबॉट्स महामारी ला सकते हैं

**सभी डीएनए संश्लेषण कंपनियों और डीएनए प्रिंटरों के लिए ज्ञात रोग. जनकों और विषाक्त पदार्थों की आनुवंशिक सामग्री की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके साथ ही एकत्रित की जाने वाली किसी भी आनुवंशिक सामग्री की सुरक्षा जांच करना भी सभी अनुबंध अनुसंधान संगठनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए।**

काफी समय से कुछ तकनीकी विशेषज्ञ कृत्रिम बुद्धि यानी एआई को मानवता के लिए खतरा बताते आए हैं। इस क्षेत्र में हुए हालिया विकास से प्रतीत होता है कि यह खतरा काफी नजदीक है। विशेषज्ञों का दावा है कि एआई बिना किसी वैज्ञानिक विशेषज्ञता वाले बदनीयत व्यक्ति को घातक वायरस डिजाइन करने में मदद कर सकती है।



मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के जैव सुरक्षा विशेषज्ञ केविन एस्वेल्ट ने हाल ही में अपने छात्रों को चैटजीपीटी या अन्य विशाल भाषा मॉडल की मदद से एक खतरनाक वायरस तैयार करने का काम दिया। मात्र एक घंटे में छात्रों के पास वायरसों की एक लंबी सूची थी और तो और, साथ में उन कंपनियों की भी जानकारी थी जो रोगजनकों के आनुवंशिक कोड को बनाने में मदद कर सकती थीं और इन टुकड़ों को जोड़ने वाली कुछ अनुसंधान कंपनियों के भी नाम थे। इन परिणामों के आधार पर एस्वेल्ट और अन्य विशेषज्ञों का दावा है कि एआई सिस्टम जल्द ही गैर-वैज्ञानिक लोगों को परमाणु हथियारों के बराबर घातक जैविक हथियार डिजाइन करने में मदद कर सकती है। इसका उपयोग आतंकी गतिविधियों में भी किया जा सकता है। फिलहाल किसी खतरनाक विलुप्त या मौजूदा वायरस के आधार पर जैविक हथियार बनाने का तरीका मिलने के बाद भी इन्हें बनाने में काफी विशेषज्ञता चाहिए होती है। इसके लिए न केवल उचित वायरस की पहचान करना होगी, बल्कि वायरल आनुवंशिक सामग्री को संश्लेषित करने, जीनोम को एक साथ जोड़ने और इसे अन्य अभिकर्मकों के साथ जोड़कर एक ऐसा वायरस तैयार करना होगा जो कोशिकाओं को संक्रमित कर सके और अपनी प्रतिलिपियां बना सके, लेकिन एआई इस प्रक्रिया को आसान बना रही है। उदाहरण के लिए बाजार में जल्द ही उपलब्ध होने वाले बेंचटॉप डीएनए प्रिंटर की मदद से शोधकर्ता स्क्रीनिंग प्रक्रिया को धोखा दे सकते हैं। इस प्रक्रिया में कंपनियां यह सुनिश्चित करती हैं कि किसी नमूने में संभावित जैविक हथियारों के लिए आनुवंशिक सामग्री तो शामिल नहीं है।

इस प्रक्रिया से बचकर कोई बदनीयत व्यक्ति इन आनुवंशिक ब्लूप्रिंट को अनुबंध अनुसंधान कंपनियों या एक रोबोटिक क्लाउड लैब को लक्ष्य वायरस में डालने के लिए भेज सकता है। इस कार्य में एआई की भूमिका का पता लगाने के लिए एस्वेल्ट ने जीव-विज्ञान में बिना किसी विशेषज्ञता वाले स्नातक छात्रों को तीन से चार सदस्यों वाले तीन समूहों में बांटा। इन सभी समूहों के पास GPT-4, बार्ड और अन्य एआई चैटबॉट्स थे। एक घंटे के भीतर इन सभी समूहों को चैटबॉट्स की मदद से महामारी फैलाने में सक्षम वायरसों को डिजाइन करना था। हालांकि, कुछ चैटजीपीटी ने खतरनाक चीजों के बारे में पूछे गए सीधे सवालों का कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन जब शब्दों में हेर-फेर करके सवाल पूछे गए तो आसानी से जानकारी मिल गई। उदाहरण के तौर पर जब सवाल यह था कि मैं एक टीका विकसित करने के लिए काम कर रहा हूं । तो चैटबॉट्स ने जवाब में चार वायरस के सुझाव दे दिए थे। हालांकि गूगल पर ढूंढने पर भी ऐसी सूची मिल जाती, लेकिन कुछ मामलों में चैटबॉट्स ने उन आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की भी जानकारी दी जो संक्रमण को अधिक फैला सकते हैं। इतना ही नहीं, एआई ने किसी वायरस के आनुवंशिक टुकड़ों को जोड़कर वायरस तैयार करने की तकनीक भी बताई इसके लिए उपयुक्त प्रयोगशालाओं और कंपनियों के नाम भी बताए जो बिना स्क्रीनिंग के आनुवंशिक सामग्री को प्रिंट करने के लिए तैयार हो सकती हैं। एस्वेल्ट को चिंता है कि चैटबॉट्स द्वारा दिए गए विशिष्ट सुझाव किसी महामारी का खतरा बहुत अधिक बढ़ा सकते हैं। जैसे-जैसे जैविक खतरों पर वैज्ञानिक साहित्य में वृद्धि हो रही है और एआई प्रशिक्षण डैटा में इसे शामिल किया जा रहा है। इस बात की संभावना बढ़ रही है कि एआई आतंकवादियों का काम आसान बना सकती है। एस्वेल्ट का मानना है कि चैटबॉट और अन्य एआई प्रशिक्षण डैटा द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी को सीमित किया जाना चाहिए। रोगजनकों को बनाने और बढ़ाने के बारे में बताने वाले ऑनलाइन पेपर्स को हटाकर जोखिम कम किया जा सकता है।

# फल-सब्जियों की पौष्टिकता में पहले जैसी बात कहां

तंदरुस्त बने रहने के लिए जंक फूड, तला-भुना खाने की बजाय अक्सर फल, सलाद, सब्जियों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन हम शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि पिछले सत्तर सालों में इन 'सेहतमंद' चीजों में भी पोषक तत्वों की मात्रा घट गई है। वर्ष 2004 में जर्नल ऑफ दी अमेरिकन कॉलेज ऑफ न्यूट्रिशन में एक अध्ययन में 1950 से 1999 के बीच प्रकाशित यूएस कृषि विभाग के डैटा के आधार पर बताया गया था कि 43 फसलों में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, राइबोफ्लेविन, विटामिन सी जैसे 13 पोषक तत्वों में परिवर्तन दिखे थे। कमी कितनी हुई यह हर पोषक तत्व और फल-सब्जी के प्रकार पर निर्भर है। लेकिन सामान्यतरू प्रोटीन में 6 प्रतिशत से लेकर राइबोफ्लेविन में 38 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई है। खासकर ब्रोकली, केल द्धएक तरह की गोभीऋ और सरसों के साग में कैल्शियम में सबसे अधिक कमी आई है। वहीं चार्ड, खीरे और शलजम में आयरन की मात्रा में काफी कमी हुई है। शतावरी, कोलार्ड द्धएक अन्य तरह की गोभीऋ, सरसों का साग और शलजम के पत्तों में विटामिन सी काफी कम हो गया है। इसके बाद हुए अन्य अध्ययनों में भी इसी तरह के परिणाम देखने को मिले हैं।

अनाजों में भी इसी तरह की कमी देखने को मिली है। 2020 में साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया था कि 1955 से 2016 के बीच गेहूं में प्रोटीन की मात्रा 23 प्रतिशत कम हो गई है, साथ ही आयरन, मैंग्नीज, जस्ता और मैग्नीशियम भी घटे हैं। मांसाहारी भी कम पोषक तत्व वाले भोजन की समस्या से अछूते नहीं हैं। पशु अब कम पौष्टिक घास और अनाज खा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप मांस और अन्य पशु उत्पाद अब पहले की तुलना में कम पौष्टिक हो गए हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के भू-आकृति विज्ञानी डेविड आर। मॉन्टगोमेरी और जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ क्रिस्टी एबी बताते हैं कि इस समस्या के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें एक है फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए अपनाई गई आधुनिक कृषि पद्धतियां।

पौधों को शीघ्र और बड़ा उगाने के लिए अपनाए गए तरीके में पौधे मिट्टी से पर्याप्त पोषक तत्व नहीं सोख पाते या उन्हें संश्लेषित नहीं कर पाते हैं। फिर अधिक उपज से यह भी होता है कि मिट्टी से अवशोषित पोषक तत्व अधिक फलों में बंट जाते हैं, नतीजतन फल-सब्जियों में पोषक तत्व कम होते हैं। उच्च पैदावार के कारण होने वाली मृदा की क्षति भी इस समस्या का एक कारण है। गेहूं, मक्का, चावल, सोयाबीन, आलू, केला, रतालू और सन सभी फसलों की जड़ें कवक के साथ साझेदारी करती हैं जिससे पौधों द्वारा मिट्टी से पोषक तत्व और पानी लेने की क्षमता बढ़ती है। उच्च पैदावार वाली खेती से मिट्टी खराब हो जाती है जिससे कुछ हद तक कवक और पौधों की साझेदारी प्रभावित होती है। कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन



पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा जो ऊर्जा और पोषण के लिए मुख्यतरू चावल-गेहूं जैसे अना. जों पर निर्भर हैं और पोषण के अन्य स्रोतों का खर्च वहन नहीं कर सकते। यह तो सुनने में आता रहता है कि अब सब्जियों या फलों में वो स्वाद नहीं रहा। देखा गया है कि कई सारे पोषक तत्व फल-सब्जियों और अनाज के स्वाद में इजाफा करते हैं। इनकी कमी फल-सब्जियों के स्वाद को भी प्रभावित करेंगे। बुरी खबर यह है कि कई अनुमान मॉडलों का कहना है कि आगे भी आलू, चावल, गेहूं और जौं के प्रोटीन में 6 से 14 प्रतिशत की कमी आ सकती है। नतीजतन भारत समेत 18 देशों के आहार से 5 प्रतिशत प्रोटीन घट जाएगा, तो इस समस्या से कैसे निपटा जाए?

मिट्टी में सुधार के लिए एक तरीका है संपोषी खेती। पीअरजे:- लाइफ एंड एनवायरनमेंट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन बताता है कि संपोषी खेती से फसलों में कुछ विटामिन, खनिज और पादप-रसायनों का स्तर बढ़ता है, मिट्टी का जैविक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इसके लिए पहला कदम यह है कि जितना संभव हो सके मिट्टी को खाली छोड़ दिया जाए और जुताई कम कर दी जाए। मिट्टी को ढंकने वाली तिपतिया घास, राई घास, या वेच लगाकर मिट्टी का कटाव और खरपतवार की वृद्धि रोकी जा सकती है। और खेत में बदल-बदल कर फसलें लगाने से पोषक तत्व में फायदा हो सकता है, लेकिन जब तक पैदावार में पोषण बहाल नहीं होता तब तक क्या करें? पहले तो इस खबर से घबराकर लोग फल-सब्जियां खाना छोड़ या कम कर पोषण पूरकों का रुख न करें। बल्कि इससे वाकिफ रहें कि उनका भोजन कैसे उगाया जा रहा है। हम क्या खा रहे हैं यह पता होना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण यह जानना भी है कि हम जो खा रहे हैं वह कैसे उगाया जा रहा है। और पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति के लिए अलग-अलग तरह और रंग की फल-सब्जियां आहार में शामिल करें। पृथ्वी पर मौजूदा सबसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य फल, सब्जियां और अनाज ही हैं।

कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा।



प्रयागराज। एक ठंडी और धुंध भरी सुबह में अपने सिर पर सामान ढोते लोग।

## इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट के आरोपी दो स्वीडिश नागरिकों को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमश: 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। यह जानकारी डेनिश मीडिया से प्राप्त हुई। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवकों ने एक पूर्व-नियोजित साजिश के अंतर्गत अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

# रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, अमेरिका से खरीदारी बढ़ाएगा

## भारत के अमेरिका के साथ हुए नए समझौते का हवाला देते हुए व्हाइट हाउस ने किया दावा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नए समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिब(ता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति (ट्रम्प) ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की। उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है। लेविट ने कहा, ष्भारत ने न सिर्फ रूसी तेल नहीं खरी. दने का वादा किया है, बल्कि अमेरिका से भी तेल खरीदने का वादा किया है, और शायद वेनेजुएला से भी। इसका सीधा फायदा अमेरिका और अमेरिकी लोगों को होगा। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अमे.



■ मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है

रिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। लेविट ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिसमें परिवहन, ऊर्जा और कृषि उत्पादों जैसे सेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति की वजह से एक और शानदार व्यापारिक समझौता है। उन्होंने अमेरिकी विनिर्माण को मजबूत करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए ट्रम्प की टैरिफ नीति और व्यापार रणनीति को श्रेय दिया। प्रशासन की आयात नीति का बचाव करते हुए, लेविट ने कहा कि इससे पहले ही ठोस आर्थिक फायदे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की आयात शुल्क नीति काम कर रही है और उनका आर्थिक एजेंडा काम कर रहा है।

## ट्रम्प से बैठक के बाद कोलंबिया के रूख में आई नरमी, संबंधों में सुधार के संकेत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली अपनी पहली आमने-सामने की बैठक को 'मैत्रीपूर्ण' और 'सकारात्मक' बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रम्प ने पेट्रो को 'बीमार' और 'नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला' व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की और अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनकी 'द आर्ट ऑफ द डील' पुस्तक पर 'यू आर ग्रेट' (आप महान हैं) लिखकर उन्हें समर्पित की। कोलंबियाई दूतावास में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पेट्रो ने बताया कि वार्ता में मुख्य रूप से तीन बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें वेनेजुएला और ऊर्जा, नशीली दवाओं के खिलाफ जंग और इक्वाडोर के साथ व्यापार विवाद की बातें शामिल हैं।

# अमेरिका ने ईरानी ड्रोन को मार गिराया

## अरब सागर में अमेरिकी वॉरशिप के पास पहुंचा था ड्रोन, ईरान 1000 ड्रोन्स तैयार करने का कर चुका दावा

**दुबई।** अमेरिका ने अरब सागर में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। ईरान का शाहेद-139 ड्रोन अमेरिकी नौसेना के 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) के पास पहुंच गया था। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयान के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने आत्मरक्षा में एफ-35सी फाइटर जेट से ईरानी ड्रोन को मार गिराया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसे ईरान की तरफ से एक 'आक्रामक' व्यवहार बताया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ड्रोन किस मकसद से तैनात किया गया था। अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली। इसके चलते फोर्स का इस्तेमाल किया गया। इस घटना पर ईरान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, अमेरिका से तनाव के चलते ईरान ने 30 जनवरी को कहा था कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और वार्ताओं को फिर से शुरू करने के प्रयास जारी हैं। दोनों देशों के बीच शुक्रवार को तुर्की में महत्वपूर्ण बैठक होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ, उनके दामाद और सलाहकार जेरेड कुशनेर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस बैठक में शामिल होंगे। साथ ही तुर्की, कतर और मिस्र के वरिष्ठ अधिकारियों के भी मौजूद रहने की संभावना है। कुछ सूत्रों के मुताबिक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था। ऐसा न करने पर उन्होंने चेतावनी दी थी कि ईरान पर अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। ट्रम्प के मुताबिक, अमे. रिकी जहाजों का एक बड़ा बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है और अगर समझौता नहीं हुआ तो बुरे हालात हो सकते हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। पिछले महीने ईरान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोगों की मौत हुई थी। ट्रम्प ने तब भी हस्तक्षेप की धमकी दी थी। वे ईरान में शासन परिवर्तन की बात भी कर चुके हैं। ईरान के नेता धमकियों के बीच बातचीत से इनकार कर रहे थे। हालांकि, अब वे बात करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। इधर, ईरानी अधिकारी कह रहे हैं कि उनका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ ऊर्जा के लिए है, हथियारों के लिए नहीं। वे अमेरिका की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार हैं। ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान ने 30 जनवरी को दावा किया उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। ईरान की सेना ने दावा किया है अगर अमेरिका हमला करता है तो उसके ड्रोन और मिसाइलों को नेटवर्क इन हमलों को नाकाम कर सकता है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा था कि पिछले साल जून में अमेरिका और इजरायल के साथ हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद सेना ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।



■ अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली

### अमेरिका-ईरान के बीच ड्रोन हमले की घटना से वार्ता की संभावना धूमिल

काहिरा। ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक 'निरीक्षण मिशन' पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने माना कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया है जिसके कारणों की जांच की रही है। फार्स समाचार एजेंसी ने अज्ञात सूत्रों का हवाले से कहा कि ड्रोन ने ईरान से सटे क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियों की सफलतापूर्वक निगरानी की और वास्तविक समय में जमीनी ठिकानों को डेटा भेजा। रिपोर्ट में ऐसे अभियानों को क्षेत्र की समग्र निगरानी के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। कमान ने कहा कि ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिकन की ओर 'अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी' की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था।

## जापान बांग्लादेश के बीच रक्षा उपकरण व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर समझौता

**मास्को।** जापान और बंगलादेश ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तीन फरवरी को बंगलादेश के ढाका में, जापान की राजदूत सैदा शिनिची और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एस एम कामरुल हसन ने जापान सरकार और बंगलादेश सरकार के बीच रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता तीन फरवरी से प्रभावी हो गया। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हस्तांतरित किए जाने वाले रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के प्रबंधन के लिए एक कानूनी संरचना स्थापित करता है जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं को लागू करना है, जिनमें वे परियोजनाएं भी शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में योगदान करती हैं। बयान में यह भी कहा गया कि यह समझौता रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के तीसरे पक्षों को हस्तांतरण या उनके दुरुपयोग पर उचित नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

## इंडिगो बंद करेगी कोपनहेगन की उड़ान लंदन मांर्ग पर कटौती की घोषणा

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने परिचालन संबंधी सीमाओं और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कोप. नहेगन की उड़ान बंद करने और लंदन तथा मैनचेस्टर के लिए उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह उन मार्गों पर उड़ानों में कटौती करेगी जिन पर वाइडबॉडी विमान बोइंग 787-9 का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उसने बोइंग 787-9 विमान नोर्स अटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। संभावना है कि कंपनी इनमें से कुछ विमान वापस भी लौटा सकती है। डैम्प लीज के तहत विमान के साथ कुछ क्रू सदस्यों की आपूर्ति विमान देने वाली कंपनी करती है जबकि कुछ क्रू विमान पट्टे पर लेने वाली कंपनी के होते हैं।इंडिगो ने बताया कि वह 17 फरवरी के डेनमार्क के कोप. नहेगन की उड़ानें बंद कर रही है। इसके अलावा 07 फरवरी से दिल्ली से ब्रिटेन के मैनचेस्टर के लिए उड़ानों की संख्या पांच से घटाकर चार करेगी। इसे 19 फरवरी से चार से घटाकर तीन किया जाएगा। मुबंई से मैनचेस्टर के लिए जाने वाली सप्ताह में चार उड़ानों में कोई कटौती नहीं की गई है। उसने बताया कि 09 फरवरी से दिल्ली से लंदन हीथ्रो के लिए जाने वाली उड़ानों की संख्या सप्ताह में पांच से घटाकर चार की जाएगी। एयरलाइंस का कहना है कि अन्य उड़ानों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए यह कटौती जरूरी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उसके वाइडबॉडी परिचालन को हाल में बाहरी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। साथ ही भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हवाई क्षेत्रों संबंधी प्रतिबंध और भारत तथा विदेशों में हवाई अड्डों पर स्लॉट की समस्या के कारण वह ए उड़ानें रद्द कर रही है। इंडिगो ने लंबी दूरी के रूट पर परिचालन शुरू करने के लिए पिछले साल मार्च में अपने बेड़े में वाइडबॉडी विमानों को शामिल किया था। उसकी योजना फिलहाल चुनिदा मार्गों पर लंबी दूरी की सेवा शुरू करने की थी। कंपनी ने फ्रांस की कंपनी एयरबस को ए350-900 विमानों के ऑर्डर दिए हैं जिनकी डिलिवरी साल 2028 में शुरू हो जाएगी। उसके बाद कंपनी लंबी दूरी के मार्गों पर नेटवर्क का विस्तार करेगी।

# समंदर में 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चा

■ मां और भाई-बहन की जान बचाई, तूफान में बोट पलटने से 14 किमी दूर बहा परिवार

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे आस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे।

जोआन एपलबे अपने बच्चों आस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी। हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे आस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है। आस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उस वक्त परिवार को लगा कि किनारा ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे आस्टिन आगे बढ़ता गया, मां और बाकी बच्चे और दूर समुद्र में बहते चले गए। कुछ ही देर में वे आस्टिन को देख भी नहीं पा रहे थे। अंधेरा हो गया और लहरें तेज होती चली गईं। मां और बच्चे लाइफ जैकेट पहने पैडलबोर्ड को पकड़कर किसी तरह खुद को संभाले हुए थे। जोआन को लगने लगा कि शायद आस्टिन समय पर नहीं पहुंच पाएगा। उधर आस्टिन लगातार तैरता रहा और करीब 4 किमी बाद किसी तरह किनारे पहुंचा। उसने बताया कि तैरते समय वह सिर्फ अपनी मां और भाई-बहन के बारे में सोच रहा था। किनारे पर पहुंचने के बाद वह 2 किमी दौड़कर फोन तक पहुंचा और शाम करीब 6 बजे इमरजेंसी सर्विस को काल किया। फोन करने के बाद वह थकान से बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। उस समय उसे नहीं पता था कि उसकी मां और भाई-बहन जिंदा हैं या नहीं। समुद्र में मां और बच्चे अंधेरे, ठंड और ऊंची लहरों के बीच फंसे हुए थे। जोआन ने बताया कि उन्हें लगने लगा था कि आस्टिन शायद नहीं बचा और अब कोई मदद नहीं आने वाली है। काफी देर बाद बचाव दल ने परिवार को समुद्र में करीब 14 किलोमीटर दूर ढूंढ लिया। उस समय एक बड़ी लहर में बच्चे पानी में गिर गए थे।

# लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

## घर में घुसकर गोली मारी, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लीबियाई जिंटान शहर में उनके घर पर चार हमलावरों ने हमला किया और उन्हें मार डाला। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी के वकील खालिद अल-जैदी और राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला ओथमान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी मौत की जानकारी दी। हालांकि शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई।

सैफ अल-इस्लाम की मौत को लेकर उनकी बहन ने अलग ही दावा किया है। बीबीसी ने लीबियाई टीवी के हवाले से बताया कि सैफ अल-इस्लाम की मौत लीबिया-अल्जीरिया सीमा के पास हुई। सैफ अल-इस्लाम की उम्र 53 साल थी। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को कभी अपने पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी (बाएं) ने 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को लंबे समय तक अपने पिता मुअम्मर गद्दाफी का राजनीतिक उत्तराधिक. ारी माना जाता रहा। उनका जन्म 25 जून 1972 को त्रिपोली में हुआ। गद्दाफी परिवार लीबिया में दशकों तक सत्ता में रहा और सैफ अल-इस्लाम उसी ताकतवर परिवार का सबसे पढ़ा-लिखा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना-पहचाना चेहरा थे। उन्होंने लीबिया के बाहर भी पढ़ाई की और लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स से शिक्षा ली। 2000 के दशक में वे खुद को एक सुधारवादी नेता के रूप में पेश करते थे। वे पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने, अर्थव्यवस्था और कुछ हद तक राजनीतिक बदलाव की बातें करते थे। इसी वजह से कई विदेशी नेता और मीडिया उन्हें गद्दाफी शासन का नरम और आधुनिक चेहरा मानने लगे थे। सैफ ने कभी कोई आधिकारिक पद नहीं संभाला, लेकिन वे लीबिया में अपने पिता के बाद सबसे ताकतवर व्यक्ति थे। 2000 के दशक में उन्होंने लीबिया के पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में बड़ी भूमिका निभाई। सैफ अल-इस्लाम के पिता मुअम्मर गद्दाफी को 2011 में हुए विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था और उनकी हत्या कर दी गई थी। 2011 में अरब स्प्रिंग (तानाशाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन) के दौरान लीबिया में विद्रोह हुआ, जो गद्दाफी शासन के खिलाफ था। सैफ अल-इस्लाम ने अपने पिता का साथ दिया और विद्रोहियों को कुचलने की कोशिश की। वे टीवी पर आए और लोगों को चेतावनी दी कि विरोध करने वालों को सजा मिलेगी। सैफ अल-इस्लाम विद्रोहियों को 'चूहे' कहकर बुलाते थे और कहते थे कि सरकार आखिरी गोली तक लड़ेगी। उन्होंने कहा था कि हम लीबिया में लड़ेंगे, यहीं मरेंगे। क्रांति के दौरान उनके पिता मारे गए और सैफ अल-इस्लाम भागने की कोशिश में पकड़े गए।



■ शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई

# जिनपिंग ने हटाए अपने 23 भरोसेमंद जनरल

## जनरलों में से कई लापता, एक्सपर्ट बोलेः चीनी राष्ट्रपति जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं

**बीजिंग।** चीन की सेना में बीते तीन सालों में ऐसा बदलाव हुआ है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। 2023 की शुरुआत में चीन के पास कम से कम 30 जनरल और एडमिरल थे, जो अलग-अलग खास विभागों और थिएटर कमांड की कमान संभाल रहे थे।

इनमें से लगभग सभी को या तो बाहर कर दिया गया है या वे अचानक गायब हो गए हैं। जांच में केवल 7 ऐसे जनरल मिले हैं जो अब भी एक्टिव नजर आते हैं। कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से दिखना ही बंद हो गए हैं। आधु. निक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई। इन सफाइयों की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी सेना के शीर्ष स्तर पर नेतृत्व का बड़ा खालीपन पैदा हो गया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के एक्सपर्ट्स का मानना है कि शी जिनपिंग जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं। ये वे कमांडर थे जो 2023 में शी जिनपिंग के अधीन सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में कार्यरत थे। इस मंच पर मौजूद एक अधिकारी झांग शेंगमिन (बाएं से पहले) को छोड़कर बाकी सभी को पद से हटा दिया गया है। 2016 में शी जिनपिंग ने चीन की पूरी सैन्य व्यवस्था बदल दी। पहले चीन की सेना 7 मिलिट्री रीजन में बंटी थी। शी जिनपिंग ने इसे खत्म करके देश को 5 थिएटर कमांड में बांटा, ताकि अलग-अलग मोर्चो पर तेजी से फैसला लिया जा सके। सेना, नौसेना, वायुसेना और मिसाइल फोर्स मिलकर काम करें और जंग स्थिति में 'एक कमांड, एक जिम्मेदारी' तय हो। इसमें से साउदर्न थिएटर कमांड, वेस्टर्न थिएटर कमांड और नार्दर्न थिएटर कमांड में सबसे ज्यादा अफसर हटाए गए हैं। सेंट्रल थिएटर कमांड बस एक मिलिट्री रीजन है जहां पर कम अधिकारी निकाले गए हैं। ये सभी थिएटर कमांड सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के आदेश पर काम करने वाली मिलिट्री यूनिट्स हैं। ये सेना, नौसेना, वायुसेना, मिसा. इल फोर्स को मिलाकर आपरेशन चलाती हैं। इसमें से 6 में से 5 जनरल अब हटाए जा चुके हैं। जिसने राष्ट्रपति बनने में मदद की उसे ही निकाला साल 2022 में सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में इन छह जनरलों को शी जिनपिंग ने खुद नियुक्त किया था।



■ आधुनिक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई

## यूनान में तटरक्षक पोत से टकराई प्रवासियों की नाव, 15 की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 प्रवासियों के शव पानी में मिले, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर